राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा






स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254



@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 18 सितम्बर 2025
वर्ष 06, अंक 341, पृष्ट 12,मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित



लखनऊ नगर निगम- सफाई व्यवस्था में भारी असमानता, 22 वार्ड केवल 2 निरीक्षकों के भरोसे...03

वन विभाग का एक और कारनामा.....12


# सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र चुनाव आयोग को लगाई फटकार

## ● स्थानीय निकाय चुनाव 31 जनवरी, 2026 तक कराने का दिया आदेश



**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में 2022 से रुके हुए स्थानीय निकाय चुनाव पर नाराजगी जताते हुए निर्देशों का पालन नहीं करने पर महाराष्ट्र सरकार और राज्य आयोग को कड़ी फटकार लगाई है। साथ ही कोर्ट ने आदेश दिया है कि स्थानीय निकाय चुनाव 31 जनवरी 2026 तक हर हाल में कराए जाएं। साथ ही कोर्ट ने कहा कि चुनाव की तारीख आगे बढ़ाने की अनुमति नहीं दी जाएगी और इसके लिए तय समयसीमा के भीतर सभी प्रक्रियाएं पूरी की जाएं। पीठ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा लंबित स्थानीय निकाय चुनावों को समय पर संपन्न कराने के उसके आदेश का पालन करने में विफल रहने से नाखुश थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, "जिला परिषदों, पंचायत समितियों और सभी नगर पालिकाओं सहित सभी स्थानीय निकायों के चुनाव 31 जनवरी, 2026 तक करा लिए जाएं। राज्य और राज्य निर्वाचन आयोग को और समय नहीं दिया जाएगा। अगर किसी अन्य रसद सहायता की आवश्यकता हो, तो 31 अक्टूबर, 2025 से पहले तुरंत अर्जी दायर की जा सकती है। उसके बाद किसी भी प्रार्थना पर विचार नहीं किया जाएगा।"

पीठ को सूचित किया गया कि नगरपालिकाओं का परिसीमन कार्य प्रगति पर है और राज्य निर्वाचन आयोग ने बोर्ड परीक्षाओं के कारण स्कूल परिसरों की अनुपलब्धता के अलावा अपर्याप्त ईवीएम सहित अन्य आधारों पर समय-सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया है। पीठ ने कहा, ÷हम इस बात पर गौर करने के लिए बाध्य हैं कि राज्य निर्वाचन आयोग निर्धारित समय-सीमा में न्यायालय के निर्देशों का पालन करने के लिए त्वरित कार्रवाई करने में विफल रहा। हालांकि, एकमुश्त रियायत के रूप में हम निम्नलिखित निर्देश जारी करना उचित समझते हैं।"

न्यायालय ने कहा, "लंबित परिसीमन 31 अक्टूबर, 2025 तक पूरा किया जाए। इसके बाद कोई और समय- सीमा नहीं दी जाएगी। परिसीमन प्रक्रिया चुनाव स्थगित करने का आधार नहीं होगी।" पीठ ने निर्देश दिया, "महाराष्ट्र के मुख्य सचिव, आवश्यकतानुसार चुनाव अधिकारियों और अन्य सहायक कर्मचारियों के कर्तव्यों का पालन करने के लिए आवश्यक कर्मचारियों को तुरंत तैनात करें।" पीठ ने राज्य निर्वाचन आयोग से चुनाव के लिए आवश्यक कर्मचारियों का विवरण दो सप्ताह के भीतर मुख्य सचिव को प्रस्तुत करने को भी कहा।

पीठ ने कहा कि अगर आवश्यक हो तो मुख्य सचिव अन्य विभागों के सचिवों के परामर्श से निर्वाचन आयोग द्वारा अनुरोध किए जाने के चार सप्ताह के भीतर आवश्यक कर्मचारी उपलब्ध कराएंगे। पीठ ने आदेश दिया, "आवश्यक ईवीएम की अनुपलब्धता के संबंध में, हम राज्य निर्वाचन आयोग को आवश्यक व्यवस्था करने और 30 नवंबर, 2025 तक ईवीएम की उपलब्धता के संबंध में अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देते हैं।"

पीठ, महाराष्ट्र में लंबित निकाय चुनावों से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। अदालत ने मई 2024 में एक अंतरिम आदेश जारी कर चार महीने यानी सितंबर तक चुनाव संपन्न कराने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि राज्य निर्वाचन आयोग निर्धारित दो सप्ताह के भीतर चुनावों की अधिसूचना जारी करने में विफल रहा और त्योहारों से लेकर कर्मचारियों की कमी तक के बहाने बताते हुए पूरी प्रक्रिया को दोबारा कर रहा है। न्यायमूर्ति कांत ने राज्य के अधिकारियों को पहले दी गई समय-सीमा की याद दिलाते हुए कहा, "क्या चुनाव हो चुके हैं? आदेश मई में पारित किया गया था, चुनाव चार महीने में होने थे।" इस पर महाराष्ट्र सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग के वकील ने कहा कि परिसीमन प्रक्रिया जारी है और उन्होंने समय-सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया। पीठ ने कहा, "सरकार की निष्क्रियता और देरी उसकी अक्षमता को दर्शाती है। ये मुद्दे आपको तब भी पता थे जब हमने पहला आदेश पारित किया था।"

राज्य निर्वाचन आयोग के वकील ने स्वीकार किया कि वर्तमान में 65,000 ईवीएम उपलब्ध हैं, जबकि 50,000 ईवीएम की अभी भी आवश्यकता है और उनका ऑर्डर दे दिया गया है।महाराष्ट्र सरकार की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि राज्य में पहली बार एक साथ 29 नगर निगमों के चुनाव कराए जाने हैं। इतने बड़े स्तर पर चुनाव आयोजित करने के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट इस दलील से संतुष्ट नहीं हुआ और 26 जनवरी 2026 तक हर हाल में चुनाव कराने का आदेश दिया।

**ये बहाने प्रशासनिक ढिलाई को दर्शाते हैं...**

अदालत ने राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से दिए गए अन्य कारणों, जैसे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की अनुपलब्धता, बोर्ड परीक्षाओं के दौरान स्कूल परिसर की कमी और कर्मचारियों की कमी को खारिज कर दिया और कहा कि ये बहाने प्रशासनिक ढिलाई को दर्शाते हैं।

पीठ ने टिप्पणी की, "हम यह देखने के लिए बाध्य हैं कि राज्य निर्वाचन आयोग निर्धारित समय-सीमा में इस न्यायालय के निर्देशों का पालन करने के लिए त्वरित कार्रवाई करने में विफल रहा है।"

पीठ ने कहा कि चूंकि बोर्ड परीक्षाएं मार्च 2026 में ही निर्धारित हैं, इसलिए वे जनवरी तक खत्म होने वाले चुनावों में देरी को उचित नहीं ठहरा सकते।

# सुप्रीम कोर्ट ने ट्रिब्यूनलों में सुविधाओं की कमी पर जताई नाराजगी, केंद्र सरकार को लगाई कड़ी फटकार




**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार (16 सितंबर) को कई रिटायर हाईकोर्ट जजों द्वारा रिटायरमेंट के बाद ट्रिब्यूनल के सदस्य के रूप में नियुक्ति स्वीकार करने में अनिच्छा व्यक्त करने की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की। न्यायालय ने कहा कि रिटायर जजों की यह अनिच्छा ट्रिब्यूनल में उचित सुविधाओं के अभाव के कारण है, जो केंद्र सरकार की गलती है। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस आर. महादेवन की खंडपीठ राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) के न्यायिक सदस्यों के रूप में नियुक्तियों को अस्वीकार करने वाले रिटायर जजों के मुद्दे पर विचार कर रही थी।

पीठ NGT बार एसोसिएशन पश्चिमी क्षेत्र द्वारा दायर रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें रिक्तियों का मुद्दा उठाया गया था। केंद्र सरकार ने दलील दी कि जिन दो पूर्व जजों को नियुक्ति की पेशकश की गई, उन्होंने कार्यभार ग्रहण नहीं किया। इसलिए नियुक्ति प्रक्रिया नए सिरे से शुरू करनी होगी, जिसमें समय लगेगा। खंडपीठ ने नियुक्तियों को अस्वीकार करने में रिटायर जजों के आचरण को अस्वीकार कर दिया।

जस्टिस नागरत्ना ने कहा, "यह हाईकोर्ट के रिटायर जजों की ओर से भी सही नहीं है। वे इधर-उधर नहीं जाना चाहते।" हालांकि, जज ने आगे कहा कि उचित सुविधाओं का अभाव उन्हें पद स्वीकार करने से रोक रहा है।

एडिशनल सॉलिसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी को संबोधित करते हुए जस्टिस नागरत्ना ने कहा- "मैं आपको बता दूं कि मिस्टरASG, इसका एक कारण यह है कि उन्हें तब इसकी वास्तविकता का पता चलता है कि ट्रिब्यूनल का सदस्य होना क्या होता है। उनमें से कुछ, अगर वे अध्यक्ष हैं, तो वे हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस या सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज रह चुके हैं। उन्हें कोई भी सुविधा प्रदान नहीं की जाती। स्टेशनरी के लिए भी उन्हें अनुरोध करना पड़ता है। आप ट्रिब्यूनल के साथ कैसा व्यवहार कर रहे हैं? दोष आपका (संघ का) है। आपने ट्रिब्यूनल बनाए हैं। संसद ने अधिनियम पारित किए हैं। न्यायिक प्रभाव का ध्यान नहीं रखा जाता। कोई खर्च नहीं दिया जाता। उन्हें भीख मांगते रहना पड़ता है- हमें स्टेशनरी दो, हमें आवास दो, हमें यह दो, हमें कार दो। आपके विभाग की सबसे जर्जर कार ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष को दे दी जाती है। आप पूर्व चीफ जस्टिस और जजों के साथ कैसा व्यवहार कर रहे हैं? इसलिए उनके पास इसे स्वीकार न करने का एक कारण है, क्योंकि वास्तविकता उन्हें बहुत सी बातें याद आती हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि अगर सरकार ट्रिब्यूनल के सदस्यों को बुनियादी सुविधाएं नहीं दे सकती, तो इन सभी ट्रिब्यूनल को खत्म कर दिया जाए और उनके मामलों की सुनवाई हाई कोर्ट में कराई । पीठ ने कहा कि हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त जज पोस्ट-रिटायरमेंट ट्रिब्यूनल में नियुक्ति लेने से हिचकिचा रहे हैं क्योंकि उन्हें बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिलतीं।

इस दौरान बेंच ने कहा, 'ये जज या तो हाई कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस होते हैं या सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज। उन्हें स्टेशनरी तक के लिए बार-बार अनुरोध करना पड़ता है। यहां तक कि जो कार उन्हें दी जाती है, वह विभाग की सबसे खराब होती है। आप इन पूर्व चीफ जस्टिस और जजों के साथ ऐसा व्यवहार क्यों कर रहे हैं? जब सुविधाएं ही नहीं दे सकते तो ऐसे ट्रिब्यूनल बनाने का क्या फायदा?'

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि, 'कृपया उन पूर्व चीफ जस्टिस और हाई कोर्ट के जजों को गरिमा के साथ व्यवहार दें, जो आपके प्रस्तावित पद स्वीकार करते हैं। एक समिति बनाई जाए जिसमें अलग-अलग मंत्रालय, खासकर कार्मिक विभाग शामिल हों, ताकि कमियों और खामियों को दूर किया जा सके। सभी ट्रिब्यूनल में सुविधाएं और ढांचा एक समान होना चाहिए।'

जस्टिस नागरत्ना ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल से कहा, "अगर आप न्यायाधिकरणीकरण चाहते हैं तो इसे नकारात्मक तरीके से न करें। उन्हें हमारी बातों से अवगत कराएं।" यद्यपि याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया कि नए सदस्यों की नियुक्ति होने तक मौजूदा सदस्यों को उनकी रिटायरमेंट के बाद भी पद पर बने रहने दिया जाए। हालांकि, अदालत ने इसे अस्वीकार कर दिया। अदालत ने कहा कि उसे उम्मीद है कि रिक्तियों को "यथाशीघ्र" भरा जाएगा। अदालत ने यह भी कहा कि चयन समिति ने रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसलिए मामले की सुनवाई 16 दिसंबर, 2025 तक स्थगित कर दी। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी ने अदालत को भरोसा दिलाया कि वह यह संदेश केंद्र तक पहुंचाएंगे। मामला एनजीटी बार एसोसिएशन वेस्टर्न जोन की याचिका से जुड़ा है, जिसमें ट्रिब्यूनल में खाली पदों का मुद्दा उठाया गया था।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक घायल

**सिद्धार्थनगर।** जिले के उसका बाजार थानाक्षेत्र के रानीगंज के पास रेलवे ट्रैक पर बुधवार की दोपहर ट्रेन से चोटिल होकर युवक हुआ गंभीर रूप से घायल जिसकी पहचान गुलाब 30 वर्ष पुत्र भवनाथ ग्राम भरथापुर नेपाल का निवासी है। बताया जाता है कि युवक नौखनिया गांव में अपनी बहन के वहा आया था। रानीगंज रेलवे क्रासिंग से रेलवे ट्रैक पर जा रहा था। इसी बीच गोरखपुर से गोंडा जा रही ट्रेन आ गई। इसी के चपेट में आने से दाहिना पैर में गंभीर चोट आई है। घायल युवक को उसका पुलिस एंबुलेंस से सी एच सी उसका पर ले गई। वहा प्राथमिक उपचार के बाद जिला मुख्यालय मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

### भाजपा कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने बर्डपुर में चलाया स्वच्छता अभियान



**सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ के अंतर्गत बर्डपुर मण्डल में स्वच्छता कार्यक्रम के तहत दुर्गा माता मंदिर परिक्षेत्र चैनपुर में भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारियों ने मंदिर परिसर एवं योग मुद्रा स्थल के आस पास साफ सफाई का कार्य करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया ।इस दौरान मण्डल अध्यक्ष अमित उपाध्याय मंडल प्रभारी अरविंद उपाध्याय निवर्तमान मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय, पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष सबलू साहनी, व्यापार प्रकोष्ठ के फूलचंद जयसवाल, स्वच्छता प्रमुख विवेक गोस्वामी, सेवा पखवाड़ा सहसंयोजक राजकुमार चौधरी, जयप्रकाश जयसवाल, शक्ति केंद्र संयोजक आशीष मिश्रा, गंगाराम सभासद, दिलीप कनोजिया, कैलाश जयसवाल, विजय मिश्रा, विनय राव आदि उपस्थित रहे।

# आठ साल बाद भी प्लाट पर नहीं मिला कब्जा, सेवानिवृत्त सैनिक के साथ धोखाधड़ी मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मोहनलालगंज। लखनऊ,** मोहनलालगंज में सेवानिवृत्त सैनिक के साथ आवासीय प्लाट दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी और दोहरी रजिस्ट्री का मामला सामने आया है। पीजीआई थाना क्षेत्र के डिफेंस कॉलोनी, तेलीबाग निवासी सूबेदार सेवानिवृत्त पुष्पराज सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते वर्ष 2017 में एच.के. इन्फ्राविजन प्रा.लि. कंपनी के निदेशक विनोद उपाध्याय और प्रमोद उपाध्याय पर भरोसा कर कान्हा उपवन वैली योजना, मौरावां रोड में प्लाट खरीदा था।कंपनी ने योजना को आई एस ओ एलडीए और रेरा से स्वीकृत बताते हुए उन्हें बीते 28 सितम्बर 2017 को मोहनलालगंज उपनिबंधक कार्यालय में बैनामा कराया। इसके एवज में चौदह लाख पचासी हजार रुपए की धन राशि चेक से कंपनी खाते में जमा की गई। लेकिन आठ साल बीत जाने के बाद भी कब्जा नहीं दिया गया।पीड़ित का आरोप है कि कब्जा मांगने पर कंपनी संचालक टालमटोल करने लगे और बाद में धमकाने लगे। हाल ही में जानकारी हुई कि उसी प्लाट की रजिस्ट्री कानपुर निवासी उपेन्द्र कुमार के नाम भी एक दिन पहले ही हो चुकी है। इस तरह दोहरी रजिस्ट्री का खुलासा हुआ। पीड़ित रिटायर्ड सूबेदार पुष्पराज का कहना है कि कंपनी ने ग्रामसभा की जमीन को फर्जी कागजातों के जरिए दाखिल-खारिज कराकर प्लाट बेचा है। इसी तरह करीब सौ से अधिक सैनिक परिवारों से करोड़ों की ठगी की गई है।पीड़ित ने मांग की है कि कंपनी निदेशक विनोद उपाध्याय, प्रमोद उपाध्याय और उनके सहयोगी ओंकारनाथ पांडेय पर धोखाधड़ी, दोहरी रजिस्ट्री और संगठित अपराध की धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई की जाए। वही मोहनलालगंज कोतवाली प्रभारी दिलेश कुमार सिंह ने बताया पीड़ित रिटायर्ड सूबेदार द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# पत्रकार पर तीसरी एफआईआर! कलम से क्यों डर रही सरकार?

## ● गोरखपुर में 19 वर्षीय दीपक गुप्ता की मौत पर रिपोर्टिंग का मुद्दा

## ● हजरतगंज थाने में दर्ज केस, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

विपिन शुक्ला




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पत्रकारिता और सत्ता के टकराव ने एक बार फिर सुर्खियां बटोरी हैं। हजरतगंज थाने में वरिष्ठ पत्रकार अभिषेक उपाध्याय के खिलाफ तीसरी एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि उन्होंने गोरखपुर में पशु तस्करों के हाथों मारे गए 19 वर्षीय युवक दीपक गुप्ता की मौत से जुड़े मामले में भड़काऊ रिपोर्टिंग की।

पत्रकार का कहना है कि उन्होंने केवल वही तथ्य रिपोर्ट किए जो मृतक के परिजनों ने मीडिया कैमरों के सामने रखे थे। इसके बावजूद उन पर दंगा भड़काने जैसी गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर दिया गया।

**पत्रकार ने इस कार्रवाई को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला बताते हुए तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा-**

"कलम की धार से इतना डर लगता है योगी जी? अगर लड़ाई लड़नी है तो सामने से लड़िए, अनाम शिकायतकर्ताओं के सहारे नहीं।" उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नजर में सत्ता से जुड़े और प्रभावशाली लोग तो बचा लिए जाते हैं, गोरखपुर वाले कांड में कई अखबारों की कटिंग शेयर करते हुए वरिष्ठ पत्रकार ने दिखाया कि यही ख़बर उन्होंने भी चलाया है लेकिन हर बार की तरह उन्हें ही सिर्फ़ निशाना बनाया गया। सरकार का ये क़दम स्वस्थ पत्रकारिता का गला घोंटने जैसा है। सच्चाई दिखाने वाले पत्रकारों को लगातार निशाना बनाना ठीक नहीं है।

**पत्रकार ने तीखे शब्दों में कहा-**

» "एफआईआर से डर मुझे नहीं, उन लोगों को होना चाहिए जो घोटालों, भ्रष्टाचार और सत्ता संरक्षण में शामिल हैं। मेरी रिपोर्टिंग से परेशान होकर ही मुझे टारगेट किया जा रहा है।"

इससे पहले भी हजरतगंज थाने में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को "ईश्वर" बताया गया था। इस पर पत्रकार ने सवाल उठाया-

» **"क्या ईश्वर इतना कमजोर होता है कि वो छाया और अनाम लोगों के सहारे वार करे?"**

पत्रकार ने व्यंग्य करते हुए कहा कि यदि सरकार को उनके खिलाफ कार्रवाई करनी ही है तो अगली एफआईआर सीधे मुख्यमंत्री के नाम से दर्ज कराई जाए। उन्होंने कटाक्ष करते हुए सुझाव दिया कि अगली एफआईआर मानहानि की मेरे ऊपर दर्ज़ कराइए क्योंकि मुख्यमंत्री से श्रेष्ठ मैंने ईश्वर को बता दिया है।

पत्रकार के खिलाफ दर्ज होती लगातार एफआईआर ने न सिर्फ पत्रकार संगठनों बल्कि बुद्धिजीवियों और राजनीतिक हलकों में भी हलचल मचा दी है। प्रेस की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति के अधिकार पर इसका असर गंभीर माना जा रहा है। लखनऊ से उठी यह नई जंग केवल एक पत्रकार और सरकार के बीच का टकराव नहीं है, बल्कि लोकतंत्र में पत्रकारिता की स्वतंत्रता बनाम सत्ता की ताक़त का अहम सवाल भी खड़ा कर रही है।

# डियूटी से लगातार गायब रहने के मामले में DCPM एवं CMO की भूमिका संदिग्ध

## ● सी एच ओ अभिषेक कुमार स्वास्थ्य विभाग पर पड़ रहा भारी एवं स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की खोल रहा पोलष्ठष्टक्करूएवं ष्टरूह्र के कड़े निर्देश के बाद भी सी एच ओ अभिषेक कुमार उप स्वास्थ्य केन्द्र पर सैनिया चिलमा पर नही कर रहा डियूटी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुबौलिया के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र/आयुष्मान आरोग्य मंदिर सैनिया चिलमा पर तैनात सी एच ओ अभिषेक कुमार व ANM लगातार ड्यूटी से गायब चलने का मामला धीरे- धीरे तूल पकड़ रहा है। सूत्रों की माने तो सी एच ओ अभिषेक कुमार ने MOIC एवं BCPM को प्रतिमाह सुविधा शुल्क देकर लगातार डियूटी से गायब रहता है। सी एच ओ अभिषेक कुमार के डियूटी से गायब रहने के कारण ए एन एम भी घर पर आराम फरमाती रहती है जिससे उप स्वास्थ्य केंद्र सैनिया चिलमा क्षेत्र के आसपास के ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। सूत्रों की माने तो सी एच ओ अभिषेक कुमार व ए एन एम स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से सांठगाठ करके ड्यूटी से गायब रहते हैं और फर्जी हस्ताक्षर के सहारे प्रतिमाह घर बैठे मानदेय लेते हैं। सी एच ओ अभिषेक कुमार व ए एन एम के मनमानी ड्यूटी की पोल मीडिया टीम खोल चुकी है लेकिन स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जांच एवं कार्रवाई के नाम पर लीपापोती करके मामले को रफा-दफा कर देते हैं। ड्यूटी से गायब सी एच ओ अभिषेक कुमार व ए एन एम के खिलाफ विभागीय कार्रवाई न होने से सी एच ओ व ए एन एम का मनोबल बढ़ रहा है और स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है।




जब उप स्वास्थ्य केंद्र/आयुष्मान आरोग्य मंदिर सैनिया चिलमा का संचालन प्रतिदिन नहीं होता है तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिली सरकारी दवाइयां कहां गायब हो जाती हैं जो जांच का विषय बना हुआ है यदि प्रतिमाह प्राप्त सरकारी दवाइयों की स्टॉक व वितरण रजिस्टर की निष्पक्ष जांच की जाए तो ड्यूटी से गायब सी एच ओ अभिषेक कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार की परत खुल सकती है। सी एच ओ एवं ह्रस्वास्थ्य विभाग पर भारी पड़ रहा है । सी एम ओ एवं DCPM के कड़े निर्देश के बाद भी सी एच ओ एवं ह्रके डियूटी से गायब रहने का सिलसिला जारी है । सी एम ओ एवं DCPM के लिए सी एच ओ एवं ए एन एम के खिलाफ डियूटी से गायब रहने के मामले में कार्यवाही करना चुनौती बना हुआ है। इस संबंध में फोन के माध्यम से ड्यूटी से गायब सी एच ओ अभिषेक कुमार से जानकारी लेना चाहा तो सी एच ओ अभिषेक कुमार का फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर निकला। उक्त प्रकरण में DCPM दुर्गेश मल्ल ने कहा कि कई बार सी एच ओ अभिषेक कुमार की ड्यूटी से गायब रहने की शिकायत मिली है और कई बार सम्मानित समाचार पत्रों में सी एच ओ अभिषेक कुमार के खिलाफ ड्यूटी से गायब रहने के बारे में खबर भी प्रकाशित हो चुकी है जिसको संज्ञान में लेकर कई बार चेतावनी जारी भी दी जा चुकी है लेकिन डियूटी से गायब सी एच ओ अभिषेक कुमार अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहा है ऐसे ही शिकायत लगतार मिलती रही तो जल्द ही जांच कर सेवा समाप्ति की कार्यवाही जा सकती है।

# क्राइम ब्रांच ने पटाखों के अवैध भण्डारण का किया भंडाफोड़, 225 किलोग्राम जब्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

स्वतंत्र सिंह भुल्लर

**नई दिल्ली।** त्योहारों के मौसम से पहले पटाखों के अवैध भंडारण के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में, दिल्ली पुलिस की दक्षिणी रेंज, अपराध शाखा की टीम ने बदरपुर इलाके से 225 किलोग्राम पटाखे बरामद किए और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। यह बरामदगी बदरपुर के मोलडदबंद स्थित एक इमारत की छत पर बने कमरे से की गई। क्राइम ब्रांच के उपायुक्त आदित्य गौतम ने बताया कि पटाखों के अवैध भंडारण और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दक्षिणी रेंज, अपराध शाखा की एक विशेष टीम का गठन किया गया था। बीते मंगलवार को बदरपुर के मोलडबंद इलाके में पटाखों के अवैध भंडारण के बारे में विशेष खुफिया जानकारी मिली थी। टीम ने तुरंत जानकारी हासिल की और संदिग्ध परिसर पर कड़ी निगरानी रखी।




सूचना की पुष्टि के बाद, मोलड़बंद स्थित इमारत की छत पर स्थित कमरे में एक सुनियोजित छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान, लगभग 225 किलोग्राम वजन के पटाखों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया। मौके पर, बदरपुर निवासी धर्मवीर सिंह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। कड़ी पूछताछ करने पर, उसने खुलासा किया कि उसने आगामी त्योहारी सीजन में पटाखे बेचने के इरादे से दो दिन पहले हरियाणा के पलवल से यह खेप खरीदी थी। वह भंडारण या बिक्री के लिए कोई वैध लाइसेंस या प्राधिकरण प्रस्तुत करने में विफल रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### कच्ची दीवाल गिरने से 3 वर्षीय मासूम की दबकर हुई मौत



**शुकुल बाजार अमेठी।** विकासखंड शुकुल बाजार के अंतर्गत ग्राम सभा इन्दरिय के ग्राम इन्दरिया में कच्ची दीवाल गिरने से 3 वर्षीय मासूम की दबकर मौत हो गई। बताते चलें जगजीवन विश्वकर्मा का लगभग 3 वर्षीय पुत्र दिव्यांश कच्ची दीवार के ढहने से उसकी चपेट में आ गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है मौके पर राजस्व कर्मी व ग्रामीण पहुंचे परिजनों को समझाया बुझाया और ढाढस बंधाया।

### नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा 50 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



**शुकुल बाजार अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व "नशा मुक्त अमेठी अभियान" के अन्तर्गत क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अब्दुल रहमान पुत्र महमूद निवासी नेवाज मदारगढ़ थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 27 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 50 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### सपा नेता अमित ने सड़क पर किया धान की रोपाई



**सड़क पर जमे पानी के निकासी की मांग**

**जिले में सपा नेता अमित ने सड़क पर किया धान की रोपाई**

**बस्ती।** बस्ती जिले में बुधवार को समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय सदस्य एवं छात्र नेता अमित गोंड के नेतृत्व में पार्टी नेताओं, स्थानीय नागरिकों ने महसो चौराहे के निकट जलभराव से भरी सड़क पर धान की रोपाई किया। मांग किया कि इस महत्वपूर्ण सड़क पर जल निकासी का समुचित प्रबन्ध कराया जाय। सड़क पर बरसात का पानी भर जाने से आवागमन में असुविधा हो रही है। सड़क पर धान की रोपाई के बाद छात्र नेता अमित गोंड़ ने कहा कि बस्ती से महुली कस्बे को जोड़ने वाली सड़क अनेक स्थानों पर जर्जर है और बरसात में आये दिन पानी भर जाने के कारण सड़क दुर्घटनायें होती रहती है। महसो चौराहे के निकट सड़क पर पानी भर जाने से व्यापारियों, स्कूल आने जाने वाले छात्रों को काफी असुविधा हो रही है। मांग किया कि तत्काल प्रभाव से सड़क से जल निकासी का प्रबन्ध कराया जाय। सड़क पर धान की रोपाई में छात्र नेता अमित गोंड़ के साथ मुख्य रूप से विकास, गोपाल, अजय, राजकुमार मोदनवाल, रिंकू, नीरज, दुर्गेश, विशाल, इन्द्रजीत, अभिषेक आदि शामिल रहे।

### धूमधाम से मनाया गया प्रधानमंत्री का जन्म दिवस

**बलरामपुर-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कपिल देव द्वारा पीएचसी मथुरा में ÷स्वस्थ नारी सशक्त परिवार"÷ अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान सेवा पखवाड़ा के तहत समाज के वंचित वर्गों तक पहुंचने और उनकी स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जांच मातृ एवं शिशु देखभाल गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच बच्चों का टीकाकरण महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष ध्यान केंद्रित करना था, जिससे समाज में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार हो सके। इस अवसर पर राघव राम पांडे प्रधान सागर स्टाफ नर्स जयप्रकाश म रंजन सरोज आंगनबाड़ी सुनीता वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# सशक्त भारत, समृद्ध भारत के निर्माता कर्मयोगी प्रधान सेवक पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर हुए विविध कार्यक्रम

**●जिला उपाध्यक्ष के अगुवाई में चलाया गया स्वच्छता अभियान, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीज को वितरित किए गए फल**

**क्षय रोगियों को बांटा गया पोषण किट सुना गया पीएम का लाइव उद्बोधन**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**अमेठी।** दुनिया के सबसे प्रभावशाली नेता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर पूरे देश सहित अमेठी जनपद में विभिन्न कार्यक्रम मनाए जाएंगे। बताते चले समृद्ध भारत, सशक्त भारत के निर्माता, अंतोदय के नए शिल्पकार, कर्मयोगी, प्रधान सेवक देश ही नहीं अपितु दुनिया में भारत का मान बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75 वां जन्मदिन पूरे देश ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वैश्विक कद बीते एक दशक में जिस तरह से बढा है उसने उन्हें न सिर्फ भारत के भीतर बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी एक प्रभावशाली वैश्विक नेता के रूप में स्थापित किया है, चाहे अमेरिका के राष्ट्रपति हो, फ्रांस के राष्ट्रपति हो, रूस के राष्ट्रपति हो या फिर जापान और ऑस्ट्रेलिया व इंग्लैंड के प्रधानमंत्री की बात करें लगभग सभी विश्व नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की है। मोदी की विदेश नीति वैश्विक मंचों पर भारत की सशक्त उपस्थिति और सामरिक संतुलन बनाए रखने की उनकी रणनीति ने दुनिया को यह संदेश दिया है कि भारत अब सिर्फ उभरती हुई शक्ति नहीं बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन का एक अहम स्तंभ बन चुका है।चाहे बात जनधन योजना की हो, स्वच्छ भारत अभियान की हो, आयुष्मान भारत योजना की हो, डिजिटल इंडिया की हो, उज्ज्वला योजना की हो, मेक इन इंडिया की हो, तीन तलाक पर प्रतिबंध की बात हो, कोविड-19 वैक्सीन का मुक्त टीकाकरण हो, कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना हो, या फिर पाकिस्तान की सीमा में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक करना है हर जगह पर मोदी सरकार ने अभूतपूर्व कार्य किए हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर, सोमनाथ






मंदिर जीर्णोद्धार मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर का विस्तार, द्वारका में द्वारकाधीश मंदिर का पुनर्निर्माण, उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर के आसपास के क्षेत्र का विकास या फिर 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो धार्मिक क्षेत्र में मोदी सरकार ने अभूतपूर्व कार्य किए हैं। यह बदलाव धार्मिक सहिष्णुता और एकता को बढ़ावा देते हैं, यह बदलाव भारत की संस्कृति विरासत को संरक्षित करने में मदद करते हैं यह बदलाव भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देते हैं।नेतृत्वहीनता के दौर से गुजर रही दुनिया में मोदी के नेतृत्व ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग छाप छोड़ी है। हाल ही में जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने टैरिफ बढ़कर भारत के लिए मुसीबत खड़ी की तो मोदी की रणनीति ने अमेरिकी राष्ट्रपति को घुटनों पर ला दिया और अमेरिकी राष्ट्रपति ने टैरिफ घटते हुए स्वयं भारत से रिश्ते मजबूत करने की बात करते हुए व्यापार करने की इच्छा जताई जिसका मोदी सरकार ने स्वागत किया। मोदी के नेतृत्व में देश नवनिर्माण के पथ पर अग्रसर है, आज भारत एक मजबूत सशक्त समृद्धि राष्ट्र बन रहा है, देश का स्वर्णिम काल चल रहा है। देश में युवाओं को रोजगार मिल रहा है, गरीबी खत्म हो रही है, महिलाओं को उनका अधिकार और सम्मान मिल रहा है, गरीबों को आवास, निशुल्क राशन, किसानों को सम्मान निधि के तौर पर प्रतिवर्ष 6 हजार मिल रहा हैं, किसने की उन्नति के लिए अनेकानेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, विकास का बुनियादी ढांचा मजबूत हुआ है, सड़क परिवहन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं जैसी सड़के आज भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाई दे रही हैं ऐसी सड़के कभी अमेरिका और इंग्लैंड में दिखाई देती थी, पूरी दुनिया आशा भरी नजरों से भारत की तरफ देख रहा है, पूरी दुनिया भारत में निवेश कर रही है, रोजगार के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं, उद्यमियों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं, मोदी के रूप में राष्ट्र को एक विकास पुरुष मिला जिसने सशक्त और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण किया। वैश्विक मंच पर विश्व पटल पर भारत की अलग पहचान बनाई और आज भारत विश्व गुरु के पथ पर अग्रसर है, तथा विश्व का नेतृत्व कर रहा है ऐसे महान नेता के जन्मदिन पर पूरा राष्ट्र राष्ट्र के सवा सौ करोड़ से अधिक लोग उनके दीर्घायु होने के लिए हवन पूजन करते हुए स्वच्छता अभियान चलाते हुए अनेक कार्यक्रम कर रहे हैं। जिसको भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रही। अमेठी के जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, जिला प्रवक्ता चंद्रमौली सिंह , जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विशुभ मिश्रा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आशा बाजपेई, पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, पूर्व जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव, जिला उपाध्यक्ष उपमा सरोज सहित अन्य नेताओं ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर हवन पूजन करते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। वही शुकुल बाजार महावीरन धाम पर जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला की अगुवाई में सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार पहुंचकर क्षय रोगियों को पोषण किट का वितरण किया, भर्ती मरीजों का हाल-चाल जाना तथा उन्हें फल का वितरण किया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाइव उद्बोधन कार्यक्रम को सुना। इस दौरान उद्योगपति एवं भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित राम उंजेरे शुक्ला, मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर सुधीर वर्मा, सीडीपीओ धर्मेंद्र गौतम, बीसीपीएम उदय राज यादव, अशोक शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष जसकरन सिंह, मंडल अध्यक्ष शंकर बक्श सिंह, भाजपा नेता संतोष शुक्ला, सहित अस्पताल स्टाफ एवं सैकड़ो की संख्या में आम जनमानस मौजूद रहा।

## प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने जिला चिकित्सालय से स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का किया शुभारंभ

**●भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का फीता काटकर किया उद्घाटन**

**8वें राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा निकाली गई रैली को दिखाई हरी झंडी**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**अमेठी।** जिला अस्पताल गौरीगंज में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ राज्य मंत्री खाद एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश/जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। इससे पूर्व प्रभारी मंत्री ने अस्पताल परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, तदोपरांत भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का फीता काटकर उद्घाटन किया। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मध्य प्रदेश के धार से किया गया। जिसका सजीव प्रसारण जिला अस्पताल में किया गया जिसे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व लाभार्थियों ने देखा एवं सुना। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं और किशोरियों को स्वस्थ रखने के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर उनकी



विभिन्न स्वास्थ्य जांचों के साथ ही उन्हें दवाइयां व परामर्श आदि दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री को उनके जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया है यह हम सबके लिए बहुत ही बड़े सौभाग्य का विषय है, भारत के अंदर नारी को सर्वाधिक प्राथमिकता देने का कार्य हमारी सरकार द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि जब नारी स्वस्थ रहेगी तभी परिवार सशक्त होगा। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम की शुरुआत की है इस अभियान के तहत हम सभी परिवारों के घरों तक पहुंचेंगे इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं/बालिकाओं की विभिन्न स्वास्थ्य जांच कराई जाएगी स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों के घरों तक पहुंच कर लोगों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज स्वास्थ्य सेवाएं पहले से बेहतर हुई हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई हैं जिनका लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है, स्वास्थ्य सुविधाओं में अब काफी सुधार हुआ है जिससे गरीब लोगों को इलाज में सुविधा मिल रही है। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं को जिला प्रशासन द्वारा पूरी प्रतिबद्धता के साथ धरातल पर पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में बहुत सुधार हुआ है प्रधानमंत्री द्वारा आज स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया है एक परिवार को सबसे अच्छा स्वास्थ्य महिलाएं देती हैं अमेठी में लगभग 80% ग्रामीण परिवेश में लोग रहते हैं ऐसी स्थिति में जब महिलाएं स्वस्थ होगी तो निश्चित ही आगे बढ़ेंगी और अपने परिवार को मजबूती प्रदान करेंगी। कार्यक्रम में सदस्य विधान परिषद शैलेंद्र प्रताप सिंह व जिलाध्यक्ष भाजपा सुधांशु शुक्ला ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से उनका हाल-चाल लिया तथा उन्हें फल वितरित किए। उसके बाद प्रभारी मंत्री ने 17 सितंबर से 16 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होने वाले 8वें राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा निकाली गई रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बीपी अग्रवाल, पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मिश्र, मीडिया प्रभारी भाजपा चंद्रमौली सिंह सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, लाभार्थी व जन सामान्य उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने प्रदर्शनी का फीता काटकर किया उद्घाटन

**●17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक जन सामान्य प्रदर्शनी का करें अवलोकन**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**अमेठी।** सेवा पर्व के अवसर पर सूचना विभाग अमेठी द्वारा जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज के प्रांगण में प्रधानमंत्री भारत सरकार के व्यक्तित्व, कृतित्व व न्यू इंडिया @ 2047 एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियां से संबंधित 15 दिवसीय प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी का शुभारंभ राज्य मंत्री खाद एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश/जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने फीता काटकर किया। इसके पश्चात प्रभारी मंत्री ने अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और कृतित्व व न्यू इंडिया @ 2047 की परिकल्पना तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में क्रियान्वित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियां को भव्य चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रधानमंत्री के विजन और सरकार की उपलब्धियां को जनमानस तक पहुंचाने के लिए इसे सराहनीय पहल बताया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने समस्त जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग यहां आकर शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हासिल करने के साथ ही विकसित उत्तर प्रदेश @ 2047 अभियान के तहत अपने सुझाव भी दे सकते हैं। जिला सूचना अधिकारी शिवदर्शन यादव ने बताया कि यह प्रदर्शनी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होगी, प्रदर्शनी प्रतिदिन आमजन के लिए खुली रहेगी, जहां नागरिक विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे एवं विकसित उत्तर प्रदेश विजन डॉक्यूमेंट हेतु अपने सुझाव भी दे सकेंगे। इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद शैलेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जिलाधिकारी संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा सुधांशु शुक्ला, पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मिश्र, ब्लॉक प्रमुख गौरीगंज उमेश प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित, मीडिया प्रभारी भाजपा चंद्रमौली सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी सहित अन्य संबंधित अधिकारी, जनप्रतिनिधि व जन सामान्य उपस्थित रहे।

## अपने फर्ज से गद्दारी करने वाले बेलगाम सफाई कर्मचारियों पर विभाग के जिम्मेदार मेहरबान क्यों ?

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** जिले केबनकटीब्लाक के गाँवों में पंचायती राज विभाग द्वारा तैनात किये गये सफाई कर्मचारियों पर शासन प्रशासन का कोई नियन्त्रण नहीं है। जो पर्याप्त वेतन का उपभोग कर अपने फर्ज से गद्दारी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। फिर भी जिम्मेदार अधिकारी इन कामचोर बेलगाम सफाई कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की बजाय उन पर विशेष मेहरबान हैं। ताजा मामला ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत आमकोइल का है। ग्राम पंचायत में दो गांव आमकोइल के अलावा ठुकठुइया संलग्न है। जिसमें सफाई कर्मी के रूप में क्रमशः सियाराम और नीलम की तैनाती हुई है।



लेकिन नीलम के स्थान पर उनका देवर धीरज नीलम की हाजिरी लगाकर तैनाती स्थल से गायब हो जाता है।जब कि विभागीय को छोड़कर गांव के लोग उनके इस षड्यन्त्र को नहीं जानते हैं। इतना ही नहीं नीलम पिछले पांच वर्ष से और सियाराम पिछले दस वर्षों से एक ही स्थान पर विभागीय मेहरबानों की मेहरबानी से नियम विरुद्ध तैनात हैं।जो कर्मचारी नियमों के विपरीत है। आश्चर्यजनक तो यह है कि दोनों असली और नकली कर्मचारी हाजिरी लगाने के बाद कभी दिखाई नहीं पड़ते। जिससे गांवों की सफाई व्यवस्था का सहज ही अन्दाजा लगाया जा सकता है। लगता है कि दोनों ने विभागीय आकाओं को पटा लिया है। कामोवेश यही स्थित समूचे ब्लाक क्षेत्र की है। आरोप तो यह भी है व्यवस्था को मुंह चिढ़ाते हुए अनेकों सफाई कर्मचारी नियुक्त होने के बाद से ए.डी.ओ.पंचायत कार्यालय के सलाहकार/सिपहसालार/व प्रबन्धन का कार्य करते हुये आज तक नियम विरुद्ध तैनात हैं। जो निन्दनीय है। आरोपों के मामले में जब ए डी ओ पंचायत आशुतोष पटेल से विभाग का पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने काल रिसीव नहीं किया।

## नाम बदला हालात नहीं, महाराजापुरम (पूर्व यतीमखाना) की गलियां बदहाली की शिकार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलरामपुर।** नगर पालिका परिषद के आदर्श नगर बनाने के दावों की पोल उस समय खुल जाती है जब कोई महाराजापुरम मोहल्ला (पूर्व यतीमखाना) की गलियों में पहुँचता है। मोहल्ले का नाम बदलकर महाराजापुरम रखे जाने के पीछे उम्मीद थी कि शायद अब गलियों और नालियों का हाल सुधरेगा। मगर हालात इसके उलट हैं न सिर्फ सड़कें और नालियां जर्जर हालत में हैं, बल्कि मोहल्ले की स्थिति पहले से भी अधिक दयनीय हो गई है। यही तीन गलियां इमरजेंसी मार्ग के रूप में जानी जाती हैं, जिनमें से एक रास्ते पर तो खुद नगर पालिका परिषद का दफ्तर भी स्थित है। मगर परिषद की सुविधा केवल कूड़ा उठाने तक सीमित है, नालियां मलबे से पटी हुई हैं और सड़कें खुदाई के बाद गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं।

सबसे बदतर स्थिति अंधयारी बाग



महराजापुरम (यतीमखाना) डॉ मलिक मार्ग



महराजापुरम (यतीमखाना) सराय फाटक मार्ग



अंधयारी कब्रिस्तान मोड़ मार्ग

कब्रिस्तान मार्ग की है, जहाँ चलना कांटों पर चलने जैसा लगता है। यह वही रास्ता है जहाँ से जनाजे गुजरते हैं। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि इसी मार्ग से हिन्दू समाज का शमशान मार्ग भी जुड़ा है, यानी समस्या किसी एक समुदाय तक सीमित नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हमने इसकी शिकायत कई बार नगर पालिका कार्यालय में की है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मोहल्ला सिर्फ कब्रिस्तान तक सीमित नहीं है, बल्कि यहाँ कई स्कूल और कोचिंग सेंटर भी हैं। रोज़ाना सैकड़ों बच्चे इन टूटी-फूटी गलियों से होकर गुजरते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि यह नज़ारा उनके दिमाग़ पर कैसा असर डालता होगा? क्या बदहाली ही उनके जीवन का हिस्सा बन जाएगी? स्थानीय लोग नगर पालिका और जिला प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि इस मसले को गंभीरता से लिया जाए और जल्द से जल्द सुधार कार्य शुरू कराया जाए, ताकि "स्वस्थ मोहल्ला और स्वस्थ समाज" की परिकल्पना सच हो सके।

## उप जिलाधिकारी तुलसीपुर ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलरामपुर।** विकासखंड तुलसीपुर के ग्राम रामगढ़ मैटहवा में बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने उप जिलाधिकारी तुलसीपुर पहुँचे। इस दौरान उन्होंने गाँव के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया और बाढ़ से प्रभावित परिवारों की समस्याओं को सुना। गाँव के कई घरों में पानी घुस जाने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खेतों में लगी फसलें भी जलमग्न हो चुकी हैं, जिससे किसानों को भारी



नुकसान की आशंका जताई जा रही है। उप जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराने और प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन लगातार बाढ़ की स्थिति पर नजर बनाए हुए है और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाने की व्यवस्था की जा रही है। वहीं स्वास्थ्य विभाग को भी सतर्क रहने और मेडिकल टीम को गाँवों में तैनात करने के आदेश दिए गए। ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएँ बताते हुए बताया कि पशुओं के चारे और पीने के पानी की व्यवस्था सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। इस पर उप जिलाधिकारी ने शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

## कोयलाबास बने गेटवे ऑफ नेपाल तो बढ़े व्यापार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलरामपुर।** नेपाल में अंतरिम सरकार के गठन से सीमावर्ती बाजारों में उल्लास है। तीन दिनों से बाजार में नेपाली नागरिकों की आमद से रौनक है। बालापुर बाजार की मिठाई और बरदौलिया बाजार के चावल की महक नेपाल में पहुंच रही है। अब व्यापारिक मैत्री संबंधों को उड़ान देने के लिए कोयलाबास को गेटवे ऑफ नेपाल बनाने की उम्मीदों को पंख लग रहे हैं। व्यापारी लगातार नेपाली व्यापारिक संगठनों से चर्चा भी कर रहे हैं। अभी नेपाल से मैत्री संबंध स्थानीय बाजारों तक ही सीमित है, अब इसके विस्तार की उम्मीद बढ़ी है। नेपाल में हिंसा के दौरान जिले के मणिपुर, बरदौलिया और बालापुर बाजार में सन्नाटा रहा। स्थिति सामान्य होने के बाद बाजारों में रौनक लौटी। बरदौलिया बाजार के सैंग कुमार गुप्त ने बताया कि अब काफी उम्मीद है। नेपाल में रह रहे अपने दामाद राजेश कसौधन से बात की। वहां के हालात भी बेहतर हो गए हैं। इसी तरह नेपाल के भालूबांग में काम कर रहे नवानगर के



परमिंदर के चेहरे पर भी मुस्कान बिखरी है। वह कहते हैं कि व्यापारी रिश्ते मजबूत हों तो दोनों देशों के नगारिकों को रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इसके लिए जरूरी है कि कोयलाबास पर भंसार की सुविधा मिले। गैसड़ी के व्यापारी अश्वनी गुप्त ने बताया कि नेपाल में स्थिति बेहतर होने से राहत मिली है। उन्होंने अपनी ससुराल नेपाल के बहादुरगंज में बातचीत की। वहां बेहतर माहौल है। जरवा के श्याम किशोर कहते हैं कि कोयलाबास सीमा पर व्यापारिक गतिविधियां शुरू होने पर ही क्षेत्र विकसित होगा। अभी तक सीमा क्षेत्र होने के बाद भी यह क्षेत्र उपेक्षित है।

**नेपाल सरकार से सकारात्मक पहल की उम्मीद**

व्यापारी मानते हैं कि अंतरिम सरकार सकारात्मक पहल करेगी। इससे भारत-नेपाल व्यापार को नई दिशा मिलेगी और आम नागरिकों को भी लाभ होगा। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल तुलसीपुर के नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी अग्रहरि, जय सिंह, प्रदीप गुप्ता ने बताया कि वे जल्द ही नेपाल जाकर वहां के व्यापारी वर्ग और शासन से बातचीत करेंगे। व्यापारियों का मानना है कि वर्तमान सरकार के सकारात्मक रुख से सीमावर्ती व्यापार को नई राह मिलेगी और दोनों देशों के संबंध और प्रगाढ़ होंगे। क्षेत्र से सब्जी मसाला, मीट मसाला, रेशम, सूती, खादी के कपड़े, सब्जी नेपाल भेजी जाती है। चावल, गेहूं, दाल का भी कारोबार होता है।

## संक्षिप्त खबरें

### खेत में पानी लगाने के विवाद को लेकर युवक की हुई पिटाई, मिली जान से मारने की धमकी

**नगराम। लखनऊ,** नगराम थाना क्षेत्र के नेवाजखेड़ा मजरा तमोरिया गांव में खेत में पानी लगाने को लेकर विवाद होने पर कुछ लोगों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित युवक की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़ित राजू पुत्र स्व. शीतल निवासी ग्राम नेवाजखेड़ा मजरा तमोरिया ने आरोप लगाया है कि बीते सोमवार की शाम वह खेत में पानी लगाने गया था। इसी दौरान छंगाखेड़ा मजरा देवती निवासी जय राम व अंजनी पुत्रगण रामदीन तथा अरविंद पुत्र अंजनी ने उसे रोक लिया और विवाद करने लगे। आरोप है कि सभी ने मिलकर लाठी-डंडों व लात-घूंसों से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। इस दौरान भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़ित के मुताबिक हमलावरों की पिटाई से उसके पूरे शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। शोर-शराबा होने पर आरोपी मौके से भाग निकले। घटना के बाद पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। वही नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### एसडीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई पीस कमेटी की बैठक

**लालगंज- रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र में आगामी त्योंहारों को लेकर बुलाई गई पीस कमेटी की बैठक दुर्गा पूजा और विजयदशमी को लेकर उपजिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी और क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी ने सभी से कार्यक्रम की अनुमति लेने की अपील करते हुए कहा किसी प्रकार का व्यवधान होने पर फौरन पुलिस को सूचना दे ,लाउडस्पीकर का साउण्ड मानक के अनुरूप रखने,मूर्तियो का भूमि विसर्जन करने,ट्रैक्टर की अपेक्षा लोडर से मूर्ति ले जाने का दिशा निर्देश दिया। मूर्ति ले जाने और विसर्जन वाले वाहनों के ड्राइवर को तेज गति से वाहन न चलाए जाने की बात कही। एसडीएम ने कहा कि किसी भी नई परंपरा को अनुमति नहीं दी जाएगी।क्षेत्राधिकारी गिरिजा शंकर त्रिपाठी ने दुर्गा पूजा पांडाल पर सीसीटीवी,अग्निशमन यंत्र और समुचित लाइट की व्यवस्था करने की बात कही ।वही इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने सभी क्षेत्रवासियो से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की बात कही। लालगंज क्षेत्र में 76 स्थान पर दुर्गा जागरण के कार्यक्रम होते हैं वहीं पांच स्थानों पर विजयदशमी रामलीला महोत्सव के कार्यक्रम होते हैंइस अवसर व्यापारी नेता राहुल भदोरिया, कीर्ति मनोहर शुक्ला, अखिलेश पांडेय, कपिल देव तिवारी, राजन तिवारी, सहित क्राइम इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, सहित क्षेत्र के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

### सपा सुप्रीमो जैसा नेता कोई नहीं- रामलखन यादव



**लहरपुर (सीतापुर)** लहरपुर के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रामलखन यादव ने अपने गांव के बहुत ही गरीब मरोड़वा, लोनियनपुरवा के निवासी परशुराम चौहान की बेटी की शादी 29/09/2025 को होनी है, यह बात परशुराम ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रामलखन यादव से बताई रामलखन यादव ने अपने भतीजे सौरभ यादव, सरोज यादव और आयुष यादव को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पास भेजकर सारी बातों से अवगत कराया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस बात को तत्काल संज्ञान लेते हुए परशुराम चौहान को बेटी की शादी के लिए एक लाख रूपए की धनराशि दी तथा परशुराम की बेटी क्रान्ति चौहान को 11 हजार रुपए दिए, अखिलेश यादव के इस सराहनीय कार्य की चहुओर प्रशंसा हो रही रही है, इस पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रामलखन यादव ने कहा कि हमारे नेता अखिलेश यादव बहुत ही नेक दिल व्यक्ति है वह गरीब, शोषित, पीड़ित, वंचितों की हर सम्भव मदत करने के लिए जाने जाते है अखिलेश यादव के इस सराहनीय कार्य के लिए सपा प्रदेश सचिव एडवोकेट शोभित मिश्र(छोटे जनेश्वर), अशोक यादव, आलोक विश्वकर्मा, पप्पू देवराज, नीलेश रस्तोगी, श्याम शर्मा, राधे वर्मा, प्रशान्त गुप्ता, विजय राजपूत, ओमकार शुक्ला, अर्पित मिश्र, शिवांश पाण्डेय सहित अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

## लखनऊ नगर निगम- सफाई व्यवस्था में भारी असमानता, 22 वार्ड केवल 2 निरीक्षकों के भरोसे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**लखनऊ।** नगर निगम की सफाई व्यवस्था में जोनवार असमान कार्य बंटवारे ने बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। राजधानी के 110 वार्ड और 8 जोन में ज़िम्मेदारियां बांटी तो गई हैं, लेकिन हकीकत यह है कि कहीं 9 वार्ड पर 3 सफाई निरीक्षक तैनात हैं तो कहीं 22 वार्ड की जिम्मेदारी केवल 2 निरीक्षकों के कंधों पर लाद दी गई है। ऐसे में साफ है कि लखनऊ की सफाई व्यवस्था का पूरा तंत्र असंतुलन का शिकार है।

**सबसे खराब हालात जोन 6 में-** सबसे अधिक 22 वार्ड जोन-6 में आते हैं। हैरानी की बात यह है कि यहां कोई ज़ोनल सेनेटरी अधिकारी (ZSO) नहीं है और पूरे 22 वार्ड को संभालने के लिए केवल 2 सफाई निरीक्षक तैनात हैं। यही नहीं, यहां के जोनल अधिकारी को हीं स्ह की जिम्मेदारी भी निभानी पड़ रही है, जबकि उन्हीं के कंधों पर टैक्स वसूली का दारोमदार भी है। नतीजा यह कि न सफाई व्यवस्था ठीक से हो पा रही है और न ही राजस्व वसूली का काम सुचारू ढंग से चल पा रहा है। यह स्थिति साफ दिखाती है कि यहां सफाई व्यवस्था भगवान भरोसे है।

**जोन 8 में भी अराजक स्थिति**

13 वार्ड वाले जोन-8 में भले ही CSFI नईम और 3 सफाई निरीक्षक (वीर भद्र, सुमित, आकांक्षा) मौजूद हैं, लेकिन यहां भी ZSO का पद खाली है। यहां के जोनल अधिकारी को ही सफाई व्यवस्था का काम देखना पड़ रहा है, जबकि उन पर भी टैक्स वसूली का सीधा दबाव रहता है। इससे साफ है कि निगम की कार्यप्रणाली में गंभीर असंतुलन है।

**बाकी जोनों में तैनाती देखें तो चौंक जाएंगे**

जोन-1 (12 वार्ड)- प्रभारी ZSO कुलदीपक के साथ 3 निरीक्षक (सतीश, सुनील, संजीव)।

जोन-2 (11 वार्ड)- ZSO राम सकल यादव के साथ 2 निरीक्षक (सचिन, राजेश)।

जोन-3 (19 वार्ड)- ZSO जितेन्द्र गांधी (CSFI) के साथ 5 निरीक्षक (प्रमोद, सत्येन्द्र, पुष्कर, संचित, विषुद्धानंद त्रिपाठी)।

जोन-4 (10 वार्ड)- ZSO पंकज शुक्ला, CSFI हर्ष शुक्ला सहित 4 निरीक्षक।

जोन-5 (9 वार्ड)- प्रभारी ZSO राजेश और 3 निरीक्षक।

जोन-7 (14 वार्ड)- ZSO देवेंद्र वर्मा और 3 निरीक्षक।

**असमानता पर उठ रहे सवाल**

जब 9 या 10 वार्ड के लिए 3-4 निरीक्षक तैनात हैं, तो 22 वार्ड के लिए केवल 2 निरीक्षक क्यों? यह सवाल सीधे-सीधे नगर आयुक्त की कार्यप्रणाली और प्राथमिकता पर सवाल खड़ा करता है। क्या निगम प्रशासन जिम्मेदारियों का समान वितरण करने में नाकाम है?

**जनता का आरोप- सफाई पर राजनीति हावी**

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम में तैनाती व्यवस्था "वार्ड और जोन की वास्तविक ज़रूरत" के बजाय "पसंद-नापसंद" और "ब्यूरोक्रेटिक राजनीति" के आधार पर की जाती है। यही कारण है कि कुछ ज़ोन में सफाई निरीक्षकों की भरमार है जबकि बड़े जोनों में कर्मचारियों की भारी कमी है। लखनऊ नगर निगम की सफाई व्यवस्था में यह असमानता साफ दर्शाती है कि नगर आयुक्त की टीम ज़िम्मेदारियों का सही बंटवारा करने में नाकाम रही है। सवाल यह है कि क्या अब नगर आयुक्त इस व्यवस्था को संतुलित करेंगे या फिर लखनऊ की सड़कों पर गंदगी का ढेर इसी तरह नगर निगम की लापरवाही की पोल खोलता रहेगा।

साथ ही बगल वाले कमरे में उन्नाव निवासी मोहित,खीरी निवासी अजय,साला मोहित,का चचेरा भाई राजकमल,ममेरा भाई योगेन्द्र, बहराइच निवासी सूरज के रूप में हुई सभी फैक्ट्री में प्राइवेट नौकरी करते हैं, आजाद नगर में किराए पर रहते हैं, पुलिस की जांच में सभी मजदूर निकलें,सेन पश्चिम पारा थाना प्रभारी निरीक्षक केपी सिंह ने बताया कि ग्रामीणों ने मजदूरों को चोर समझकर पकड लिया था, उन्होंने मजदूरों को पूछताछ कर छोड़ दिया है, और ग्रामीणों को अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

### नगर पंचायत ने मनाया पीएम के जन्मदिन पर स्वच्छता पखवाड़ा



**मलिहाबाद।** नगर पंचायत में मनाये जाने वाले पखवाड़े "स्वच्छता ही सेवा" कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वच्छता रैली निकाली गयी। जिसमें निकाय के स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्य, व्यापार मण्डल के सदस्य, अधिवक्ता व स्टेक होल्डर्स आदि ने प्रतिभाग कर साफ-सफाई व कूड़े के पृथक्कीकरण के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस दौरान नगर पंचायत द्वारा प्लाग रन, रैली के माध्यम से सड़कों के किनारे प्लास्टिक के कूड़े को साफ किया गया तथा चिन्हित किये गये सी0टी0यू0 की सफाई करते हुए वृक्षारोपड़ किया। इस अवसर पर निकाय अध्यक्ष असमत आरा खां, निदेशालय से नामित अधिकारी रिचा कालरा, अधिशासी अधिकारी राजकुमार चौधरी, इमरान अंसारी व रानी सभासद, अधिवक्ता फरीद खान, नगर पंचायत लिपिक, अन्य स्टाफ व सफाई कर्मचारी आदि लोग उपस्थित रहे।

## स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साईसेज़ ने बड़े उत्साह से मनाया विश्वकर्मा पूजा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में दिनाक 17 सितम्बर 2025 को स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साईसेज़ लखनऊ में बड़े धूमधाम से विश्वकर्मा जयंती मनाई गयी और अभियंत्रिकी कार्यशाला मे पूजा आयोजित कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्थान के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, शरद सिंह; निदेशक, आशीष भटनागर; महानिदेशक (तकनीकी), प्रो0 भरत राज सिंह; निदेशक-प्रबन्धन, डॉ0 जगदीश सिंह, तथा सह-निदेशक, प्रो0 धर्मेन्द्र सिंह, मुख्यमहाप्रबंधक, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, अधिष्ठाता-छात्रकल्याण, डा. पी.के. सिह, विभागाध्यक्ष, डा. कमलेश सिह,प्रधानाचार्य- डिप्लोमा, अमरजीत सिंह, विभागाध्यक्ष, सुनित कुमार मिश्र पंकज यादव, गौरव ओझा, अनूप सिंह, अतुल तिवारी, राहुल सिह, कुल-सचिव, एस.एन. शुक्ल; कार्यशाला-अधिकारी, अरून सिंह व अन्य शिक्षकगण, कर्मचारीगण व छात्रों आदि ने पूजा में बढ-चढकर भाग लिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओ ने रंगोली व डिसास्टर से सम्बन्धित पोस्टर का भी प्रदर्शन किया और तीन-तीन श्रेष्ठतम रंगोली व पोस्टर पर छात्र-छात्राओ को सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के द्वारा पुरस्कृत किया गया। विश्वकर्मा पूजा में सम्मिलित सम्मस्त शिक्षक, कर्मचारीगणों व छात्रों ने राष्ट्र निर्माण में तकनीकी ज्ञान को बढाने व भारत की संरचना को सुदृढ़ व आत्मनिर्भर बनाने में भागीदारी का संकल्प लिया।

## पत्रकार ने आरटीआई के माध्यम से अफसरों से सच पूछा तो भड़क गए दरोगा जी

**● पीड़ित ने मुख्यमंत्री सहित पुलिस महानिदेशक व प्रमुख सचिव गृह को पत्र भेजकर न्याय की लगाई गुहार**

**आरटीआई से भड़का दरोगा, फर्जी मुकदमे में फंसा कर जेल भेजने की दे डाली धमकी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राहुल तिवारी निवासी रामदासपुर,थाना बन्थरा ने कार्यालय अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी कमिश्नरेट/ जनसूचना अधिकारी, कमिश्नरेट, लखनऊ से जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अर्न्तगत पुलिस कमिश्नर से सूचना मांगी है कि क्या हारौनी चौकी इंचार्ज अर्जुन राजपूत जो साप्ताहिक बाजार में चेकिंग के नाम पर गरीबों का शोषण कर रहे हैं उसके आदेश अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं य ये सिर्फ इनकी मनमानी है। पीड़ित का आरोप है कि उसके द्वारा आरटीआई मांगे जाने के बाद से चौकी इंचार्ज उसे फर्जी मुकदमे में फंसा कर जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं।

पीड़ित की हरौनी बाजार में जनरल मर्चेन्ट की दुकान है। रविवार और बृहस्पिवार को लगने वाली साप्ताहिक बाजार में क्षेत्रीय जनसमूह की अपार भीड़ खरीदारी करने आती है। पीड़ित का आरोप है कि अर्जुन राजपूत चौकी इंचार्ज हरौनी द्वारा अपने हमराह सिपाहियों संग आकर दुकान के सामने खड़े होकर वाहन चेकिंग के नाम पर गरीब मजदूरों सहित क्षेत्रवासियों एवं दुकान पर खरीदारी करने वाले ग्राहकों को चेकिंग के नाम पर नाजायज परेशान किया जाता है। पीड़ित का कहना है कि इससे उसकी दुकानदारी में प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस प्रकरण में जब पीड़ित ने अर्जुन राजपूत से अलग हटकर चेंकिग करने के बारे में कहा तो वह भड़कते हुए कहने लगा कि उच्चाधिकारियों के आदेश पर रुटीन चेकिंग करते है, यह हमारे अधिकार क्षेत्र में है जहा हमारा मन होगा वहीं चेकिंग करेंगें तुम

सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर लखनऊ से प्राप्त जनसूचना के पश्चात अर्जुन राजपूत ने प्रार्थी द्वारा माँगी गयी सूचना से ही क्रोधित एवं आगबबूला होकर धमकी दे रहें हैं कि तुम्हारी दुकानदारी चले या न चले पुलिस कार्य की शिकायत करोगे, तो फर्जी मुकदमा लिखवाकर जेल में राशन बेचने का कार्य करा देगें। जिससे प्रार्थी




चौकी इंचार्ज के क्रुरुरतम व्यवहार से डरा सहमा है। यह कभी भी फर्जी मुकदमा दर्ज कराकर जेल की सींखचों में बन्द करा सकते हैं।

पीड़ित थाना बन्थरा क्षेत्र में विगत वर्षो से एक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में एक पत्रकार की भूमिका में भी है। प्रार्थी क्षेत्र में हो रहे, भू-खनन, चोरी या जनहितपयोगी खबरों को लिखता है जिससे चौकी इंचार्ज हरौनी को आत्मिककष्ट से गुजरना पड़ता है। इसलिए वह पीड़ित के व्यवसाय को बन्द कराने की साजिशन अपनी भड़ास निकालते रहते है। अब धमकी दे रहें है कि पत्रकारिता ही करो या फिर दुकानदार बन कर रहो और स्थानीय पुलिस के बारे में लिखना बन्द करो नहीं तो बुरा अंजाम झेलने के लिए तैयार रहो। पीड़ित ने मुख्यमंत्री सहित पुलिस महानिदेशक व प्रमुख सचिव गृह से चौकी इंचार्ज हरौनी के विरुद्ध जांच कराकर कार्यवाही करने की मांग की है।

## सेवा पखवाड़े के रूप मनाया गया पीएम का जन्मदिन





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद।** प्रधानमंत्री का जन्मदिन सेवा पखवाड़े के रुप में मनाया जा रहा है इसी क्रम में साफ सफाई का संदेश देते हुए विधायक जय देवी ने झाड़ू लगाई और मरीजों को फल वितरण किया इस अवसर पर सभी मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी,विधायक जयदेवी कौशल,ब्लाक प्रमुख निर्मल वर्मा,कार्यक्रम संयोजक राजेश लोधी,प्रमोद पाठक,सौरभ यादव सहित मण्डल के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

बुधवार को सीएचसी अधीक्षक की अध्यक्षता मे आयुष्मान भव कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य पखवाड़े का उद्घाटन विधायक जयदेवी कौशल ने किया। जिसमें विधायक जयदेवी ने बताया कि हमारी सरकार सभी के हित में काम कर रही है मरीजो के बेहतर व निःशुल्क इलाज के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हर तबके के लोग अपना इलाज निशुल्क करा सकते हैं। साथ ही आयुष्मान कार्ड के द्वारा भी गरीब मरीजों को बेहतर उपचार दिलवाया जा रहा है। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता व सीएचसी स्टाफ मौजूद रहा।

## DLF गार्डन में हुआ विश्वकर्मा पूजा का आयोजन



**राजधानी लखनऊ** में मां सरस्वती फिजियोथैरेपी रिहैबिलिटेशन सेंटर SGPGI कल्ली पश्चिम वरदान हॉस्पिटल के सामने रायबरेली रोड के द्वारा निशुल्क हेल्थ चेकअप और फिजियोथैरेपी कैंप 17 सितंबर विश्वकर्मा पूजा के दिन 11:00 से 2:00 तक चलाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सुनील सिंह व आनंद सिंह एवं डॉ0 शिवांश चौरसिया, डॉ0 मुकेश कुमार, डॉ0 गोल्डी वर्मा आदि उपस्थित रहे। चेकअप के दौरान मजदूर संघ एवं अतिथियों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर व्याख्यान माला कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**सीतापुर** आज दिनांक 17 सितंबर 2025 को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, खैराबाद-सीतापुर में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी के जन्म दिवस के अवसर पर एक व्याख्यान माला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डी0एल0एड0 बैच 2023 एवं 2024 के प्रशिक्षुओं द्वारा श्री नरेंद्र मोदी जी के जीवन, उनके कृतित्व एवं राजनीतिक योगदान के बारे में अनन्य बातें बताई गई। माननीय प्रधानमंत्री जी के जीवन दर्शन से प्रेरित होकर ही संस्थान प्रशासन के द्वारा संस्थान के समस्त प्रवक्ताओं व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को 'कर्मयोगी' की उपाधि से सम्मानित किया गया। डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, खैराबाद- सीतापुर के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री जी के सशक्त भारत निर्माण के को स्पष्ट करते हुए उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। विश्व स्तर पर राष्ट्र की एक अद्भुत छवि एवं स्पष्ट व उचित विदेशी नीति के लिए पूरे संस्थान परिवार की ओर से कृतज्ञता प्रकट करते हुए जन्मदिवस की ढेर सारी बधाई दी।

## तीन दिन से लापता अधेड़ की मौत

**● ट्यूबवेल के हौज में मिला शव, बच्चों ने देखा और परिजनों को बताया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदापुर/रायबरेली।** थाना क्षेत्र के मऊ गर्वी गांव में एक अधेड़ की लाश ट्यूबवेल के हौज में मिली है। मृतक की पहचान 45 वर्षीय अनूप सिंह उर्फ पम्मू सिंह के रूप में हुई है। वह पिछले तीन दिनों से घर से लापता थे। सुबह करीब 6 बजे कुछ बच्चे अमरूद तोड़ने खेत में गए थे। वहां उन्होंने पानी की टंकी में एक लाश तैरते हुए देखी। डरे हुए बच्चों ने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। जब यह खबर मृतक के परिजनों तक पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया।

सूचना मिलते ही चंदापुर थाना प्रभारी अरविंद सिंह आओ अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है। परिजनों के अनुसार, मृतक नशे का आदी था। पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है। प्राप्त



जानकारी के मुताबिक विगत तीन दिनों से अनूप सिंह उर्फ पम्मू घर से लापता थे। आज सुबह साधन सहकारी समिति के पीछे छिदवन हार में पूरे अहलादी गांव के रहने वाले वाले परी लोध के ट्यूबवेल के पानी की हौज में शव पानी की सतह पर पड़ा मिला। जबकि यह दो भाई थे 3 साल पहले इनके छोटे भाई शम्मू सिंह की मृत्यु हृदय गति रुक जाने से हो गई थी, तथा इनके पिता स्वर्गीय लाल सिंह एक शिक्षक थे जिनकी भी मृत्यु पूर्व में हो चुकी है, और परिवार की जिम्मेदारी भी अनूप सिंह के ऊपर ही थी। गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर किन परिस्थितियों में अनूप सिंह की मौत हुई है। ग्रामीणों ने चंदापुर पुलिस से मांग की है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाए।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुजौली पर आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर

**● .....150 से अधिक महिलाओं व किशोरियों को मिली स्वास्थ्य सेवाएं।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज। लखनऊ,** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुजौली में बुधवार को "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान" के अंतर्गत एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम सभा खुजौली श्री मनोज कुमार द्वारा किया गया।शिविर में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि भारती एवं एएनएम श्रीमती सुमन ने महिलाओं और किशोरियों को मुख कैंसर, ग्रीवा कैंसर, स्तन कैंसर, एनीमिया एवं मासिक धर्म स्वच्छता के साथ-साथ परिवार नियोजन, योग और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए जागरूक किया। डॉ. भारती ने कहा कि नारी स्वास्थ्य ही परिवार और समाज की मजबूती की नींव है। महिलाएं समय- समय पर जांच अवश्य कराएं और किसी भी लक्षण को नजरअंदाज न करें।शिविर में 150 से अधिक महिलाओं और किशोरियों ने पंजीकरण कराया। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आवश्यक दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गई।इस दौरान फार्मासिस्ट आनंद कुशवाहा, एस.एल.ए. बी.के. सिंह, एन.एम.ए. दिलीप कुमार, शुभम पटेल, अधिकार सिंह एवं



शिवम ने सक्रिय भूमिका निभाई।ग्रामीण महिलाओं ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होने चाहिए, जिससे गांव की महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी और सुविधाएं आसानी से मिल सकें।

## मृतक डीफार्मा छात्र के फोन में आपत्तिजनक फोटो-कॉल रिकॉर्डिंग मिली

**● प्रेम प्रसंग में हत्या का आरोप, पुलिस ने धरना-प्रदर्शन रोका**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज रायबरेली-** कोतवाली क्षेत्र में दो महीने पहले हुई सूरज नामक युवक की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक के परिजनों ने प्रेम प्रसंग के चलते हत्या का आरोप लगाया है। बुधवार, 17 सितंबर 2025 को जब परिजन और ग्रामीण कार्रवाई की मांग को लेकर इकट्ठा हो रहे थे, तो लालगंज पुलिस ने उन्हें डरा-धमकाकर मौके से हटा दिया।यह घटना 11 जुलाई 2025 की है, जब सूरज पुत्र राम बहादुर का शव पूरे जालिम सिंह मठ, कोतवाली लालगंज क्षेत्र स्थित गांव के बाहर एक बाग में चिलबिल के पेड़ से लटका मिला था। सूरज अपनी बुआ के यहां रहकर डॉक्टरी की पढ़ाई कर रहा था।मृतक के पिता राम बहादुर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि बेटे की मौत के कुछ दिनों बाद उसके




फोन में पूरे जालिम सिंह मठ की रहने वाली एक लड़की शिवानी के साथ कुछ आपत्तिजनक तस्वीरें और कॉल रिकॉर्डिंग मिली हैं। इन सबूतों के आधार पर परिवार का आरोप है कि सूरज की हत्या प्रेम प्रसंग के चलते की गई है।राम बहादुर ने यह भी बताया कि पिछले दो महीने से उनकी एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही थी, जिसके कारण वे धरना देने पर मजबूर हुए थे। हालांकि, पुलिस इस मामले को शुरुआत से ही आत्महत्या मानकर चल रही है।पीड़ित पिता ने लालगंज कोतवाली में एक बार फिर लिखित शिकायत दी है। उन्होंने कहा है कि यदि उनके बेटे ने आत्महत्या भी की है, तो यह उसकी प्रेमिका शिवानी और उसके परिजनों के उकसाने पर हुई है। मृतक के पिता ने दोषी लड़की पर कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि धरना-प्रदर्शन नहीं किया परिजनों ने तहरीर दी है मामले में गहनता से जांच-पड़ताल की जा रही उचित कार्रवाई की जायेगी।

## बिसवां लॉयर्स एसोसिएशन अध्यक्ष एवं सचिव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित अपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां (सीतापुर)।** बिसवां लॉयर्स एसोसिएशन ने लहरपुर के अधिवक्ताओं के आंदोलन को समर्थन देते हुए अध्यक्ष कमलेंद्र बाजपेई एवं सचिव सत्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला को सौंपा। विदित हो कि तहसील लहरपुर के राजस्व न्यायालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों की कथित भ्रष्टाचारपूर्ण कार्यशैली से क्षुब्ध अधिवक्ता कई दिनों से न्यायिक कार्य से विरत रहकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। अधिवक्ताओं की मुख्य मांग भ्रष्टाचार पर रोकथाम तथा वर्षों से तैनात कर्मचारियों और अधिकारियों का स्थानांतरण है।

धरना-प्रदर्शन जारी रहने के बावजूद जब प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तब लहरपुर के वकीलों ने जिले की अन्य बार एसोसिएशंस से समर्थन की अपील की। उसी क्रम में आज बिसवां के अधिवक्ताओं ने उनके आंदोलन को समर्थन देते हुए ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर अनिल अवस्थी वीरेन्द्र शुक्ला, रेनू राजपूत इंद्रपाल वर्मा अनिल श्रीवास्तव ओम जी मिश्रा सर्वेश मोहन श्रीवास्तव सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

**सीतापुर** 17 सितंबर आज स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान के प्रथम दिवस पर चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय बख्शी का तालाब, लखनऊ में वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर स्थानीय निकाय की अपर निदेशक श्रीमती ऋतु सुहास , नगर पंचायत अध्यक्ष गनेश रावत, अधिशासी अधिकारी इंद्र भान, ब्रांड एम्बेसडर डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह एवं योगेंद्र शुक्ला सभासद मोहन यादव, दिलीप यादव, विनीत यादव, निकाय से विकास सिंह , जितेंद्र मिश्रा, प्रियांशी रावत, आईटीसी की टीम आदि सभी की उपस्थिति में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया। ब्रांड एंबेसडर डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि यह पहल न केवल स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता का प्रतीक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित और स्वस्थ भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी है तथा निकाय में कर्मचारियों द्वारा की गई हड़ताल को अपर निदेशक श्रीमती ऋतु सुहास की अध्यक्षता में हड़ताल को समाप्त करा दिया गया।

# प्रदेश में अजीबोगरीब घटनाओं से लोग दहशत के साए में

**कानून व्यवस्था को बिगाड़ने की कोई राजनीतिक साजिश तो नहीं ?**

उत्तर प्रदेश इन दिनों अजीबोगरीब दहशत के साए में है। रात्रि का अंधकार अब केवल विश्राम का समय नहीं रहा, बल्कि आमजन के लिए जागरण और चौकसी का दौर बन गया है। गाँव-गाँव, कस्बों और शहरों तक लोग अपने घरों की रखवाली स्वयं करते दिखाई पड़ रहे हैं। कारण है – रात में उड़ते हुए संदिग्ध ड्रोन और चोरी की बढ़ती घटनाएँ, जिन्होंने नागरिकों की नींद हराम कर दी है। सवाल यह है कि आखिर अचानक ऐसी घटनाओं में वृद्धि क्यों हुई? क्या यह केवल आपराधिक गतिविधियों की सामान्य कड़ी है या फिर इसके पीछे कोई गहरी राजनीतिक साज़िश छिपी हुई है? यह प्रश्न केवल जनमानस ही नहीं, बल्कि व्यवस्था की रीढ़ समझे जाने वाले सुरक्षा तंत्र के सामने भी खड़ा है। योगी सरकार ने इस मामले में साफ संकेत दिया है कि राज्य में भय फैलाने, अफवाह उड़ाने या कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश जारी किए हैं कि जो लोग रात में बिना अनुमति ड्रोन उड़ा कर जनमानस में आतंक फैलाने की कोशिश करेंगे, या जिन्हें अफवाह फैलाकर सामाजिक अशांति का मार्ग प्रशस्त करने का आरोप लगेगा, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी – ज़रूरत पड़ने पर गैंगस्टर अधिनियम और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NS) जैसे प्रावधान लागू करने तक के आदेश दिए गए हैं। साथ ही राज्य प्रशासन को ड्रोन गतिविधियों की निगरानी और तत्काल जवाबी कार्रवाई के लिए सशक्त प्रणाली लागू करने का निर्देश भी दिया गया है। राजनीति में रंजिशें नई नहीं हैं। इतिहास साक्षी है कि सत्ता तक पहुँचने के लिए विरोधी अक्सर भय और अव्यवस्था का सहारा लेते रहे हैं। जब जनमानस भयभीत होता है, तब उसकी नाराज़गी सबसे पहले शासन-प्रशासन पर ही निकलती है। ऐसे में यदि यह घटनाक्रम केवल अपराध जगत की करतूत नहीं, बल्कि किसी राजनीतिक खेल का हिस्सा है, तो यह लोकतंत्र के लिए अत्यंत खतरनाक संकेत है। गाँवों में लोग रातभर मशाल, टॉर्च और लाठियाँ लेकर चौकसी कर रहे हैं।

शहरों में मोहल्लों के युवा बारी-बारी से पहरा दे रहे हैं। महिलाएँ और बच्चे भय के वातावरण में जी रहे हैं। यह स्थिति केवल सामाजिक शांति को नहीं तोड़ती, बल्कि शासन-प्रशासन की संवेदनशीलता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। आखिर नागरिकों की सुरक्षा की गारंटी किसकी जिम्मेदारी है? कानून व्यवस्था किसी भी राज्य की धुरी होती है। यदि वह चरमराए, तो विकास के सारे दावे खोखले साबित हो जाते हैं। प्रदेश की जनता सरकार से यही चाहती है कि वह प्रतीकात्मक घोषणाओं से आगे बढ़कर ठोस कदम उठाए – त्वरित जांच, संदिग्ध गतिविधियों पर निरंतर निगरानी, और आवश्यकतानुसार कड़ा दंड। साथ ही यह भी ज़रूरी है कि कार्रवाई पारदर्शी और संवैधानिक दायरे में रहकर हो, ताकि मूल अधिकारों का हनन न हो और किसी निर्दोष पर राजनीतिक बदला लेने का आरोप न बने। आज आवश्यकता है कि सरकार, पुलिस और खुफिया एजेंसियाँ मिलकर इन घटनाओं की तह तक जाएँ। साथ ही समाज को भी जागरूक रहना होगा – पर डर के वातावरण में जीने के लिए नहीं, बल्कि अपने हक और सुरक्षा की माँग के लिए। स्थानीय प्रशासनों को चाहिए कि वे गांव-शहर के नागरिकों के साथ संवाद बढ़ाएँ, सचेत रहने के तरीकों की जानकारी दें और किसी भी अफवाह को रूट पर पकड़े – सोशल मीडिया और वॉट्सऐप चैनलों पर फैलने वाली जानकारी की सत्यता तुरंत जाँची जाए। रात का अंधकार यदि भय का पर्याय बन जाए, तो यह किसी भी सभ्य समाज के लिए शुभ संकेत नहीं। उत्तर प्रदेश के लोग शांति, विश्वास और सुरक्षा चाहते हैं।

यह जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं, बल्कि राजनीति करने वालों की भी है कि वे जनता के जीवन से खिलवाड़ न करें। आज जनता की आवाज़ यही है – "ड्रोन का साया हो या चोरी की साजिश, उत्तर प्रदेश के आकाश में भय नहीं, विश्वास का सूरज उगना चाहिए।"

**बृजभूषण तिवारी**

# राष्ट्रों के सामरिक विवादों से भविष्य में आर्थिक परेशानियां

**शांति प्रयासों की असफलता।**

आज पूरा वैश्विक परिदृश्य और पृथ्वी परमाणु युद्ध के ज्वालामुखी पर बैठी हुई है ।युद्धों की परिणति से विश्व में आर्थिक विषमताएं तथा असमानताएं बढ़ती जा रही हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई देश आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं इतिहास गवाह है कि युद्ध से कभी किसी का विकास नहीं हुआ और यह भविष्य की आर्थिक परेशानियों का बड़ा सबब रहा है।

रूस-यूक्रेन युद्ध लगातार तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है हजारों सैनिकों की आहुति चढ़ चुकी है।ताजा ताजा यूक्रेन ने 60 ड्रोन से रूस पर सबसे बड़ा हमला कर दिया और रूस के पास अब गोला बारूद की कमी होने लगी है। दूसरी तरफ इसराइल हमास युद्ध में ताजा खबरों के अनुसार लेबनान ने इसराइल पर बडा हमला करके अमेरिका के युद्ध विराम के प्रयासों पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। युद्ध विराम के तमाम प्रयासों के बावजूद रूस यूक्रेन तथा इसराइल हमास युद्ध रोकने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। परमाणु संपन्न देशों के तमाम शासक और हुक्मरान अपनी राजनैतिक आकांक्षाएं, मंसूबे और सनक को पूरा करने के लिए एक दूसरे के रक्त के प्यासे बने हुए हैंद्य परमाणु संपन्न देशों में चीन ,रूस और नॉर्थ कोरिया ऐसे देश हैं जिनकी बागडोर सनकी तानाशाह प्रशासकों के हाथों में है और ये देश अपनी विस्तार वादी महत्वाकांक्षा और सनक के चलते परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने से नहीं चूकेंगेद्य इतिहास गवाह है की सनकी प्रशासकों से हमेशा मानवता और शांति को युद्ध और हिंसा का खतरा बना रहता आया है। अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध में नागासाकी तथा हिरोशिमा में युद्ध की सनक में परमाणु बम से हमला कर लाखों लोगों को मौत के मुंह में भेज दिया था इसके अलावा परमाणु हथियारों के उपयोग से पैदा हुए विकरण से आज भी जापान में बच्चों पर अप्राकृतिक प्रभाव दिखाई देतें हैंद्य इधर हम यदि उत्तर कोरिया के सनकी शासक किम योंग की बात करें तो वर्ष 2022 की शुरुआत के बाद से उत्तर कोरिया ने 100 से अधिक हथियारों के परीक्षण किए हैं विशेष तौर पर कुछ अमेरिकी मुख्य भूमि और उनके खास सामरिक सहयोगी दक्षिण कोरिया और जापान पर हमला करने के लिए डिजाइन की हुई परमाणु मिसाइल भी शामिल हैं। उत्तर कोरिया अमेरिका को लक्ष्य बनाकर क्रूज मिसाइल का प्रक्षेपण भी करता आ रहा है।

रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान भारी तबाही का मंजर तो सामने आ ही गया है इसके अलावा यूक्रेन की अमेरिकी तथा नाटो देशों की मदद से नाराज होकर रूस स्पष्ट तौर पर परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की सार्वजनिक धमकी कई बार दे चुका है,उल्लेखनीय है कि रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन को जितना जान माल का नुकसान हुआ है उसके बराबर भी रूस में सामरिक हथियारों और सैनिकों की जाने गई हैं।रूस को इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था की यूक्रेन इतने दिन तक युद्ध को खींच सकता है। इन परिस्थितियों के परिणाम स्वरूप और वहां के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कभी भी अपनी सनक के चलते परमाणु बमों से हमला भी कर सकता है। चीन और ताइवान विवाद में भी चीन के तानाशाह सी जिनपिंग अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए और अमेरिका के परोक्ष रूप से ताइवान की मदद के कारण नाराजगी के चलते ताइवान पर कभी भी हमला कर सकता है।

स्पष्ट है कि रूस चीन और उत्तर कोरिया तीनों परमाणु संपन्न देश अमेरिका के सबसे बड़े और कट्टर दुश्मन नई परिस्थितियों में बन चुके हैं। और यह भी खुला और सर्व विदित तथ्य है अमेरिका का राष्ट्रपति वहां की जनता तथा राजनीतिक पार्टियों के दबाव में विश्व का सुप्रीमो बने रहने के चलते युद्ध मेनिया पर सवार रहता है, विश्व में अमेरिका को सर्वशक्तिमान बनाए रखने के चलते अमेरिका को चीन रूस और उत्तर कोरिया फूटी आंखों नहीं अच्छे लगते हैं।

कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया की सेना अपने वार्षिक सैन्य अभ्यास की ओर अग्रसर होकर लगातार समुद्र तथा उत्तर कोरिया की सीमा पर चक्कर लगा रही है। उत्तर कोरिया इसे अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया के हमले के पूर्वाभ्यास की तरह आंकलन कर रहा है । उधर अमेरिका जापान और दक्षिण कोरिया अपने त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन में उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु एवं मिसाइलों का मुकाबला करने हेतु संयुक्त रुप से बैलेस्टिक मिसाइल निर्माण तथा प्रयोग के सहयोग के लिए सहमति दे चुके हैं।

इन तीनों देशों की संयुक्त तैयारी को देखते हुए उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग ने रणनीतिक क्रूज मिसाइल के प्रायोगिक परीक्षण का निरीक्षण भी किया है। अमेरिका तथा पश्चिमी देश हर उस देश का साथ देने को तैयार है जो मूल रूप से चीन, उत्तर कोरिया और रूस का विरोध करते हैं। अमेरिका में चूंकि वर्ष 24 में राष्ट्रपति के चुनाव होने हैं ऐसे में वर्तमान में अमेरिकी राष्ट्रपति जो वाइडन को अपनी दावेदारी प्रस्तुत करने के लिए और चुनाव जीतने के लिए एक बहुत बड़े मुद्दे की तलाश जरूर होगी और इसके चलते वह अपनी राजनीतिक साख को बचाने के लिए किसी भी देश से अपनी बादशाहत बचाने के लिए युद्ध कर सकते हैं और जाहिर है कि उनके किसी भी युद्ध में ब्रिटेन, फ्रांस ,आस्ट्रेलिया, इजरायल आंख मूंदकर साथ देने को तैयार होंगे। इधर भारत की स्वतंत्रता के बाद से ही चीन से परंपरागत दुश्मनी चली आ रही है दूसरी तरफ भारत रूस का अभिन्न मित्र भी है भारत परंपरागत रूप से रूस का समर्थन करते आया है या अलग बात है कि अमेरिका से उसके संबंध पिछले 10 सालों से काफी मधुर हो गए हैं और वह सदैव शांति का पक्षधर रहा है। ऐसे मैं नवीन परिस्थितियों में रूस यूक्रेन युद्ध चीन ताइवान विवाद और उत्तर कोरिया की दक्षिण कोरिया के ऊपर अनावश्यक दादागिरी और अमेरिकी तथा नैटो देशों का खुलकर चीन रूस तथा उत्तर कोरिया के लिए विरोध पूरे विश्व में परमाणु हेतु की पूरी-पूरी पृष्ठभूमि तथा प्रस्तावना तैयार कर चुके हैं और यह भी संभावना होगी कि पाकिस्तान तथा खाड़ी के देश भी ऐसी परिस्थितियों में किसी भी संभावित विश्वयुद्ध में शामिल हो सकते हैं और यदि विश्व युद्ध होता है तो यह मानवता तथा पृथ्वी के लिए बड़ा ही विनाशक होगा हम सिर्फ कामना कर सकते हैं की युद्ध नहीं हर तरफ शांति ही शांति हो।

**संजीव ठाकुर**

# दुनिया मे भारत को सम्मान दिलाने वाले शश्क्त भारत के शिल्पकार पीएम नरेंद्र मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन17 सितम्बर को यानी आज मनाया जा रहा है।इस मौके पर नरेंद्र मोदी को देश दुनिया से बधाइयां दी जा रही है।मोदी का सफर एक व्यक्तिगत पड़ाव नही बल्कि उस यात्रा का प्रतीक है जिसने अंतराष्ट्रीय पहचान दिलाई है।जन्म के साथ ही महान शिखर यात्रा प्रारम्भ होती है।लक्ष्य के प्रति अटूट आस्था,लक्ष्य होता है वे शिखर तक पहुंच जाते है।आज शून्य से सर्जन करने का श्रेय मोदी को दिया जा रहा है।

भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत और विदेश नीति की परंपरा मोदी से सुचारू रूप से शुरू हुई है।आज भारत को सम्मान की दृष्टि से देखा जा रहा है।मोदी गुजरात के मेहसाणा जिले के वडनगर में जन्मे और इस एक घर के चिराग ने करोड़ो लोगो का दीपक बनकर चमके,ऐसे शालाखा पुरुष की गणना में एक नाम भारत ही नही दुनिया के लोगो की जिव्हा पर मोदी का नाम नाच रहा है।गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में सफर शुरू हुआ और इनकी चमक दमक बढ़ती ही गई।जौहरी की दृष्टि कसौटी बन जाती है।मोदी के नेतृत्व में भारत की राजनीति में बदलाव हुआ है।भारत गलोबल पॉलिटिक्स में अहम भूमिका निभा रहा है। पिछले दस वर्षो में देश हित मे अहम फैसला लिया।मोदी शश्क्त भारत ,आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर चल रहे है।मोदी ने भारत की ताकत बढ़ा दी है।मोदी के जन्म दिवस पर लोगो ने ह्दय से मुबारक दी है।भारत ही नही अंतराष्ट्रीय मंच से मोदी को बधाइयां दी जा रही है।मोदी का व्यक्तित्व सौरभ से सुरभित है।निस्वार्थ भाव से देश सेवा में निरन्तर लगे रहने वाले मोदी विरले ही है,जिनके जन्म दिवस पर पूरी दुनिया मंगल कामना कर रही है।एक माता का लाडला लाखो-करोड़ो माता-पिता ,बंधु परिजनों की आंख का तारा बनकर चमके है।विदेशो में भारत के प्रधानमंत्री का सम्मान हों रहा है,वैसा पहले कभी किसी नेता का नही हुआ ?भारत को ऊंचे शिखरों पर पहुंचाने और पड़ोसी देशों की गलतफहमी को ठिकाने लगाने में मोदी ने महारत हासिल की है।सबसे ज्यादा पाकिस्तान से देशवासियों को नुकसान हुआ है।हररोज देश मे विस्फोट करना और देश मे दहशत फैला कर लोगो को परेशान करना अब भूतकाल बन गया है।देश हित मे ऐसे अनेक कार्य हुए है जिसकी कल्पना करना मुश्किल था।सेवा पखवाड़ा के रूप में मोदी का जन्म दिवस मनाया जा रहा है।पूरे देश मे जश्न मना रहे है।ज्ञान, गरिमा और महिमा से व्यक्तित्व के दोनों छोर कसे हूए है।मोदी की अद्भुत प्रभावशाली वकतृत्व कला करोड़ो करोड़ श्रोताओं के ह्दय क्षण मात्र में आंदोलित परिवर्तित करने में सक्षम है।विन्रमता के साथ सिद्धान्त निष्ठा और आचार दृढ़ता, मधुरता के साथ अनुशासन की कठोरता,सरलता और कोमलता के साथ उत्कृष्ट सोच लोगो को प्रभावित करती है।कुशल प्रशासक होना एक दुर्लभ विशेषता है।मोदी ने इन 25 सालों में गुजरात सहित देश के अनेक और जटिल समस्याओं से राज्य और देश को बाहर निकाला है,जिसकी कल्पना मात्र से लोग सिहर उठते थे।देश मे अराजकता व्याप्त होने की वजह से लोग भय के साये में जी रहे थे।देश की ख्याति दुनिया मे देदीप्यमान की गई।कार्यसफलता की सूची बहुत बड़ी है, जिसकी लेख में उल्लेख नही किया गया है।मोदी जगत प्रपंच से दूर रहकर विकास की रुपरेखा गढ़ने में रहते है।मोदी का एक ही लक्ष्य है कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है।इस प्रकार की विशेषताएं और विलक्षणताए इस इंद्रधनुषी व्यक्तित्व को जहाँ आकर्षक केंद्र बनाती है।वही श्रद्धा भाजन भी इस श्रद्धाभक्ति के आकर्षण ने मुझे विवश कर दिया है।मोदी की निष्ठा किसी समाज व देश की परंपरा तक ही सीमित नही है।वसुधेव कुटुम्बकम की भावना लेकर चलने वाले मोदी के लिए सहज और सरल स्वभाव की वजह से पूरे ग्लोबल को सीमित दायरे में समाज तक सिमटा दिया है।विश्व समुदाय को समाज के रूप में देखने वाले और भारत के 140 करोड़ देशवासियों को अपने परिवार के सदस्यों के रूप में देखने मोदी का नाम दुनिया में आदर और सत्कार के साथ लिया जाता है।मानवता के प्रति अपार प्यार और भारत सहित दुनिया के उत्थान के लिए वे प्रतिपल प्रतिक्षण प्रयत्नशील रहते है।भारत के विभिन्न अंचलों में उन्होंने लोगो को स्नेह दिया है।जात बिरादरी से ऊपर उठकर हर भारतीय नागरिकों को स्नेह और भातृत्व स्नेह से देखने वाले मोदी को देखते ही लोग धूल मस्तक पर लगा देते है।विदेशो में महिलाओ और युवक युवतियों से मिलने के बाद लोग भावुक होते देखे गए है।क्योंकि उनकी विचारधारा वधुधैव कुटुम्बकम की है।उनके।लिये सारी दुनिया परिवार है।सामान्य व्यक्तित्व से लेकर दुनिया के विशिष्ट राजनैतिक उनके सम्पर्क में आए और उनके चुम्बकीय व्यक्तित्व व कृतित्व से सारे पहलू को छुआ।आज बड़े बड़े देशो के राष्ट्राध्यक्ष मोदी को सुनते है और सुनकर इनकी बात पर अमल भी करते है।देश के निर्माण में पूरा समय दिया है और निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है।यह आने वाला कल भारत के स्वर्णिम इतिहास का साक्षी बनेगा और भारत को दुनिया देखेगी।नेताओ का बखान ठीक नही है।लेकिन निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करने वाले विकास पुरुष मोदी के पास कुछ भी नही है।वे देश सेवा के लिए पूरे जीवन को ख़फाने के लिए संकल्पित है।तब इस अलौकिक पुरुष के रूप में शिखर आरोहण का जीवंत उदाहरण दुनिया और देश के समक्ष उस अभिलाषा को संजोए हुए है,जिसकी भौर विकसित भारत की दहलीज को चूमने के लिए इंतजार में है। अंततः मोदी को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## योगासन शरीर के अंगों को ही नही ,मन और मस्तिष्क को भी संतुलित व नियंत्रित रखता है



मानव-जीवन अनेक समस्याओं से भरा पड़ा है। यह जीवन जितना विविधमुखी होगा, समस्याएँ भी उतनी ही विविधता लिए होंगी। इस जीवन में जितनी समस्याएँ होंगी उतनी ही विपदाएँ भी होंगी, जितनी विपदाएँ होंगी उतने ही तनाव होंगे। आज शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति हो जो तनावों से पीड़ित एवं प्रपीड़ित न हो। इन तनावों ने मानव जीवन से सुख-शांति छीन ली है। न तो आज आदमी चैन से सो सकता है और न ही आराम से रह सकता है। न उसका मन शांत है और न शरीर स्वस्थ है। उसका जीना और मरना दोनों ही दूभर हो गए हैं। देखा जाय तो वर्तमान जीवन समस्याओं का एक कुरुक्षेत्र है। यहाँ मानव-जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त समस्याओं से ही जूझता है, लड़ता है और यह जरूरी नहीं है कि इस समस्या समर में सभी को सफलता मिल जाए। सफलता का एक सशक्त आधार है, योगासन और ध्यान। आसन शरीर-शोधन की प्रक्रिया है और ध्यान है चित्त की शुचिता। शरीर-शुद्धि के बिना चित्त को शुद्ध नहीं बनाया जा सकता और बिना चित्त की शुचिता के सुख का संजोग सम्भव नहीं। शरीर और चित्त ये दोनों ही समस्या के केन्द्र हैं इसलिए इन दोनों की शुचिता सबसे जरूरी है। इन दोनों की शुचिता के लिए योगासन और ध्यान एक मात्र शरणभूत आधार हैं। इन दोनों का नियमित अभ्यास समस्या-समर में सभी को सफलता दिला सकता है। ये शरीर और मन को शांत-संतुलित ही नहीं इतना सबल व प्राणवंत भी बना देते हैं कि इन समस्याओं का सामना और समाधान सहज रूप से किया जा सकता है। यही कारण है कि आज योगासन और ध्यान इन दोनों की माँगें बढ़ी हैं। युवा पीढ़ी तो इसमें सर्वाधिक संलिप्त है क्योंकि तनावजन्य समस्याएँकिशोरों और युवाओं को आज अत्यधिक संतप्त किए हुए हैं। वैसे योगासन बाल, वृद्ध, युवा सभी के लिए उपयोगी और उपादेयी है। योगासन जहाँ शरीर के अंगों, उपांगों तथा माँसपेशियों को मजबूत, सुडौल, सुदृढ़ तथा शुद्ध व स्वच्छ बनाता है वहीं मन और मस्तिष्क को भी संतुलित व नियन्त्रित रखता है। योगासन स्नायु तंत्र, जो शरीर का महत्त्वपूर्ण तन्त्र है, उसको सक्रिय व सशक्त बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वास्थ्य-रक्षा के लिए 'योगासन' एक अमोघ उपाय है। इससे पाचन तंत्र, रक्त संचरण तंत्र, श्वसन तंत्र व विसर्जन तंत्र (मल-निष्कासन तन्त्र) आदि क्रियाशील, शक्ति-सम्पन्न व नियमित रहते हैं। योगासन व्यक्ति में चमक-दमक, यानी कान्ति-तेजस्विता को प्रदीप्त करता है। यह जहाँ बलवर्धक है वहीं यह आयु संवर्धक, वृद्धिता का नाशक व नवयौवन का अनुभूतिकारक भी है। इसके निरन्तर व नियमित अभ्यास से शरीर के समस्त अवयवों को एक नयी ताजगी, स्फूर्ति व ऊर्जा मिलती है जिससे व्यक्ति सदा उल्लासित, उत्साहित, प्रसन्नचित, प्रफुल्लित एवं सहज-शांत बना रहता है, जवान कभी बूढ़ा नहीं हो पाता किन्तु बूढ़ा अवश्य जवान हो जाता है। आध्यात्मिक क्षेत्र में भी योगासन की उपयोगिता असंदिग्ध है। इसके माध्यम से इन्द्रियों की चपलता, चंचलता तथा क्रोधादि मानसिक विकारों-आवेगों को कम या पूर्ण शमन किया जा सकता है। योग विशेषज्ञों का मानना है कि व्यक्ति की आयु जैसे-जैसे बढ़ती जाती है वैसे-वैसे माँसपेशियों में खड़िया-मिट्टी जैसा चूना बनता और जमा होता रहता है जो ग्रंथियों में सिकुड़न तथा स्नायु-मण्डल में असन्तुलन की स्थिति पैदा करता है विशेषकर मस्तिष्क में रक्त संचरण को कम करता है जिससे स्मरण शक्ति का हास तथा चिड़चिड़ाहट, क्रोध आदि विकार बढ़ने लगते हैं। ऐसे में योगासन चेतना को रूपान्तरित करने में परम सहायक है। इससे चित्तवृत्तियाँ अध्यात्म की ओर झुकी रहती हैं। योगासन के साथ-साथ एक शब्द बहुप्रचलित है वह है व्यायाम।

योगासन और व्यायाम को अधिकांश लोग एक ही समझने की भूल कर बैठते हैं पर, इन दोनों में बुनियादी फर्क है। योगासन व्यक्ति को थकाता नहीं है जबकि व्यायाम से व्यक्ति श्लथ या थक सकता है क्योंकि व्यायाम से स्नायु कठोर हो जाते हैं जबकि योगासन से ये स्नायु सदा लचकदार बने रहते हैं। जोड़ों में लचीलापन आता है। व्यायाम का अभ्यास नित्य करना होता है। यदि एक दिन भी इसका अभ्यास छूट गया तो इसका शरीर पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है जबकि आसन के साथ ऐसी कोई समस्या नहीं है। यदि आसन कुछ समय के लिए भी छूट जाए तो वह हानि तो नहीं पहुँचा सकता किन्तु इससे लाभ सविलम्ब हो सकता है।दीर्घ जीवन और यौवन का मूल कारण है मेरुदण्ड का लचीला होना। मेरुदण्ड का लचीलापन व्यायाम की अपेक्षा योगासन से ही सम्भव है। इसके अतिरिक्त व्यायाम व्यक्ति-विकास में उतना सक्षम नहीं है जितना कि योगासन। योगासन व्यक्ति के सम्पूर्ण व्यक्तित्त्व को प्रभावित करने की अपूर्व क्षमता रखता है। व्यायाम केवल शरीर को पुष्ट व बलवान बना सकता है जबकि योगासन शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ शरीरस्थ समस्त सुप्त शक्ति को जाग्रत कर व्यक्ति को एक नई प्रेरणा, उमंग एवं एक नया जीवन प्रदान करता है। वास्तव में यह योगासन मानव जीवन की अन्तरंग-बहिरंग जो अपेक्षाएँ हैं उन सभी अपेक्षाओं की सम्पूर्ति करता है। आसन और व्यायाम में एक अन्तर यह भी है कि व्यायाम शरीर के एक अंग को लाभ पहुँचाता है तो दूसरे अंग को नुकसान भी पहुँचा सकता है। जैसे दण्ड बैठक, मुग्दर आदि भारी व्यायाम शक्ति से अधिक करने पर माँसपेशियों का आकार बढ जाता है और उनसे रक्त अधिक मात्रा में एकत्रित हो जाता है जिससे मज्जातन्तु फट जाते हैं और स्नायु व माँसपेशियाँ थोडे ही समय में कठोर होकर निष्क्रिय हो जाती हैं। इस प्रकार व्यायाम स्वास्थ्य की जो स्वाभाविकता है, उसको नष्ट कर देता है जबकि आसनों में ऐसा कुछ भी नहीं है। आसनों में तो शरीर का एक प्रकार से शिथिलीकरण ही है।

स्वाभाविक रूप से स्नायुओं तथा माँसपेशियों को ढीला किया जाता है, उन पर अनावश्यक दबाव नहीं डाला जाता है। इसी आधार पर जैनाचार्यों ने आसनों का उल्लेख कायोत्सर्ग में किया है। कायोत्सर्ग में शरीर और मन को चेतना के साथ अप्रमादित होकर शिथिल रखा जाता है। आसनों का एक गुण बड़ा महत्त्वपूर्ण है जोव्यायाम में नही मिलता।

**कांतिलाल मांडोत**

# सीजफायर विवाद में ट्रंप की किरकिरी, पाकिस्तान ने खोली पोल



पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उन दावों की पोल खोल दी है, जिनमें उन्होंने बार-बार कहा था कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम में मध्यस्थता की थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्री और उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने अल जजीरा को दिए एक इंटरव्यू में स्पष्ट कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान या उसके बाद किसी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं हुई थी। उन्होंने खुलासा किया कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने खुद माना था कि भारत किसी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करेगा, क्योंकि यह पूरी तरह से दोनों देशों के बीच का द्विपक्षीय मुद्दा है। यह बयान ऐसे समय आया है जब ट्रंप ने कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दावा किया था कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को खत्म करने में मदद की थी और यहां तक कि दोनों देशों के सीजफायर के पीछे अमेरिका की भूमिका बताई थी। भारत इन दावों को लगातार खारिज करता रहा है और अब पाकिस्तान ने भी इसकी पुष्टि कर दी है कि सीजफायर का फैसला दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच सीधी बातचीत से लिया गया था, न कि अमेरिकी दखल से। इशाक डार ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत से कई बार बातचीत के लिए पहल की है, लेकिन उनकी तरफ से कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं मिली। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस्लामाबाद वार्ता के लिए तैयार है, लेकिन बातचीत के लिए भीख नहीं मांगेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक शांतिप्रिय देश है और उसका मानना है कि समस्याओं का समाधान बातचीत के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि बातचीत करने के लिए दो पक्षों की आवश्यकता होती है और पाकिस्तान भारत को बातचीत के लिए मजबूर नहीं कर सकता। डार के इस बयान से यह भी साफ हो गया कि पाकिस्तान यह मानता है कि आगे बढ़ने का रास्ता केवल संवाद के माध्यम से ही निकलेगा, लेकिन उसकी ओर से किसी भी तरह का दबाव बनाने या याचना करने का प्रयास नहीं होगा। ट्रंप ने पिछले कई महीनों में तीस से अधिक बार सार्वजनिक रूप से दावा किया था कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यह तक कहा था कि अगर दोनों देश संघर्ष को रोक देंगे तो अमेरिका उनके साथ व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करेगा। ट्रंप के इन दावों को भारत ने हर बार सिरे से नकार दिया। भारत का रुख साफ था कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद जो संघर्ष विराम हुआ, वह पूरी तरह से दोनों देशों की सेनाओं के महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच बातचीत का परिणाम था। भारत ने लगातार यह दोहराया कि किसी तीसरे पक्ष की इसमें कोई भूमिका नहीं थी और दोनों देशों के बीच मुद्दों को सुलझाने का एकमात्र रास्ता द्विपक्षीय संवाद है। अब पाकिस्तान के विदेश मंत्री के ताजा बयान ने ट्रंप के दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। पाकिस्तान की मौजूदा स्थिति को देखते हुए माना जा रहा है कि वह भारत के साथ रिश्ते सुधारने के इच्छुक हैं, क्योंकि बिगड़े हुए संबंधों ने उसकी आंतरिक और बाहरी नीतियों पर दबाव डाला है। पहले पहल की गई कोशिशों के बावजूद भारत की चुप्पी या सख्त रुख ने पाकिस्तान को यह संदेश दे दिया है कि बिना आपसी विश्वास और माहौल बने बातचीत संभव नहीं है। डार ने यह भी कहा कि अगर कोई देश बातचीत करना चाहता है तो पाकिस्तान उसका स्वागत करेगा, लेकिन भारत के न चाहने पर वह कोई दबाव नहीं डालेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान अपनी ओर से हमेशा शांति चाहता है, लेकिन वह अपनी गरिमा से समझौता नहीं करेगा। यह घटनाक्रम यह भी दिखाता है कि भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में कूटनीतिक संवेदनशीलता कितनी गहरी है। पाकिस्तान का यह बयान न केवल ट्रंप के दावों को कमजोर करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि दोनों देशों के बीच किसी भी समस्या का समाधान बाहरी मध्यस्थता से नहीं, बल्कि आपसी बातचीत और विश्वास से ही संभव है। ट्रंप के दावे उस समय भी संदेह के घेरे में थे, क्योंकि भारत ने तत्काल उन्हें खारिज कर दिया था। अब पाकिस्तान के विदेश मंत्री के इस सार्वजनिक बयान ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अमेरिकी दावों की विश्वसनीयता को भी चुनौती दी है। अमेरिका लंबे समय से दक्षिण एशिया में शांति प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश करता रहा है, लेकिन भारत का रुख हमेशा यही रहा है कि कश्मीर और सीमा से जुड़े विवादों का समाधान द्विपक्षीय रूप से ही किया जा सकता है। पाकिस्तान ने अब इस तथ्य को स्वीकार कर लिया है कि भारत इस सिद्धांत से हटने को तैयार नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद हुए संघर्षों के बाद जिस तरह से अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने तनाव कम करने के लिए प्रयास किए, उसमें अमेरिका की मध्यस्थता की बात करना ट्रंप के लिए राजनीतिक लाभ का साधन था। लेकिन पाकिस्तान का यह खुलासा साफ करता है कि वास्तविकता इससे अलग थी। दोनों देशों के बीच संवाद की प्रक्रिया कठिन और संवेदनशील है, और ऐसे में किसी बाहरी शक्ति का हस्तक्षेप स्वीकार करना भारत के लिए असंभव है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री के बयान से यह भी स्पष्ट है कि बातचीत का दरवाजा पूरी तरह बंद नहीं है, लेकिन इसका खुलना भारत और पाकिस्तान के आपसी फैसलों पर निर्भर करेगा। इस बयान ने न केवल एक अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक विवाद को शांत किया है, बल्कि यह भी दिखा दिया है कि दक्षिण एशिया की राजनीति में घरेलू और द्विपक्षीय प्राथमिकताएं हमेशा बाहरी दावों से ज्यादा मजबूत रहती हैं।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उप्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### धूमधाम से हुई शिल्पराज विश्वकर्मा की पूजा, गाजे-बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा



**रूद्रपुर, देवरिया।** तहसील क्षेत्र में जगह-जगह शिल्पराज भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूम-धाम से मनाई गई। श्री विश्वकर्मा मन्दिर समिति नाथबाबा की ओर से मंगलवार को दुग्धेश्वरनाथ परिसर स्थित विश्वकर्मा मंदिर में सृष्टि के रचनाकार की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम गौरी गणेश, नवग्रह पूजन, हवन, कीर्तन भजन, आरती एवं मंगल कामना के साथ प्रसाद वितरण व सामूहिक भण्डारा हुआ । मन्दिर परिसर की साफ सफाई की गई और भव्य रूप से सजाया गया ।गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा मन्दिर परिसर से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुन मंदिर परिसर में संपन्न हुई। शोभायात्रा का जगह-जगह भक्तों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा के साथ ही भगवान विश्वकर्मा की महाआरती की गई। इस दौरान गौरी बाजार ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विश्वविजय निषाद, चेयरमैन प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम ने अपने विचार रखे तथा शुभकामनाएं दीं । इस अवसर पर मुख्य रूप से हरेंद्र सिंह त्यागी, सिकंदर यादव, अशोक कृष्ण यादव, कपिलदेव विश्वकर्मा,आशुतोष शर्मा, रामाशंकर विश्वकर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, महेश वर्मा, जितेंद्र विश्वकर्मा, अमित विश्वकर्मा,लाल बहादुर विश्वकर्मा, सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे । विश्वकर्मा मन्दिर समिति के अध्यक्ष शिवानन्द विश्वकर्मा, मंत्री तारकेश्वर विश्वकर्मा, रामेश्वर विश्वकर्मा, अभय विश्वकर्मा तथा शैलेश विश्वकर्मा ने इस सफल आयोजन पर सभी समाजजनों व सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया ।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर कांग्रेसी नेताओं ने कद्दू काटकर किया विरोध प्रदर्शन



**मनकापुर गोण्डा –** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अभिषेक तिवारी नीरज के नेतृत्व में गौरा चौकी में राष्ट्रीय बेरोज़गार दिवस के रूप अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन कर कद्दू काटकर कर मनाया गया। नीरज ने कहा अगर सरकार ने तुरंत ठोस कदम नहीं उठाई, तो आंदोलन और तेज़ होगा यह प्रदर्शन सिर्फ़ आक्रोश नहीं, बल्कि युवाओं की हक़ और सम्मान की लड़ाई का प्रतीक है। इस अवसर पर गौरा विधानसभा युवा नेता अरुण प्रताप डिंपल सिंह जी ने कहा जब मोदी जी सत्ता में नहीं थे तो उन्होंने घोषणा की थी कि अगर हमारी सरकार बनी तो हम 2 करोड़ नौकरियां देंगे लेकिन इन्होंने नौकरी न दी और जो नौजवान साथी जिनकी उम्र नौकरी पाने की थी वह अब ओवर ऐज हो गए वर्ष और उनको सड़कों पर दाने-दाने के लिए भटकना पड़ा, इस मौके पर राजा बाबू दिनेश सिंह, रणजीत चौहान,सिंगर राजेश चतुर्वेदी, जिला महामंत्री शहजादा, बरकतुल्लाह खान,बब्बू युवा महासचिव आदि लोग उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री जन्मदिवस पर क्षय रोगियों को गोद लिया गया



**गोण्डा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर स्वस्थ नई सशक्त परिवार अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रूपईडीह में पाँच क्षय रोगियों को गोद लिया गया और उन्हें पोषण पोटली प्रदान की गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र मिश्रा ने 3, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक श्री आनंद वाल्मीकि ने 1 तथा वरिष्ठ क्षय रोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक काजी नासेरूल हक ने 1 रोगी को गोद लिया। वरिष्ठ क्षय रोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक काजी नासेरूल हक ने कहा कि 'नियमित दवा और उचित आहार से क्षय रोग पूरी तरह ठीक हो सकता है। समाज के सहयोग से ही क्षय मुक्त भारत का लक्ष्य संभव है।"

## ख़जनी में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का भव्य आयोजन, महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य को सशक्त बनाने का संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ख़जनी गोरखपुर–** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर जनपद गोरखपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खजनी प्रांगड़ में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का भव्य आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम आठवें राष्ट्रीय पोषण माह (17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025) के अंतर्गत प्रदेश व देश में महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य शक्तिकरण को विशेष प्राथमिकता देते हुए आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक श्री राम चौहान ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद कुपोषित बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें कुपोषण से जूझ रहे आरव कुमार को विधायक श्रीराम चौहान के हाथों अन्नप्राशन कराया गया। इसके अतिरिक्त महिला गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें ब्लॉक प्रमुख अंशु सिंह ने अनुराधा देवी का गोदभराई किया। कार्यक्रम में एक टीवी से पीड़ित शातिष कुमार को पोषण किट भी प्रदान किया गया।

विधायक श्रीराम चौहान ने अपने संबोधन में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी सशक्तिकरण को राष्ट्रीय मिशन के रूप में स्थापित किया गया है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, अंत्योदय योजना जैसी कई महत्त्वपूर्ण योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य निरंतर जारी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस अभियान के तहत स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक विस्तार किया जा रहा है ताकि महिलाओं व बच्चों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सकें। स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं के लिए ईएनटी, नेत्र, रक्तचाप, मधुमेह प्रसवपूर्व जांच, टीकाकरण, एनीमिया जांच, टेलीमेडिसिन सुविधा, टीबी व सिकल सेल जांच जैसी सेवाएं निशुल्क उपलब्ध कराई गई। मातृ एवं शिशु सुरक्षा कार्ड, आयुष्मान वंदना कार्ड, सिकल सेल कार्ड व आभा आईडी कार्ड पंजीकरण जैसी सुविधाएं भी सशक्त रूप से प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों में विकास खंड अधिकारी रमेश शुक्ल, प्रभारी चिकित्साधिकारी प्रदीप त्रिपाठी, वैक्सीन इंचार्ज अशोक सिंह, ब्लॉक प्रमुख अंशु सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष धरणी धर त्रिपाठी व भाजपा नेता विनोद पांडेय सहित अन्य कई भाजपा पदाधिकारी प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन स्वास्थ्य मेला का निरीक्षण कर किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने हेतु आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व आंगनवाड़ी केंद्र से संपर्क करने की सलाह दी गई।

## खजनी क्षेत्र में विश्वकर्मा पूजन का भव्य आयोजन, सांस्कृतिक रंगों से हुआ समृद्ध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**खजनी–** 17 सितंबर 2025 को खजनी क्षेत्र के बाँसगांव मार्ग पर स्थित विश्वकर्मा हार्डवेयर व फर्नीचर हाउस पर आज भव्य विश्वकर्मा पूजन का आयोजन किया गया। यह आयोजन परंपरा के अनुरूप हर साल की तरह इस वर्ष भी बड़े उत्साह और श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ। दिनेश कुमार, रमेश कुमार, अवधेश कुमार के नेतृत्व में व्यवसायी, कर्मचारी और क्षेत्रीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः समय पर पूजा विधि से किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने विधिपूर्वक भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की और अपने व्यापारिक उपकरणों, मशीनरी व फर्नीचर सामग्री की विधिवत पूजा कर उनका श्रृंगार किया। व्यवसायिक उन्नति, समृद्धि व सुरक्षित कार्यस्थल की कामना की गई। पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्थानीय समाजसेवी, व्यापारी वर्ग के प्रतिष्ठित सदस्य और विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिसमें पारंपरिक नृत्य, गीत और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। इससे आयोजन में रौनक भी बढ़ी और समाज के विभिन्न वर्गों का उत्साह देखने लायक था। दिनेश कुमार ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि विश्वकर्मा पूजन से न केवल व्यापारियों को आध्यात्मिक संतुष्टि मिलती है, बल्कि यह उनके कामकाज में नयी ऊर्जा का संचार भी करता है। रमेश कुमार व अवधेश कुमार ने भी उपस्थित जनमानस को व्यवसाय में ईमानदारी और मेहनत से कार्य करने की प्रेरणा दी।

यह आयोजन एकता, समर्पण और व्यवसायिक विकास का प्रतीक बनकर उभरा। सभी उपस्थितजन ने मिलकर इस पुण्य अवसर पर एकजुट होकर सामूहिक रूप से भगवान विश्वकर्मा से प्रार्थना की कि वे सभी व्यवसायियों को सफलता के नए आयाम प्रदान करें। समापन अवसर पर मिठाई वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। पूरे आयोजन में सामाजिक सौहार्द और उत्साह की छाप साफ नजर आई।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का हुआ शुभारम्भ



**मथुरा।** सीएचसी सोनई पर बुधवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख चंचल चौधरी ने फीता काटकर किया।यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर जारी रहेगा। जिसमें सभी किशोरियों तथा महिलाओं की स्वास्थ्य देखभाल तथा स्वास्थ से जुड़ी समस्याओं, टीबी रोगियों की जांच, गर्भवतियों की जांच, बच्चों का टीकाकरण इत्यादि के बारे में जागरूक किया जाएगा व जांच की गई। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख चंचल चौधरी, डिप्टी सीएमओ डॉ आलोक कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डॉ विपिन कुमार, रण सिंह, राम दास राजपूत (बीपीएम), सत्यम वर्मा (बीसीपीएम), शैलेंद्र सिंह, राजवीर चौधरी, वीके गर्ग आदि उपस्थित रहे।

## खजनी तहसील क्षेत्र मे धूमधाम से मनाया गया विश्वकर्मा पूजा

**●ग्रामीण क्षेत्र में निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा श्रद्धा-भक्ति के साथ हुआ सम्पन्न**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी–** गोरखपुर वुधवार को अपराह्न तीन बजे के बाद से विभिन्न पूजा स्थलों से गाजे-बाजे के साथ विसर्जन जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल लोग अबीर-गुलाल उड़ाते बाबा विश्वकर्मा का जयकार करते चल रहे थे। ग्रामीण क्षेत्र के आमी छताई पुल एवं जरलही पुल के निकट नदी में प्रतिमाओं का विजर्सन किया गया। विश्वकर्मा पूजा को लेकर पूरा इलाका देर रात तक गुलजार रहा। उनवल एवं हरनही स्थित पावर ग्रिड, पावर सब स्टेशन, आईटीआई वहुरपार के अलावा विभिन्न वाहन के एजेंसी में प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। इसके अलावा सभी चौरहो पर स्थित विभिन्न मोटर गैराजों, वर्कशॉपों एवं ट्रांसपोर्ट के वर्कशाप में पूजा का आयोजन किया गया था। कई जगहों पर इस अवसर पर भजन-कीर्त्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसे लेकर विति रात में भी सड़कों पर चहल-पहल बनी रही। देर रात तक लोग भगवान विश्वकर्मा का दर्शन-पूजन करने के लिए पहुंच रहे थे। मुख्य रूप से खजनी ,नगर पंचायत उनवल, हरनही, बहुरीपार, महादेवा बाजार, सिकरीगंज, बेलघाट, सतुआभार सहित सभी कस्बो मे मनाया गया।

## उसका बाजार में हुआ स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उसका बाजार पर बुधवार को अधीक्षक डॉ एसके पटेल की उपस्थिति में सदर विधायक श्याम धनी राही ने स्वस्थ नारी,सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ फीता काटकर किया है। उन्होंने 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान को सफल बनाने के लिए जन - जन का आह्वान किया ।उन्होंने क्षेत्र के लोगों को स्वच्छता व स्वास्थ्य से जुड़ने का आह्वान किया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमन्त कुमार जायसवाल ने कहा कि स्वच्छता और स्वास्थ्य ही सशक्त समाज की नींव हैं। स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है।

अधीक्षक डॉ एस के पटेल ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़े के दौरान दूर दराज के क्षेत्रों तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें पहुंचकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधा के साथ जागरूक करेंगी। इनमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क जांच, ओपीडी परामर्श और उपचार की सुविधा दी जाएगी। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम भरोस चौहान ने आम जनता से अपील की कि वे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में सक्रिय भागीदारी करें। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत पौध रोपण भी किया गया है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश आर्या, सचिदानंद चौबे , सोमनाथ मिश्र, मनीष पाण्डेय ,कृष्ण मोहन, राजेश सिंह, माया , नीलम, प्रतीक्षा ,विजय लक्ष्मी आदि रहे।

## अधिवक्ता पेशे से बेगुनाह पीड़ितों को मिल रहा न्याय

**●प्रशिक्षुओ के हितों का रखें ध्यान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** अधिवक्ता स्थापना दिवस पर दीवानी न्यायालय सभागार में कार्यक्रम हुआ। अधिवक्ताओं ने पेशे को लेकर विचार रखे। कहा कि अधिवक्ता पेशे से बेगुनाह पीड़ितों को न्याय मिल रहा है। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि हमें अपने पेशे का उपयोग बेगुनाह व निर्दोष पीड़ितों को न्याय दिलाने में करना चाहिए। पीड़ितों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। अधिवक्ता परिषद अवध इकाई प्रांत के उपाध्यक्ष अरविंद सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन नवीन तिवारी ने किया। जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष अजय बहादुर सिंह, कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश चंद्र त्रिपाठी, महामंत्री कमलेश्वर सिंह व राजेश त्रिपाठी आशुतोष तिवारी ने भी कार्यक्रम को संबोधित कर अधिवक्ताओं के योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

**प्रशिक्षुओ के हितों का रखें ध्यान**

कार्यक्रम के दौरान यह भी मुद्दा उठाया गया की जो अभी प्रशिक्षु जूनियर है जिन्हें अभी रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त नहीं हुआ है लेकिन वह सीनियर के साथ में काम सीख रहे हैं न्याय के मंदिर का भविष्य है हमें उनका विशेष ध्यान रखना चाहिए आपको बताते चलें कि जिन प्रशिक्षु विद्यार्थियों के पास रजिस्ट्रेशन कार्ड नहीं है उन्हें कोट पहने और बाइक को न्यायालय परिसर के अंदर खड़ा करने से मना किया गया है इसी क्रम में कुछ अधिवक्ताओं ने इसका विरोध किया और कहा की आने वाले समय में वह हमारा भविष्य हैं और सीनियर अकेला क्या-क्या कर सकता है अगर जूनियर अधिवक्ताओं का साथ ना हो तो सभी कोर्ट पर एक साथ पहुंच पाना मुमकिन नहीं है इसलिए हमें यह ध्यान देना होगा कि उनके साथ कोई दुर्व्यवहार न होने पाए।

## आस्था पूर्वक मनाई गई भगवान विश्वकर्मा की पूजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** विश्वकर्मा पूजन के अवसर पर सुभाष चौक पडरौना स्थित भगवान विश्वकर्मा मूर्ति के समक्ष नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल की उपस्थिति में विश्वकर्मा समाज, स्वर्णकार समाज, कसेरा समाज के सभी सम्मानित गणों ने उपस्थित होकर भगवान विश्वकर्मा का पूजन अर्चन गाजे बाजे के साथ किया। पूजन अर्चन के साथ ही साथ विश्वकर्मा भगवान की आरती व प्रसाद वितरण किया गया । मुख्य पुजारी के तौर पर श्री पंडित अजीत शर्मा आचार्य एवं पंडित शिव शंकर शास्त्री विश्वकर्मा उपस्थित रहे। पालिकाध्यक्ष जायसवाल ने उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए भगवान विश्वकर्मा के कृतियों को बताते हुए उन्हें विश्व का शिल्पी बताया। उन्होंने कहा कि बिना विश्वकर्मा भगवान के सृष्टि का विकास संभव नहीं है। इस दौरान नपाध्यक्ष जायसवाल ने नगर में उचित स्थान का चयन कर के भविष्य में विश्वकर्मा द्वार बनवाने की घोषणा भी की।

मुख्य रूप से नगर के स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष सुरेश वर्मा सोनी ,विश्वकर्मा समाज जनपद कुशीनगर के अध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा, अध्यक्ष प्रतिनिधि पडरौना श्री मनीष बुलबुल जायसवाल, अमित सोनी, अमित वर्मा, बृजेश शर्मा, नंदलाल शर्मा, संतोष वर्मा, राकेश शर्मा, चंदेश्वर शर्मा, नीरज साहा, संतोष शर्मा, आलोक विश्वकर्मा, अरविंद विश्वकर्मा, प्रमोद साहा, रमेश शर्मा, राजन सोनी आदि लोगों ने मुख्य रूप से पूजन अर्चन किया। इस दौरान सचिन साहा, हेमन्त विश्वकर्मा, अभिषेक विश्वकर्मा, रामावतार शर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, रोहन विश्वकर्मा, विनोद शर्मा, संजय साहा, वीरेंद्र शर्मा, आकाश वर्मा विजेंद्र विश्वकर्मा, सतीश विश्वकर्मा, गंगेश विश्वकर्मा, पप्पू सोनी, सुनील शर्मा सहित सैकड़ों के संख्या में विश्वकर्मा समाज के लोग उपस्थित रहें। भाजपा नेता बृजभूषण गुप्ता, मंडल अध्यक्ष भाजपा विशुनपुरा राजकुमार चौहान, रामजीत चौहान, मंडल अध्यक्ष पडरौना भुनेश्वर मिश्रा आदि बंधुओं ने भगवान विश्वकर्मा के मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

## गोरखपुर में NEET छात्र दीपक हत्याकांड- आरोपी रहीम पुलिस एनकाउंटर में घायल, दो गिरफ्तार, बाकी पर इनाम घोषित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



गोरखपुर। सोमवार रात पिपराइच क्षेत्र के मऊआचापी गांव में हुई NEET छात्र दीपक की बेरहमी से हत्या के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जबरदस्त कार्रवाई की है। बुधवार दोपहर कुशीनगर पुलिस और पिपराइच थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने जवाबी कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी पशु तस्कर रहीम को एनकाउंटर में घायल कर दबोच लिया। घायल रहीम को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने इस दौरान अन्य दो अभियुक्त छोटू और राजू को भी गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले, चौथे आरोपी अजब हुसैन को ग्रामवासी ने दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया था। अबतक चार आरोपियों की गिरफ़्तारी हो चुकी है, जबकि बाकी शेष सदस्य पर भारी इनाम घोषित किया गया है। इनकी धरपकड़ के लिए विशेष टीमें लगातार प्रयासरत हैं और अभी भी अभियान जारी है। इस हृदयविदारक घटना में 19 वर्षीय छात्र दीपक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। बताया गया कि सोमवार रात करीब 11:30 बजे करीब 10 से 12 पशु तस्कर दो पिकअप गाड़ियों से मऊआचापी गांव पहुंचे। उन्होंने गांव में स्थित दुर्गेश गुप्ता की फर्नीचर की दुकान का ताला तोड़ने का प्रयास किया। तभी आवाज सुनकर ऊपर स्थित ट्रैवल ऑफिस में सो रहा युवक सतर्क हो गया और दीपक को सूचना दी। इसके बाद दीपक स्कूटी से घटनास्थल पर पहुंचा। ग्रामीण भी मौके पर इकट्ठा हो गए। आरोपियों ने ग्रामीणों से सामना होते ही फायरिंग शुरू कर दी। भगदड़ के दौरान दीपक को जबरन गाड़ी में खींच लिया और बाद में बेरहमी से पीट-पीटकर उसका सिर कुचलकर शव को चार किलोमीटर दूर फेंक दिया। इस घटना ने पूरे इलाके में खलबली मचा दी और लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। घटना के करीब 23 घंटे बाद, मंगलवार रात एसएसपी राज करन नय्यर ने मामले में गंभीर लापरवाही बरतने पर जंगल धूषण चौकी इंचार्ज ज्योति नारायण तिवारी समेत चार पुलिस कॉन्स्टेबल को निलंबित कर दिया और पूरे चौकी के खिलाफ विभागीय जांच का आदेश दिया। देर रात एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश भी गोरखपुर पहुंचे और मामले की गहन समीक्षा की। साथ ही एसटीएफ की भी तैनाती कर दी गई है ताकि आरोपियों की पूरी गिरफ़्तारी सुनिश्चित की जा सके। पूरे इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## सेवा पखवारा अभियान के तहत सी एच सी गोला पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार गोरखपुर –** देश के यशस्वी प्रधान मंत्री मोदी जी के जन्म दिन पर चलाए जा रहे सेवा पखवारा कार्यक्रम के तहत बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पर÷स्वस्थ नारी सशक्त परिवार÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नित्यानंद मिश्र ने लाल फीता काटकर इसका औपचारिक उद्घाटन किया गया ।इस कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ती सहित बच्चों ने प्रतिभाग किया इसमे सभी का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। महिलाओं में मुख्य रूप से स्तन कैंसर गर्भाश्य कैंसर मुख कैंसर की जाँच की गई सभी का बी पी इत्यादि जांच सहित जरूरत मंद को दवाएं दी गई। गोला क्षेत्र के 23 आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर इसका संचालन होते हुए 30 वर्ष से अधिक के लोगों का एन सी डी कार्यक्रम के तहत जाँच निदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधीक्षक डॉ अमरेंद्र नाथ ठाकुर और संचालन बी सी पी एम पूनम मौर्या ने किया इसमे डॉ रजनीश राहुल डॉ चंद्र कुमार मौर्य चीफ फार्मासिस्ट जे के सिंह स्टाफ नर्स लालपति मीना आफरीन जिलानी अरुण मिश्रा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सहित समस्त स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

### किसानों को वितरित की जाएगी फ्री सरसों बीज मिनीकिट

**मथुरा।** राज्य सहायतित निःशुल्क बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम के अन्तर्गत अपर कृषि निदेशक (तिलहन एवं दलहन), उत्तर प्रदेश कृषि भवन लखनऊ के द्वारा जनपद मथुरा को (250.00 कुंट्ल) 12500 सरसों बीज के निःशुल्क मिनीकिट प्राप्त हुए है। उप कृषि निदेशक ने बताया कि शासनादेश द्वारा कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषकों के द्वारा सरसों मिनिकिट प्रदर्शनी के लिए निःशुल्क बीज प्राप्त करने के लिये ऑनलाइन आवेदन किया जायेगा। लक्ष्य से अधिक बुकिंग होने पर आवेदको के मध्य ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से लाभार्थी का चयन किया जायेगा। उसके उपरान्त चयनित लाभार्थी कृषक को पीओएस मशीन के माध्यम से निःशुल्क सरसों बीज मिनीकिट दिया जायेगा। एक सितम्बर से ऑनलाइन पोर्टल खुल गया है। जनपद के किसानो से अपील की जाती है कि रबी 2025-26 मौसम में सरसों की बुवाई करने वाले इच्छुक कृषक ऑनलाइन बुकिंग कर निःशुल्क बीज प्राप्त करने का लाभ उठाये।

## प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन सेवा पखवाड़े के रूप मे मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**मनकापुर गोण्डा–** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अंतर्गत गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि पहुँच कर विधानसभा क्षेत्र गौरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपिया में अपने कार्यकर्त्ताओ के साथ धूम धाम से मनाया गया। जिसमे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाए गए लोक कल्याण कारी योजनाओं के बारे मे चर्चा किया गया। और विधायक जी के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन किया गया।इस अवसर पर भूपेश मिश्रा प्रधान, मण्डल अध्यक्ष राम चंदर वर्मा, श्रीमती राधिका देवी, पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र नाथ पाण्डेय, जसवंत सिंह , राजन सिंह, बाबू लाल वर्मा प्रधान, राम तीरथ वर्मा प्रधान, दुर्गा शर्मा प्रधान, सुनील वर्मा प्रधान, इरसाद अहमद प्रधान, शिव कुमार वर्मा, प्रिंस त्रिपाठी जी प्रधान, अनिल पांडेय, दया शंकर पांडेय , रंजीत वर्मा , राकेश पांडेय, जक्शन तिवारी , राजन सिंह, विश्वनाथ पाठक , रोहित भारती सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा की जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** कर्म सिद्धांत के प्रतिपादन कर्ता और शिल्प कला के भगवान विश्वकर्मा की जयंती बुधवार को क्षेत्र भर में बड़ी धूमधाम से मनाई गई,भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर स्थानीय नगर सहित ग्रामीण अंचलों में औद्योगिक व तकनीकी संस्थाओं सहित सभी लौह , इस्पात व धातुओं से जुड़े कार्य करने वाले प्रतिष्ठानों पर आदि शिल्पकार विश्वकर्मा की परंपरागत तरीके से जयंती मनाई गई । भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर क्षेत्र में खासकर धातुओं से जुड़े कारोबारियों में विश्वकर्मा पूजन को लेकर काफी उत्साह दिखा।इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा द्वारा मानव जाति के लिए किये गए उपकारों और कल्याणकारी योगदान के लिए स्मरण करते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प दोहराया गया। उद्यमियो ने भविष्य में कठिन परिश्रम करने की प्रतिवद्धता जताते हुए भगवान विश्वकर्मा का स्मरण ,वंदन और नमन किया। यहाँ मिल के डायरेक्टर अनूप छापड़िया,निर्मल छापड़िया तथा आनन्द छापड़िया सहित समस्त कर्मचारियों ने संयुक्तरूप से पूरे विधि विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना किया और प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर पवन छापड़िया,निर्मल छापड़िया ,महेश छापड़िया ,पीयूष छापड़िया,संस्कार छापड़िया, प्रखर,राकेश आदि लोग उपस्थित रहे ।इसके अलावा क़स्बा क्षेत्र के राज ऑटो पार्ट्स, सतीश चन्द्र सच्चिदानंद ज्वेलर्स, वर्नवाल इण्टर प्राइजेज, विद्या ऑटो पार्ट्स, पाल ऑटो पार्ट्स, महेन्द्र मोटर साइकिल रिपेयरिंग, नन्हे इलेक्ट्रॉनिक, जायसवाल इलेक्ट्रॉनिक, अग्रहरी ट्रेडर्स आदि सहित क्षेत्र के दर्जनों प्रतिष्ठानों पर भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई है।

## टीईटी की बाध्यता के खिलाफ शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** टीईटी की बाध्यता को लेकर शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर विरोध जताया। टीईटी की अनिवार्यता को लेकर शिक्षकों का आक्रोश कम नहीं हो रहा है। अब नौकरी के अंतिम पड़ाव पर टीईटी परीक्षा पास करना शिक्षकों के समक्ष कड़ी चुनौती बन गई है। प्रदर्शन के बाद शिक्षकों ने प्रधानमंत्री व केंद्रीय शिक्षामंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ज्ञानसागर पाठक, माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय, ओंकार नाथ पटेल, जूनियर हाईस्कूल संघ के अरून यादव, कमरुद्दीन अंसारी, प्राथमिक शिक्षक संघ के संयुक्त मंत्री शिव कुमार सोनी, मंत्री अवधेश कुमार श्रीवास्तव, वेद प्रकाश पांडेय व काजिम अली अंसारी आदि ने धरने को संबोधित किया। कहा कि आरटीई अधिनियम 2009 व 23 अगसत 2010 की गाइडलाइन के अनुसार 29 जुलाई 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखना चाहिए। तीन अगस्त 2017 में संशोधन के बाद सभी शिक्षकों पर टीईटी लागू कर दिया गया। इस फैसले के कारण शिक्षक परेशान हैं। यह निर्णय हमारी सेवा व बच्चों की पढ़ाई दोनों के लिए चिंता का कारण है। सरकार तत्काल हस्तक्षेप करे और शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखा जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### मोदी जी के जन्मदिन पर पालिकाध्यक्ष ने सीएचसी मे चलाया स्वच्छता अभियान



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी के सेवा पखवाड़ा के निमित्त नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता की।पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने बताया ,भाजपा पूरे देश में सेवा पखवाड़ा मना रही है जो 17 सितंबर मा0 प्रधानमंत्री के जन्मदिन से 02 अक्टूबर गांधी जयंती तक मनाया जाएगा। आज प्रातः स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत सफाई की गयी। इस अवसर जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा ,कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार,किसान मोर्चा जिला महामंत्री धर्मेन्द्र सिंह, नगर महामंत्री राजेश राठौर, नगर उपाध्यक्ष राजन साहनी ,नगर मंत्री धीरज बाजपेई ,विनोद कुमार वर्मा एड,राजीव वर्मा ,कोषाध्यक्ष विमलेश वर्मा ,शक्ति केन्द्र संयोजक राहुल बाल्मीकि, बूथ अध्यक्ष सुधीर कोहली, उदित सोंधी,अमित मिश्रा, अंकित मिश्रा, काके सहगल अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला की अगुवाई मे नानक पुलिस चौकी पर चला सघन वाहन चेकिंग अभियान

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** क्षेत्राधिकारी गोला रमेश कुमार तिवारी ने यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने एवं कानून का राज कायम रखने को लेकर संभाली बागडोर, अपनी निगरानी में चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान। सीओ रमेश कुमार तिवारी द्वारा नानक चौकी तिराहे पर उपनिरीक्षक योगेश कुमार एवं पुलिस बल के साथ सघन वाहन चेकिंग अभियान को देखते ही वाहन चालकों में मचा हड़कम्प। वाहन चेकिंग में कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, ब्लूटूथ, मोबाइल जिसका प्रयोग करते वाहन चलाना, तेज हार्न, ट्रिपल राइडिंग आदि को लेकर शिवम चौराहे पर चलाया गया सख्ती के साथ अभियान। इस दौरान कई वाहनों रोक कर विधिक कार्यवाही करते हुए भारी मात्रा में काटे गए कई चालान एवं कई लोगो को सख्ती के साथ हिदायत भी दी गई, वहीं सघन चेकिंग देखते ही गैर जिम्मेदार वाहन चालको में मचा हड़कम्प और वो गली एवं कूंचों से निकल कर वाहनों के साथ भागते नजर आए।

### भाजपा पदाधिकारियों ने 75 से ज्यादा रक्तदान कर मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के रूप में मनाया



**टूण्डला** – देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वे जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा में टूण्डला की धरती पर हाइवे पर भाजपा पदाधिकारियों द्वारा भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह का स्वागत भव्य तरीके से किया गया। इसके बाद राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने सीएचसी टूण्डला पहुंचकर रक्तदान शिविर में भाग लिया। इस मौके पर भाजपा पदाधिकारियों ने 75 से ज्यादा रक्तदान कर मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के रूप में मनाया। इसके बाद उनके जीवन पर केंद्रित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया,यह प्रदर्शनी मोदी के संघर्ष, उपलब्धियों और दूरदर्शी नेतृत्व की प्रेरक गाथा को प्रस्तुत करती है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, टूण्डला विधायक प्रेमपाल धनगर, जिला महामंत्री दीपक चौधरी,जिलाउपाध्यक्ष हनुमंत सिंह बघेल, शिवशंकर शर्मा, कार्यक्रम संयोजक आकाश शर्मा , जिला मीडिया प्रभारी अमित गुप्ता, जिला मंत्री दुष्यंत जादौन नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्प संख्यक मोर्चा सचिन जैन, मंडल प्रभारी वीरेंद्र सिंह, रूपेश शुक्ला, संजय परमार, ओर समस्त भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

### टूण्डला प्रेस क्लब के महासचिव अंकित श्रोतिया का पत्रकारों ने जन्मदिवस मनाया



**टूण्डला**– टूण्डला प्रेस क्लब के महासचिव अंकित श्रोतिया का टूण्डला प्रेस क्लब के पदाधिकारी साथी पत्रकारों ने केक काटकर जन्मदिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के संरक्षक राजू उपाध्याय, अध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां, सचिव विवेक शर्मा, महामंत्री रामपाल चौधरी, विमल किशोर आदि पत्रकारों ने धूमधाम से जन्मदिवस मनाया।

# स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम आप विधायक ब्लॉक प्रमुख फीता काट किया उदघाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली**/स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम का आयोजन क्यों लड़िया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन नवाबगंज विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार के साथ फीता काटकर किया गया । यहां पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने सेवा पखवाड़ा मनाए जाने पर संबोधित करते हुए कहा आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस है इसलिए आज से यह सेवा पखवाड़ा का आयोजन प्रारंभ किया गया है और यह 2 अक्टूबर गांधी जयंती एवं देश के स्वर्गीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस तक मनाया जाएगा। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर प्रकाश डालते हुए कहा यह वही भारत है जिसने अमेरिका जैसे देश को सूर्य के प्रकाश में तारों की गिनती करवा दी ऐसे मजबूत और निर्भीक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से यह सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिनके नेतृत्व में भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है यहीं पर विधायक दो आर्य ने अपने संबोधन में कहा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार देश के प्रधानमंत्री की सोच का कार्य है । जिन्होंने महिलाओं को आरक्षण के साथ स्वस्थ रखने का भी संकल्प लिया है जिसके साथ ही इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है यहां पर उपस्थित यहां के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद मुगीश के साथ ही विधायक डॉक्टर एमपी आर्य भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार अंशुमान पटेल डॉक्टर निकेत सिंह डॉक्टर गुंजन सुरेंद्र पाल सिंह कौशिलर बाल विकास परियोजना अधिकारी विष्णु पांडे एस एस टी पब्लिक इंटर कालेज के प्रबंधक सुरेंद्र वीर सिंह नत्थू लाल आर्य महेश पाली गन्ना समिति डायरेक्टर पीतांबर सिंह ग्राम प्रधान रविंद्र कुमार गंगवार ओम प्रकाश गंगवार ठाकुर विनय सिंह समेत तमाम लोग उपस्थित थे।

### चौकी इंचार्ज ढखबा ने अभियान चला कर विना हेल्मेट फर्राटा भर रहे लोगे के काटे चालान



**विना हेल्मेट विना पेट्रोल के तहत भी की कार्रवाई।**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा अनुसार सभी जिलो, ,नो हेल्मेट नो पेट्रोल, मे अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम मे हैदराबाद थानाध्यक्ष सुनील मलिक के दिशानिर्देश मे ढखबा महिला चौकी इंचार्ज महादेवी ने गोला लखीमपुर रोड हाईवे के किनारे केशवापुर चौराहे पर अभियान चला कर लगभग ऐक दर्जन मोटर साइकिल सवारो के चालान काटे। इतना ही नही उनके क्षेत्र मे पडने बाले पेट्रोल पंपो पर भी विना हेल्मेट विना पेट्रोल ले रहे लोगो के चालान भी काटे। और कहा कि पेट्रोल पंप पर विना हेल्मेट लगाये किसी को पेट्रोल देते यदि पकडा जायेगा तो उस पर भी कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान अभियान चला कर लगभग ऐक दर्जन चालान काटे गये है।

# ब्लॉक प्रमुख में किसानों को वितरित किए निशुल्क बीच के किट



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली**/भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने ब्लॉक स्थित कृषि बीज भंडार पर प्रशासन द्वारा भेजे गए किसानों को निशुल्क वितरित करने के लिए सरसों चना के बीज की किटों का सामूहिक तौर पर विस्तृत किया गया यह वितरण किसानों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराया गया है। ब्लॉक प्रमुख द्वारा वितरण करने के बाद किसानों को भाजपा सरकार के द्वारा किसानों को दी जाने वाली योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंच सके यह जानकारी दी गई इसमें कोई भी माफिया हावी ना हो सके जैसा पूर्व की सरकारों में होता चला आया किसानों को यह पता नहीं चलता था कब किसका चीज का बीज किसानों के लिए भेजा गया है। परंतु अब ऐसा नहीं हो रहा शासन द्वारा भेजी गई सभी योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को सीधे दिया जा रहा है यह भाजपा के सुशासन एवं सब का साथ सबका विकास का संकल्प पूर्ण करता है जिसके तहत किसानों को सरसों चना का बीज निशुल्क उपलब्ध कराया गया है यह भाजपा सरकार की देन है जिसे आपने चुनकर सेवा करने का अवसर दिया वह सरकार अपना कर्ज सुविधा देकर उतार रही है यहां पर उपस्थित श्यामलाल मौर्य गजेंद्र पाल भानु प्रताप के साथ ही तमाम किसान गण उपस्थित थे।

# ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ के तहसील मंत्री कुलदीप विश्वकर्मा द्वारा मनाई गई भगवान विश्वकर्मा की जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नीमगांव खीरी।** ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ के तहसील मंत्री कुलदीप विश्वकर्मा द्वारा बड़ी धूमधाम से विश्वकर्मा जयंती मनाई गई, जो भगवान विश्वकर्मा को समर्पित है. देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर कारीगर, शिल्पकार, इंजीनियर, और उद्योगपति अपने औजारों, मशीनों और कार्यस्थलों की पूजा करते हैं, ताकि उनके काम में समृद्धि और तरक्की बनी रहे. यह पर्व कन्या संक्रांति के अवसर पर मनाया जाता है, जब सूर्य कन्या राशि में प्रवेश करते हैं.भगवान विश्वकर्मा की जयंती नीमगांव क्षेत्र में मनाई गई। नीमगांव क्षेत्र में कारखानों से लेकर मोटर गैरेज विधुत उपकेन्द्र और इंजीनियरिंग के काम से जुड़े प्रत्येक संस्थान में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष औजार रखकर विधि-विधान से उनकी पूजा की गई। पूजा के बाद लोगों ने एक-दूसरे को प्रसाद वितरित किया। विश्वकर्मा पूजा को लेकर घरो कारखाना, दुकानों सहित अलग-अलग जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ बताते चले कि स्वर्ग लोक से लेकर द्वारिका तक के रचनाकार भगवान विश्वकर्मा को माना जाता है। साथ ही यह कहा जाता है कि भगवान विश्वकर्मा के पूजन से व्यापार में तरक्की होती है। विश्वकर्मा जयंती हर साल के 17 सितंबर को भारत देश में धूमधाम से मनाई जाती है विश्वकर्मा जयंती के दिन लोग कार्य-व्यापार में तरक्की और घर में सुख-समृद्धि के लिए विश्वकर्मा पूजा करते हैं। इस दिन लोहे के समानों, मशीनों और दुकानों की पूजा होती है ताकि काम में आ रही अड़चने दूर हों और कार्यो में सफलता मिले इस शुभ अवसर पर महादेव विशुकर्मा संतोष कुमार विश्वकर्मा रमेश विश्वकर्मा ध्रुव विश्वकर्मा अनुराग विश्वकर्मा उत्तर कुमार विश्वकर्मा विराट विश्वकर्मा सर्वेश विश्वकर्मा पत्रकार कुलदीप विश्वकर्मा व गांव के लोग उपस्थित रहे।

# तेंदुए ने बछड़े को बनाया निवाला, गांव में दहशत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिंगाही खीरी।** क्षेत्र के गांवों में तेंदुए की बढ़ती दहशत के बीच तेंदुए ने फ़रदहिया गांव में बछिया को निवाला बना लिया। वहीं कुछ दिन पहले इसी गांव में तेंदुए ने भेड़िये को बनाया शिकार, दहशत में ग्रामीण। ग्रामीणों ने बताया खेतों में जाने से भी लग रहा डर। बुधवार को दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन की बेलरायां रेंज के नौरंगाबाद बीट के फ़रदहिया गांव के पूरब बाबा कुटी से कुछ दूरी पर गन्ने के खेत के पास लोगों ने तेंदुए को घूमते देखा। तेंदुआ वहां खेत में चर रहे एक बछड़े को अपना निवाला बना लिया।इसके बाद पास के दूसरे गन्ने के खेत में घुस गया। इन गांवों में तेंदुए का आतंक छाया है। लोग डर के मारे खेत नहीं जा रहे हैं। लोगों की सूचना पर बेलरायां रेंजर भूपेंद्र सिंह, वन दारोगा राकेश गुप्ता मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

इसी गांव में चार दिन पहले बरम बाबा मंदिर के आगे केले के खेत के पास चर रहे भेड़िए के झुंड पर तेंदुए ने हमला बोला और एक भेड़िए को खींचकर गन्ने के खेत में ले जाकर मार डाला लोगों के शोर गुल मचाने पर तेंदुआ भेड़िए को गन्ने के खेत में छोड़कर वहां से दूसरे खेत में चला गया था। सूचना पर पहुंचे रेंजर भूपेंद्र सिंह बछड़े को गड्ढा खुदवाकर गढ़वा दिया और बताया कि टीम गठित कर तेंदुए की निगरानी के लिए लगा दी गई है टीम बराबर कांबिंग कर तेंदुए की निगरानी कर रही है,और पिंजरा लगाने के लिए अनुमति मांगी गई है।साथ ही लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

# भगावन विश्वकर्मा जयंती एवं पत्रकार सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर-खीरी।** बुधवार को सुबह दिन के 8 बजे से भगवान विश्वकर्मा का पूजन हवन प्रसाद वितरण भंडारा का आयोजन किया गया। लखीमपुर खीरी के पत्रकार बंधुओं को सम्मानित किया गया। समारोह का स्थान सदर सभागार लखीमपुर जिला खीरी में भगावन विश्वकर्मा जयंती एवं पत्रकार सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि शरद बाजपाई, पूर्व राज्यमंत्री सुरजन लाल वर्मा, भाजपा नेता सुधाकर बाजपेई, अनुज शर्मा वरिष्ठ नेता, शिवकुमार शिल्पकार आदि ने भाग लिया। दिन के 12 बजे जिला खीरी के पत्रकार बंधुओं को सम्मानित किया गया। बड़ी संख्या में मनरेगा मजदूर खेतिहर मजदूर, विश्वकर्मा समाज के लोग अति पिछड़े अति दलित अधिवक्ता पत्रकार बंधुओं, ग्राम पंचायत सदस्यों, किसानों, खुदरा व्यापारियों ने भाग लिया। भारत की गरीबी व बेरोजगारी ठेकेदारी प्रथा भ्रष्टाचार जड़ से खत्म करने के लिए, भारत के 40 करोड़ मजदूर मिस्त्रियों को सभी विभागों में पोस्टिंग करवाने के लिए, 35 लाख ग्राम पंचायत सदस्यों को निधि बनाने के लिय, खुदरा व्यापारी, किसान अति पिछड़े अति दलितों की दीन दशा पर गहन विचार विमर्श किया गया। समरोह को सम्बोधित करते हुए मनरेगा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि भारत को आजाद हुए लगभग 76 वर्ष हो चुका है। लेकिन अब तक भारत के 147 विभागों में मजदूर मिस्त्रियों की पोस्टिंग नहीं की गई है। अरबों, खरबों रूपए केंद्र व राज्य सरकारें विकास के नाम पर मंजूर करती है। ठेकेदारों के माध्यम से लूटने व लूटने का काम किया जा रहा है। इस लिए गांव के गरीब मजदूर अपने गांव व प्रदेश को छोड़ कर अन्य प्रदेशों में 12 घंटा की ड्यूटी करके गुजर बसर कर रहे है। श्री शर्मा ने जोर ने जोर देकर कहा कि 16 करोड़ वैज्ञानिक विश्वकर्मा कोई राजनीतिक दल टिकट नही देता है। इस लिए उनको बच्चों को सरकारी नोकरी नही मिल पा रही है। उनका आरक्षण किया जाए। और उनके संरक्षण के लिए एक्ट बनाया जाए। युवा एवं वृद्ध अधिवक्ता पत्रकार बंधुओं को 5 हजार रुपए प्रतिमाह। पेंशन दी जाए। और 20 20 लाख का बीमा किया गए। भारत के 14 करोड़ किसानों को तीन हजार रूपये प्रति माह पेंशन दी जाए। एवं पति पत्नी दोनों किसानों को पेंशन दी जाय। मनरेगा अध्यक्ष ऋषि संतोष ने कहा कि प्राइवेट ट्रक व बस चालकों को 5 हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन दी जाए। पेड़ पौधों को देख भाल के लिए ग्राम स्तर पर 25 - 25 माली किस्म के लोगों को पोस्टिंग की जाए। प्रत्येक ग्राम सभा पांच पांच विश्वकर्मा मित्र लगाए जाय। 12 - 12 पोताई रंगाई मिस्त्रियों, 12 - 12 राजगीर मिस्त्रियों, 25 25 सुरक्षा मित्र, एक हजार की आबादी पर 2 सफाई कर्मियों की पोस्टिंग पूरे भारत में की जाए। सभा को मुख्य अतिथि शरद बाजपेई ने संबोधित करते हुए कहा कि मनरेगा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा गरीब मजदूरों के लिए बहुत वर्षों से संघर्ष कर रहे है। इनके संघर्ष में हमने हमेशा सहयोग दिया। और देते रहेंगे। समारोह को पूर्व राज्यमंत्री सुरजन लाल वर्मा ने कहा कि ऋषि संतोष शर्मा हमारे बड़े पूर्व कैबिनेट मंत्री राम कुमार वर्मा के सहयोगी रहे है। हम और हमारा पूरा परिवार उनके साथ रहा है। और रहेगा। सभा को पंडित वेद प्रकाश शर्मा , जिला सीतापुर अवधेश शर्मा, जिला अध्यक्ष शाहजहांपुर ओमवीर, जिला रमेश चंद्र, पंडित जसकरण लाल शर्मा जी, कोषाध्यक्ष अंजनी कुमार शर्मा जी, सुभाष मिश्रा, रामविलास मौर्य, शिवपूजन मिश्र, इंद्रपाल राज, कामिनी राजवंशी, मिश्रा शर्मा राष्ट्रीय सोशल मीडिया, आदि ने संबोधित किया बड़ी संख्या मनरेगा मजदूर मिस्त्री, विश्वकर्मा समाज के लोग मजदूर किसान मौजूद रहे।

# परिवहन विभाग ने की कार्रवाई-नियम उल्लंघन पर तीन वाहन जब्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहम्मदी खीरी।** परिवहन विभाग ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। पिछले दो दिनों से चल रहे इस अभियान के तहत मंगलवार रात तीन वाहनों को जब्त कर मोहम्मदी कोतवाली गेट पर खड़ा किया गया। परिवहन विभाग के पीटीओ कौशलेंद्र यादव के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। जब्त किए गए वाहनों में ईंटों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली, एक पिकअप और एक छोटा पिकअप शामिल हैं।इन वाहनों पर नियमों का उल्लंघन करने और परिवहन विभाग के मानकों को पूरा न करने का आरोप है।इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है। बुधवार को सड़कों पर बड़े वाहनों की संख्या कम दिखाई दी। चालकों के बीच इस अभियान को लेकर चर्चा बनी हुई है।पीटीओ कौशलेंद्र यादव ने बताया कि यह अभियान सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगाम लगाने के लिए चलाया जा रहा है। ओवरलोडिंग और कागजात पूरे न होने जैसे मामलों में कार्रवाई की जा रही है।

# तमोलिनपुरवा बंधा कटने पर सैकड़ों बोरियां लेकर मौके पर पहुँचे राजा राजेश्वर सिंह

**●बंधे का जायजा लेकर बाढ़ पीड़ित ग्रामवासियों का जाना हाल और किया उत्साहवर्धन।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**निघासन (खीरी)।** तहसील निघासन के दर्जनों गांवों को बाढ़ से बचाने में अहम भूमिका निभाने वाला तमोलिनपुरवा बांध एक बार फिर चर्चा में है। यह बांध झंडी स्टेट के राजा राज राजेश्वर सिंह की पहल से बनाया गया था, जिसने लंबे समय तक क्षेत्र को बाढ़ से सुरक्षा दी। हाल ही में जब जलस्तर अधिक बढ़ा तो बांध के ऊपर से पानी बहने लगा, जिससे हल्की बाढ़ जैसे हालात बने। इसी बीच ग्रामवासियों के अनुसार कुछ अराजक तत्वों ने बांध को काट दिया, जिससे पानी का प्रवाह तेज हो गया और कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए। गनीमत रही कि ग्रामीणों को समय रहते कटान की जानकारी मिल गई। प्रधान प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से बोरियां डालकर बांध को दोबारा बंद कर दिया गया, जिससे बड़ी तबाही टल गई। ग्रामीणों की सूचना पर झंडी स्टेट के राजा राज राजेश्वर सिंह स्वयं बांध का निरीक्षण करने पहुंचे। ग्रामीणों ने जब बताया कि बोरियों की कमी के कारण बांध को पूरी तरह मजबूत नहीं किया जा सका तो इस पर राजा राज राजेश्वर सिंह ने तत्काल निजी मद से से सैकड़ों बोरियों की व्यवस्था कर मौके पर लालपुर प्रधान को दी जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। साथ ही खण्ड विकास अधिकारी को आवश्यकतानुसार और बोरियां उपलब्ध कराने व ग्रामीणों के बंधा कटने के आरोपों की जांच कराने को कहा । ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बांध को काटने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

# ब्रज मौर्या को उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस (मध्य जोन ) का चेयरमैन बनाया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर।** लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र जीवन से से लेकर आज तक कांग्रेस पार्टी के झंडे तले छात्रों, नौजवानों और किसान भाइयों की हर लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करने वाले पलिया ब्लॉक गोविंद नगर कॉलोनी लखीमपुर खीरी के साधारण किसान परिवार में जन्मे ब्रज मौर्या जी को उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस ( मध्य जोन ) का चेयरमैन बनाए जाने पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी, एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी, व राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पांडे जी, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी शीर्ष नेतृत्व को बधाई एवं शुभकामनाएं उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने बताया बृज मौर्या पर शीर्ष नेतृत्व ने भरोसा जताते हुए बहुत बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है द्य बृज मौर्या के मनोनयन से जनपद के कांग्रेसियों में खुशी की लहर है द्य जिले का नाम रोशन किया जनपद लखीमपुर खीरी से पहली बार प्रदेश की इतनी बड़ी जिम्मेवारी मिली है। निश्चित ही आने वाले समय में किसानों की लड़ाई लड़ेंगे द्य कांग्रेस को मजबूती प्रदान करेंगे। बृज मौर्या के मनोनयन पर पूर्व सांसद जफर अली नकवी, पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रहलाद पटेल, कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी, उपाध्यक्ष मोहन चंद्र उप्रेती, युवा कांग्रेस अध्यक्ष नवाज खान आदि ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी । साथ ही शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया ।

# नगर पंचायत खीरी की लापरवाही- घायल गाय सड़क पर चलने के लिए कर रही संघर्ष

**●गौशाला होते हुए भी बेसहारा गाय कई दिनों से तड़प रही, प्रशासन मूकदर्शक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खीरी टाउन खीरी।** नगर पंचायत खीरी क्षेत्र में गायों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन की लापरवाही खुलकर सामने आई है। गौशाला मौजूद होने के बावजूद घायल और बेसहारा गायें सड़कों पर भटकने को मजबूर हैं। ताज़ा मामला खीरी टाउन का है, जहाँ एक गंभीर रूप से घायल गाय कई दिनों से अपने ज़ख्मी पैर के सहारे मुश्किल से चल रही है। गाय का पैर इतना चोटिल है कि वह हर कदम पर दर्द से कराह रही है, लेकिन नगर पंचायत खीरी प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारी अब तक अनदेखी कर रहे हैं।एक ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं गौशाला पहुँचकर गायों को चारा खिलाते हैं और ÷गौ-सेवा÷ का संदेश देते हैं, वहीं दूसरी ओर खीरी टाउन में घायल गाय की दुर्दशा सरकार के दावों की हकीकत उजागर कर रही है।योगी सरकार का दावा है कि उत्तर प्रदेश में गायों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए करोड़ों का बजट जारी किया गया है और गौशालाओं का निर्माण कराया गया है। मुख्यमंत्री कई बार कह चुके हैं कि "गौ-वंश की सेवा हमारी सरकार का संकल्प है।" मगर खीरी टाउन का यह दृश्य उन दावों की पोल खोल रहा है। गौशाला होते हुए भी घायल गाय सड़कों पर भटक रही है और स्थानीय प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।स्थानीय लोगों का ने कहा कि "गाय की हालत बेहद खराब है, तत्काल पशु-चिकित्सा टीम भेजी जाए और नगर पंचायत खीरी प्रशासन की जिम्मेदारी तय की जाए।" अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले पर कब तक कार्रवाई करता है।

# परिवहन विभाग ने की कार्रवाई-नियम उल्लंघन पर तीन वाहन जब्त

**मोहम्मदी खीरी।** परिवहन विभाग ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। पिछले दो दिनों से चल रहे इस अभियान के तहत मंगलवार रात तीन वाहनों को जब्त कर मोहम्मदी कोतवाली गेट पर खड़ा किया गया। परिवहन विभाग के पीटीओ कौशलेंद्र यादव के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। जब्त किए गए वाहनों में ईंटों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली, एक पिकअप और एक छोटा पिकअप शामिल हैं।इन वाहनों पर नियमों का उल्लंघन करने और परिवहन विभाग के मानकों को पूरा न करने का आरोप है।इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है। बुधवार को सड़कों पर बड़े वाहनों की संख्या कम दिखाई दी। चालकों के बीच इस अभियान को लेकर चर्चा बनी हुई है।पीटीओ कौशलेंद्र यादव ने बताया कि यह अभियान सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगाम लगाने के लिए चलाया जा रहा है। ओवरलोडिंग और कागजात पूरे न होने जैसे मामलों में कार्रवाई की जा रही है।

# दो पशुओं की डीसीएम की टक्कर से मौत, एक घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र में बीती रात शाहजहांपुर-पलिया हाईवे पर एक तेज रफ्तार डीसीएम ने आवारा पशुओं को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो पशुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना बिजुआ विकासखंड के बोझवा गांव के पास हुई, जब डीसीएम पलिया से वापस आ रही थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दो पशुओं ने मौके पर ही दम तोड़ दिया और एक बछिया गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलने पर पशु चिकित्सा अधिकारी बिजुआ हेमंत कुमार अपनी टीम के साथ और भीरा पुलिस मौके पर पहुंची।घायल पशु को तत्काल उपचार दिया गया।हालांकि, चिकित्सकों के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने मृत पशुओं को अपने निजी वाहनों से ले जाकर दफना दिया था।

# संक्षिप्त खबरें

## भदोही में 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान और राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ



**भदोही/सुरियावा,** 17 सितम्बर 2025: स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान (17 सितम्बर से 2 अक्टूबर) एवं आठवां राष्ट्रीय पोषण माह (17 सितम्बर से 16 अक्टूबर) का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ बुधवार को आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की गरिमामयी उपस्थिति में किया। सीएचसी सुरियावा में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि "स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार की आधारशिला है। जब महिलाएं स्वस्थ रहती हैं तो परिवार हर कठिन परिस्थिति से मजबूती से सामना कर सकता है। इसलिए सभी को इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।" इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. अभिषेक नाग, डॉ. विपिन यति, डॉ. सुभाष, एचईओ गीता देवी, आईओ अरविंद यादव, धीरज पाल, ईश्वर चंद्र वर्मा, प्रवीण चौबे, प्रवीण सिंह, सुरेश कुमार समेत स्वास्थ्य केंद्र का समूचा स्टाफ उपस्थित रहा। अभियान का उद्देश्य महिलाओं और परिवारों में पोषण, स्वास्थ्य जागरूकता और संतुलित आहार को बढ़ावा देकर समाज को स्वस्थ एवं सक्षम बनाना है।

## बावन बीघा तीर्थक्षेत्र सुरियावां में श्रीमद् भागवत कथा का चतुर्थ दिवस संपन्न



**सुरियावां, भदोही।** बावन बीघा तीर्थक्षेत्र में चल रहे चातुर्मास अनुष्ठान के अंतर्गत पूज्य पंकज जी महाराज ने मंगलवार को श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस की रसपूर्ण कथा सुनाई। उन्होंने राजा उत्तानपाद और रानी सुरुचि की कथा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए ध्रुव के जन्म तथा बाल्यावस्था में भगवान की प्राप्ति के लिए किए गए कठोर तप की प्रेरणादायी कथा प्रस्तुत की। आज की कथा में महाराज जी ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल गोपाल स्वरूप के प्राकट्य की लीलाओं का सुमधुर संगीतमय पाठ कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। व्यास पीठ से पूज्य पंकज जी महाराज ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन पर उनके उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना करते हुए भगवान विश्वकर्मा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। कथा श्रवण के दौरान सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर होकर अमृतमयी कथा रस का आनंद लेते रहे और वातावरण हरि-भक्ति से गूंज उठा।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया



**सीखड़, मीरजापुर।** प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र सीखड़ पर विश्व के लोकप्रिय नेता करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष विजय भारद्वाज पटेल के नेतृत्व में स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया शिविर कार्यक्रम का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख सीखड़ छत्रपति सत्येंद्र कुमार सिंह द्वारा किया गया उक्त शिविर में काफी संख्या में स्थानीय लोगों के द्वारा स्वास्थ परिक्षण जांच कराया तथा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया उक्त अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ नीलेश कुमार कुशवाहा के साथ बीसी पिएम मनीष सिह डॉ पवन पांडेय, डॉ विजय, अजित सिंह,भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष रणवीर प्रताप सिंह आनंद शर्मा राजेश सिंह महा मंत्री नीरज सरोज सिंह शीतलेश्वर प्रसाद पाठक सहित काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सहित स्वास्थ विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भदोही में प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिन पर छायाचित्र व पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारम्भ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही:** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र दामोदरदास मोदी जी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित ''कहानी भारत मां के सच्चे सपूत की'' शीर्षक छायाचित्र एवं पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारम्भ ज्ञानपुर स्थित जीआईसी मैदान में किया गया। सांसद डॉ. विनोद बिन्द, एमएलसी के.पी. श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायक ज्ञानपुर विपुल दूबे, विधायक औराई दीनानाथ भाष्कर, जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिलाधिकारी शैलेष कुमार और मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर ''सेवा पखवाड़ा'' का भी शुभारम्भ हुआ, जो 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती तक चलेगा। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी के बचपन से लेकर वर्तमान तक के जीवन के विविध आयामों को दर्शाने वाले छायाचित्र और "नरेन्द्र मोदी द ग्लोबल लीडर", "मोदी 20: ड्रीम्स मीट डिलेवरी" सहित कई पुस्तकें प्रदर्शित की गई।

सांसद डॉ. बिन्द ने कहा, "जो अपने संघर्ष से आगे बढ़े, अपने दम पर खुद को गढ़े, उसे कहते हैं नरेन्द्र मोदी।"

जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री को 'इतिहासपुरुष' बताते हुए कहा कि मोदी जी ने आत्मनिर्भर भारत, जल क्रान्ति, काशी के कायाकल्प और नारी सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में अद्वितीय योगदान दिया है। विधायक विपुल दूबे और दीनानाथ भाष्कर ने मोदी जी को एक भारत-श्रेष्ठ भारत का शिल्पकार बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम छू रहा है।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री का विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 का विजन देश को नई दिशा दे रहा है और इसे साकार करने में सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। कार्यक्रम में चेयरमैन ज्ञानपुर घनश्यामदास गुप्ता, अधिशासी अधिकारी धर्मराज सिंह, संयोजक नागेंद्र सिंह, रमेश पांडेय, पत्रकार बन्धु और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार ने आमजन से प्रदर्शनी अवश्य देखने और प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी जीवन से सीख लेने की अपील की।

# पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विषय पर क्विज एवं मॉडल प्रतियोगिता आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मिर्जापुर।** मंगलवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के अंतर्गत वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विषयक क्विज एवं मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) माधवी शुक्ला ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण एवं ओजोन परत के महत्व को बताते हुए पर्यावरण को संरक्षित करने हेतु छात्राओं को प्रेरित किया। साथ ही छात्र छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण हेतु वैज्ञानिक नवाचारों के विकास पर बल देने को कहा। स्नातक स्तर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जाह्नवी गुप्ता ( बी0 एस0 सी0 प्रथम सेमेस्टर), द्वितीय स्थान शिद्रा खान (बी0 एस0 सी0 पंचम सेमेस्टर),एवं तृतीय स्थान तनीषा मौर्या, काजल राय (बी0 एस0 सी0 प्रथम सेमेस्टर) ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। स्नातकोत्तर स्तर पर आयोजित मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आकांक्षा एवं अमृता (एम0 एस0 सी0 तृतीय सेमेस्टर) ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान मोनी पटेल (एम0 एस0 सी0 तृतीय सेमेस्टर) एवं विशाखा (एम0 एस0 सी0 तृतीय सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ0 रीता मिश्रा, डॉ0 शैलेंद्र कुमार एवं डॉ0 शिव कुमार ने निर्णायक मंडल के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम का संचालन वनस्पति विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ0शिखा तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ0विद्या सिंह ने किया।प्रतियोगिता में कुल 22 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के प्रेसिडेंट डॉ0सत्येंद्र कुमार, वनस्पति विज्ञान के प्रयोगशाला सहायक डॉ0 रामानंद पुजारी सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, प्राध्यापिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सोनी टीवी लाया है एक शो जो भर दे आपकी नवरात्रि में विश्वास और भक्ति- चलो बुलावा आया है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जित मुम्बई:-** आने वाले हफ़्ते में नवरात्रि का आगमन होने वाला है। माँ दुर्गा के विभिन्न अवतारों की पूजा करने वाले इस मौसम में, भक्तों को अपनी दिव्यता को पोषित करने का एक अवसर मिलता है। हालाँकि, इस बार सोनी के नए शो ÷चलो बुलावा आया है" के साथ लोगों के पास नवरात्रि उत्सव का आनंद लेने का एक और कारण होगा। माँ वैष्णो देवी और उनके आशीर्वाद की कहानी को जीवंत करने वाली एक कहानी के साथ, इस शो का समय नवरात्रि के उत्सव के उत्साह के साथ पूरी तरह मेल खाता है।

जैसा कि पूरा देश नवरात्रि के दौरान माँ वैष्णो देवी की पूजा में डूबा हुआ है, चलो बुलावा आया है निश्चित रूप से भक्ति की एक अतिरिक्त परत जोड़ देगा। यह एक ऐसा शो लॉन्च करने का सही समय है जो दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ जाएगा। यह सही क्षण है जब लोग न केवल अपने आस-पास माँ दुर्गा की उपस्थिति महसूस करेंगे बल्कि अपने टेलीविजन स्क्रीन पर उनकी दिव्यता को भी अपनाएंगे। महावतार नरसिम्हा के साथ एक समान घटना देखी गई थी, जिसमें भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार को दिखाया गया था और इसे कृष्ण जन्माष्टमी के दौरान दर्शकों ने अपनाया था, जो इसके रिलीज के तुरंत बाद थी। जिस तरह महावतार नरसिम्हा ने सिनेमाघरों में दर्शकों को हमारी पौराणिक कथाओं की झलक दिखाई और हमारे देवताओं की दिव्यता का जश्न मनाया, उसी तरह चलो बुलावा आया है माँ दुर्गा के प्रति एक भक्त की भक्ति का जश्न मनाते हुए, टेलीविजन पर वही अनुभव लेकर आएगा।

अपना उत्साह साझा करते हुए, अविनेश ने कहा, "सागर सिंह लोधी का किरदार निभाकर मैं सचमुच धन्य महसूस कर रहा हूँ। वह एक ऐसे इंसान हैं जो शक्ति और संवेदनशीलता, दोनों का प्रतीक हैं। वह एक बहादुर सिपाही हैं जो अपने देश और अपने परिवार के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। अपने करियर में अब तक कई गंभीर किरदार निभाने के बाद, इस किरदार में कदम रखना एक ताज़ा बदलाव जैसा लग रहा है। मेरे लिए, इस शो में अभिनय करना सिर्फ़ अभिनय करने के बारे में नहीं है, बल्कि आस्था और विश्वास के मूल्यों को जीने और ईश्वर के प्रति अपने प्रेम को प्रदर्शित करने के बारे में है। साथ ही, यह पहली बार है जब मैं एक सूबेदार की भूमिका निभाने जा रहा हूँ, इसलिए मैं अपने दर्शकों द्वारा मुझे अलग-अलग भूमिकाओं में देखने के लिए उत्साहित हूँ।" वन लाइफ स्टूडियो द्वारा निर्मित और सिद्धार्थ कुमार तिवारी द्वारा रचित ÷चलो बुलावा आया है" एक पौराणिक और भक्तिमय धारावाहिक है। यह धारावाहिक एक छोटी बच्ची की कहानी कहता है जिसका हृदय ईश्वर के प्रति प्रेम और अटूट आस्था से भरा है। युवा पायोजा श्रीवास्तव, मानिकी की भूमिका में हैं, जिनकी माता रानी के प्रति अटूट भक्ति आपको देवी के प्रेम में पड़ने के लिए प्रेरित करेगी। यह कहानी उनकी आस्था के सफ़र पर आधारित है। कलाकारों में अविनेश रेखी, आलिया घोष, पुनीत वशिष्ठ आदि शामिल हैं। 22 सितंबर से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर हर शाम 8:30 बजे से माणिकी की कहानी देखने के लिए जुड़े रहें।

# बेरोजगारी और आर्थिक तंगी ने निगली एक जिन्दगी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अहरौरा, मीरजापुर।** थाना क्षेत्र के कन्हैयालाल गोला का है, 40 वर्षीय युवक चंद्रभान मौर्य पुत्र स्वर्गीय बंसी लाल मौर्य का शव आंगन में फांसी के फंदे पर लटकता देख परिवार में हंगामा मच गया। युवक बेरोजगार और आर्थिक तंगी से पीड़ित था, स्थानीय से पता चला कि थोड़े बहुत नशा पत्ती भी करता था। परिवार में पत्नी मीना देवी, 21 वर्षीय बेटा और 19 वर्षीय बेटी है जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। पत्नी मीना देवी जमालपुर स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय में रसोईया का काम करती हैं, और बेटा भी नारायणपुर स्थित किसी निजी प्रतिष्ठान पर कार्य करके किसी तरह परिवार का जीविकापार्जन करता है।

चंद्रभान के असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। अहरौरा थाना के नवागत स्ह सदानंद सिंह अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर विधिक कार्रवाई करते हुए बॉडी को पीएम के लिए भेज दिया।

## क्षीर सागर लीला का मंचन देखने उमड़ी लीला प्रेमियों की भीड़



**चुनार मिर्जापुर।** नगर में श्री राघवेंद्र रामलीला कमेटी के तत्वावधान में चल रहे इक्कीस दिवसीय रामलीला को देखने के लिए लीला प्रेमियों की भीड उमड़ी रही है। तीसरे दिन मंगलवार की शाम रावण की तपस्या, रावण का कैलाश पर्वत उठाना, रावण का अत्याचार, शांतनु का दशरथ को श्राप व क्षीर सागर की झांकी लीला का मंचन किया गया। लीला सकुशल संपन्न कराने में लक्ष्मीकांत पांडेय पांडेय, गोविंद जायसवाल, चन्द्रहास गुप्ता, संजय साहू, बृजनंदन कुशवाहा, अखिलेश मिश्रा, अमित गुप्ता,गौरीनाथ दीक्षित,पवन पांडेय, डॉ विनोद शर्मा आदि पदाधिकारी एवं पात्रों का सहयोग रहा।

## नवागत कोतवाल का पत्रकारों ने किया सम्मान



**चुनार मिर्जापुर।** बुधवार को नवागत कोतवाल विजय शंकर सिंह का पत्रकारों द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह ने कहा कि अपराध पर नियंत्रण के साथ साथ जन समस्याओं का निराकरण उनकी प्राथमिकता होगी।

## छात्र नेता दीपक उपाध्याय दूसरे दिन भी हाऊस अरेस्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गाजीपुर।** गाजीपुर,17-09-2025- जनपद में लोकतंत्र पर हमला जारी है। ऐसा कहना है छात्र नेता दीपक उपाध्याय का।छात्र नेता दीपक उपाध्याय को कल, नोनहरा पुलिस की बर्बरता के विरोध में ज्ञापन सौंपने से रोकने के लिए हाउस अरेस्ट किया गया था। इस कार्रवाई के बावजूद, छात्र नेताओं ने सफलतापूर्वक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा लेकिन, प्रशासन की बौखलाहट यहीं नहीं रुकी। आज, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भी दीपक उपाध्याय को उनके घर में नजरबंद रखा गया है।

छात्र नेता दीपक उपाध्याय ने इस कार्रवाई को अन्याय के खिलाफ लड़ने वाले को जानबूझकर परेशान करने की साजिश बताया है। उन्होंने कहा, "पुलिस ने मनगढ़ंत ढंग से मुझे घर पर हाउस अरेस्ट कर दिया है ताकि मैं बाहर न जाऊं। यह सब इसलिए किया जा रहा है ताकि मैं नोनहरा पुलिस लाठीचार्ज में मारे गए सीताराम उपाध्याय जी के न्याय के लिए न लड़ सकूं। पुलिस और प्रशासन मुझ पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं।" उन्होंने आगे कहा, "मेरा हौसला तोड़ने की कोशिश की जा रही है, लेकिन मैं डरने वाला नहीं हूँ। मैं अन्याय के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखूंगा।" हम इस गैर-कानूनी नजरबंदी की कड़ी निंदा करते हैं।

# भदोही में सेवा पखवाड़ा-2025 का भव्य शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही,** 17 सितम्बर 2025: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती (2 अक्टूबर) तक आयोजित 'सेवा पखवाड़ा-2025' का शुभारंभ महाराजा चेतसिंह जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर और स्वच्छता अभियान के साथ हुआ। उद्घाटन मा. सांसद डॉ. विनोद बिन्द, एमएलसी के.पी. श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायक ज्ञानपुर विपुल दूबे, विधायक औराई दीनानाथ भाष्कर, जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, पूर्व विधायक रवीन्द्रनाथ त्रिपाठी, जिलाधिकारी शैलेष कुमार और मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल ने संयुक्त रूप से किया। तत्पश्चात मरीजों को फल वितरण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली गई।

**राष्ट्रीय पोषण माह और जागरूकता रैली**

बाल विकास एवं सेवा पुष्टाहार विभाग के तत्वावधान में आठवां राष्ट्रीय पोषण माह (17 सितम्बर-16 अक्टूबर) का शुभारंभ भी हुआ। चित्रांगन लॉन, ज्ञानपुर में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में मोटापा निवारण, चीनी व तेल के कम उपयोग, "पोषण भी पढ़ाई भी", "एक पेड़ मां के नाम" सहित कई थीम पर जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई।

डॉ. विनोद बिन्द ने कहा, "मोटापा निवारण के लिए संतुलित आहार और चीनी-तेल का सीमित सेवन अत्यंत आवश्यक है।"

**किसान मेला एवं मिलेट्स रेसिपी प्रदर्शनी**

कृषि विभाग द्वारा किसान मेला और मिलेट्स रेसिपी सह-प्रदर्शनी का शुभारंभ भी हुआ। उपनिदेशक डॉ. अश्वनी सिंह के नेतृत्व में लगाए गए स्टॉलों का अतिथियों ने अवलोकन किया। बड़ी संख्या में किसानों ने आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज, सिंचाई और फसल विविधीकरण संबंधी जानकारी प्राप्त की। सांसद डॉ. बिन्द ने कृषि क्षेत्र में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुए नवाचारों को सराहा, जबकि जिलाधिकारी ने वैज्ञानिक खेती, सीड पार्क और फूड प्रोसेसिंग अवसंरचना से किसानों की आय दोगुनी होने की दिशा में किए गए प्रयासों का उल्लेख किया।

**स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" अभियान का शुभारंभ किया। इसका सजीव प्रसारण गोपीगंज सीएचसी सहित जिले के तीनों जिला चिकित्सालयों, सभी सीएचसी, पीएचसी और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर हुआ, जिसे जनप्रतिनिधियों, डीएम, सीडीओ और बड़ी संख्या में जनपदवासियों ने देखा।

**स्वच्छता संकल्प और 'विकसित भारत' थीम**

सेवा पखवाड़ा-2025 की व्यापक थीम "विकसित भारत" है, जो भारत को 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना प्रस्तुत करती है। इसके अंतर्गत आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, विज्ञान-प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, नवाचार, डिजिटल परिवर्तन, महिला व युवा सशक्तिकरण और स्वच्छता जैसे क्षेत्रों में बहुआयामी प्रगति पर बल दिया गया है।

इसी क्रम में सभी नगरीय निकायों और विकास खंडों में स्वच्छता शपथ दिलाई गई और साफ-सफाई, ब्लीचिंग पाउडर व चूना छिड़काव जैसे कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में नागेंद्र सिंह, रमेश पांडेय, मनीषा अंबष्ट, सुषमा मालवीय, रमेश सोनकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# दशहरा पर्व 2025 की तैयारी को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोपालगंज (बिहार)-** दशहरा पर्व 2025 के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने एवं सुचारु रूप से पूजा-अर्चना तथा विसर्जन कार्य सुनिश्चित कराने हेतु जिला प्रशासन की ओर से शांति समिति की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता माननीय विधान पार्षद राजीव कुमार एवं जिला पदाधिकारी पवन कुमार सिन्हा द्वारा की गई। बैठक में अपर समाहर्ता (राजस्व), अपर समाहर्ता (आपदा), अनुमंडल पदाधिकारी गोपालगंज, पुलिस प्रशासन के वरीय पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण तथा जिले के सभी शांति समिति सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में जिला पदाधिकारी ने विभागीय निदेशानुसार पूजा पंडालों का निरीक्षण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर पूजा समिति के साथ समन्वय बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। प्रत्येक पूजा समिति के लिए लाईसेंस अनिवार्य किया जाएगा और बिना लाईसेंस के किसी भी प्रकार का आयोजन प्रतिबंधित रहेगा।

सभी पूजा पंडालों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटा जा सके। सुरक्षा की दृष्टि से सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने तथा पूजा समिति के सभी सदस्यों के पहचान पत्र एवं मोबाइल नंबर प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

विसर्जन के समय सभी घाटों पर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग और प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जाएगी। साथ ही, विसर्जन के समय सीसीटीवी कैमरा और वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने संवेदनशील घाटों को चिह्नित करने और वहां विशेष सुरक्षा बलों की तैनाती का आदेश दिया।




बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण, विधि-व्यवस्था की निगरानी एवं आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए कंट्रोल रूम सक्रिय रहेगा। इसके अतिरिक्त, पुलिस-प्रशासन को नियमित गश्ती करने और अफवाहों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। शांति समिति के सदस्यों से प्रशासन ने अपील की कि वे आपसी सहयोग एवं समन्वय से पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराएं।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर मिलेगा मा. प्रधानमंत्री मोदी जी के समक्ष विचार रखने का मौका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही/** मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग डिज़ का आयोजन मेरा युवा भारत पोर्टल पर किया जा रहा है। इस क्विज़ में भाग लेने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है। जिला युवा अधिकारी आर.जी. सिंह चौहान ने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की अग्रणी भूमिका की आवश्यकता पर बल दिया था। इसी विचार को आगे बढ़ाते हुए युवाओं को विकसित भारत की भविष्य की योजना को पूरा करने की दिशा में अपने विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का अवसर दिया जा रहा है।

क्विज़ प्रतियोगिता विशेष रूप से 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के लिए तैयार की गई है। प्रतिभागियों को 10 मिनट में 20 बहुविकल्पीय प्रश्नों का उत्तर देना होगा। यह क्विज़ पूर्णतः निःशुल्क है और इसमें उत्तर देने की सुविधा देश की 12 प्रमुख भाषाओं में उपलब्ध है। प्रथम 10,000 विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले युवाओं को 12 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव विकसित भारत युवा लीडर्स डायलॉग में शामिल होने और सीधे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष अपने विचार रखने का अनूठा अवसर मिलेगा। जिला युवा अधिकारी ने जनपद भदोही के युवाओं से इस क्विज़ में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया है, ताकि जिले के युवा भी विकसित भारत के निर्माण की यात्रा में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### फेसबुक पर प्यार में धोखा लिख कर छात्र ने लगाई फांसी

ब्यूरो प्रयागराज। थरवई थाना क्षेत्र के चालीस नंबर गोमती पर रहने वाले एक दरोगा के किशोर बेटे ने मंगलवार की रात कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। बुधवार की सुबह माँ ने स्कूल जाने के लिए बेटे को आवाज दी काफी देर तक दरवाजा नं खुलने पर माँ ने खिड़की से देखा तो अंदर फांसी पर देख कर माँ की चीख निकल गई। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और दरवाजा तोड़कर किशोर को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। घटना की सूचना थरवई पुलिस को दिया गया मौक़े पर पुलिस पहुंची कमरे की तलाशी ली तो मोबाइल में फेसबुक पर किसी लड़की को चैट करके बाद आत्महत्या की बात सामने आई। परिजनों की मांग पर पुलिस ने पंचनामा करके शव को परिजनों को सौप दिया। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ हैं। सरायइनायत थाने के ककरा के रहने वाले श्याम नारायण यादव करीब आठ साल से थरवई के चालीस नम्बर गोमती पर मकान बनवाकर रहते हैं। श्याम नारायण पुलिस विभाग में दरोगा हैं वर्तमान में उनकी पोस्टिंग प्रतापगढ़ में हैं। पत्नी दोनों बेटे और एक बेटी के साथ चालीस नंबर गोमती पर रहती हैं। बड़ा बेटा राहुल यादव (17) इंटर का छात्र हैं फाफामऊ शांतिपुरम में गुरुकुल मान टेसरी स्कूल में इंटर का छात्र हैं। मौक़े पर एसीपी थरवई चंद्र पाल सिंह, इंस्पेक्टर थरवई ओम प्रकाश फ़ोर्स के साथ पहुँचे परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुलिस को कमरे में मिले मोबाइल में फेसबुक पर एक लड़की को चैट करके आत्महत्या की बात सामने आई। परिजनों की मांग पर पुलिस ने शव का पंच नामा करके परिजनों को सौप दिया।

### तहसील के अभिलेखागार में दस्तावेजों में चढ़ाया गया फर्जी नाम

प्रयागराज । बारा तहसील के अभिलेखागार में रखे सरकारी दस्तावेज असुरक्षित है। दस्तावेज में फर्जी ढंग से नाम दर्ज कर दिया जाता है। जानकारी होने पर एसडीएम बारा ने जांच के आदेश दिए हैं। किसानों एवं सरकारी भूमि के रख-रखाव की जिम्मेदारी अभिलेखागार की होती है। किसान अभिलेखों में दर्ज आदेशों को सुरक्षित महसूस करते हैं किंतु बारा तहसील के अभिलेखागार में अब फर्जी नाम दर्ज की घटनाएं घट रही है। ताजा मामला ग्राम पंचायत बुंदावा का प्रकाश में आया है। गांव के खाता संख्या 114 मि रकबा सरकारी दस्तावेज में बंजर के नाम से दर्ज है।इसी जमीन पर एसडीएम बारा का फर्जी आदेश दिखा कर एक महिला जहांआरा के नाम पट्टा दर्ज कर दिया गया है।

इसकी जानकारी होने पर तहसीलदार बारा द्वारा जांच कराई गई तो पाया गया कि आदेश पूरी तरह फर्जी और कूटरचित है क्योंकि एस डी एम बारा द्वारा अथवा ग्राम पंचायत द्वारा किसी भी प्रकार का पट्टा नहीं किया गया है। हल्का कानूनगो जसरा ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट उल्लेख किया है।इसी के आधार पर तहसीलदार बारा ने भी पत्रावली एसडीएम बारा को भेज दिया है। एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम ने प्रकरण को गंभीरता से लिया। एसडीएम बारा ने नायब तहसीलदार बारा और प्रभारी निरीक्षक घूरपुर को जांच आख्या के आधार पर विधिक कार्रवाई करने का आदेश दिया है। सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत बुंदावा में फर्जी दर्ज का एक ही मामला नहीं है बल्कि कई मामले हैं। ग्राम पंचायत, सरकारी भूमि और तालाब पर फर्जी नामांकन किया गया है। बताया गया कि यदि प्रशासन गंभीरता से जांच कराए तो कई बड़े मामलों का खुलासा हो सकता है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर डिघारी गांव में आयोजित हुआ विशाल भंडारा



निगोहां। लखनऊ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर निगोहां क्षेत्र के डिघारी गांव में बुधवार को विशाल भंडारे का आयोजन बड़े ही धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर ग्रामीणों सहित आसपास के इलाकों से भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और देर रात तक भंडारे में प्रसाद वितरण का सिलसिला चलता रहा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मराज रावत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना को लेकर विशेष पूजन-अर्चन व हवन का आयोजन भी किया गया। जैसे ही भक्ति संगीत की स्वर लहरियां गूंजी, पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा और लोग भक्ति गीतों पर झूमते नज़र आए।भंडारे में कालीदीन रावत भाकियू जिला मीडिया प्रभारी पत्रकार अतिन मिश्रा, दिलीप पाल, उमेश पाल, शैलेन्द्र कुमार, हिमांशु, नीशू, मायाराम, रामराज, सुरेंद्र मिश्रा, सचेनद पाल, लोकपति, विवेक, प्रदीप पाल, दीपांशु, लंकेश, गुलशन, शुभम, दुर्गेश मिश्रा (समाजसेवी), वीरेंद्र पाल, राम सरन रावत, डॉ. राम मोहन, अमित पाल, पूर्व प्रधान राम औतार रावत सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।गांव के लोगों ने बताया कि जैसे-जैसे रात गहराती गई, आम जन मानस की भीड़ बढ़ती चली गई और पूरा डिघारी गांव में जन्मदिन का माहौल में सराबोर हो गया।

# बीजेपी की पूर्व विधायक नीलम उदय भान करवरिया की वार्षिक पुन्ड्य तिथि पर श्रद्धांजलि देने उमड़ी भारी भीड़

● सांसद विधायक ब्लॉक प्रमुख सहित समाज के सभी वर्गो ने दी श्रद्धांजलि।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दयाशंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।

ब्यूरो चीफ प्रयागराज। 16सितंबर 2025 दिन सोमवार को बीजेपी की वरिष्ठ नेता और मेजा विधान सभा से विधायक रही स्वर्गीय श्रीमती नीलम करवरिया जी पत्नी पूर्व विधायक उदय भान करवरिया के वार्षिक पुन्य तिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में हजारों शुभ चिंतकों नेताओं सांसद और विधायकों ब्लाक प्रमुखों और अन्य जनप्रतिनिधियों की भीड़ समारोह स्थल पर जुटी । और अपने प्रिय नेत्री स्व नीलम करवरिया के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए विन्रम श्रद्धांजलि दी। उनकी यादगार और सुंदर तस्वीर देख कर कोई शख्स ऐसा नहीं रहा जो भाव विह्वल नहीं हुआ होगा। उनके पति जन नेता पंडित उदय भान करवरिया की नजर से शायद कोई ऐसा शख्स बचा होगा जिससे वह न मिले हो और अपनत्व का भाव न प्रकट किए हो। यहां यह बताना उचित होगा कि स्वर्गीय नीलम करवरिया अपने पति उदयभान करवरिया सहित परिवार के सभी पुरुष जो जनप्रतिनिधि थे एक मामले में कई वर्षो से जेल में बंद थे तो ऐसे कठिन समय में साहस का परिचय देते हुए घर परिवार और समाज सेवा का बीड़ा उठाया और बीजेपी मेजा क्षेत्र से विधायक का चुनाव लड़कर जीती ओर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को इस तरह से हल किया कि जैसे उनके परिवार की सदस्य बन गई।लोगो का कहना है कि जो लोक प्रियता पांच वर्ष के विधायक काल में नीलम ने हासिल की वैसी लोकप्रियता कोई







विधायक 10वर्ष में भी नहीं हासिल कर सकता।लेकिन इतना बड़ा बोझ ढोते ढोते शायद वे थक चुकी थी और उनका शरीर कबाब दे दिया जिससे वे गंभीर बीमारी की शिकार हो गई और एक वर्ष पहले वे ईश्वर को प्यारी हो गई। उनके पति उदय भान करवरिया कपिल मुनि करवरिया और देवर सूरजभान करवरिया के चेहरे पर आज भी देखी जा सकती है। श्रद्धांजलि समारोह में जिले के कोई समाज सेवी ऐसा नहीं बचा जो सह भागी नहीं बन।जिससे यह बहुत दिनों तक यादगार रहेगा।

# गैस सिलेंडरों से लदे ट्रक में लगी आग, मची अफरा-तफरी!



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज। यमुनानगर के औद्योगिक क्षेत्र के भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन से एलपीजी गैस सिलेंडर लादकर अंबेडकर नगर जा रहे ट्रक में नए पुल के ऊपर पहुंचते ही शार्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे वहां अफरा तफरी मच गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग बुझाया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों तरफ की यातायात को कुछ देर के लिए बंद कर दिया था, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। मांडा थाना क्षेत्र के देलगांव निवासी तेज प्रताप सिंह भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन से एक ट्रक पर 529 गैस सिलेंडर लादकर अंबेडकर नगर के लिए निकला था। उसकी ट्रक जैसे ही नए पुल पर पहुंची केबिन में आग लग गई। उसने तत्काल इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने पुल के दोनों और यातायात को कुछ देर के लिए ठप कर दिया। फायर ब्रिगेड ने तत्काल आग़ को बुझाया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। आग बुझाने के बाद यातायात को चालू किया गया।

# जिलाधिकारी के निर्देशों को ठुकराते हुये CMO और पुलिस मृतक धना देवी के मामले मे मे कर रही है गोल मटोल!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज। जिलाधिकारी द्वारा मामले को सज्ञान में लेते हुये सूचना इन्फार्मेशन द्वारा निर्देश दिये गये थे की कृष्णा हॉस्पिटल महेवा को सीज कर दिया जाये परन्तु पीड़ित परिवार का कहना है की हॉस्पिटल तो आज भी धड़ल्ले से चल रहा है आखिर क्यों! परन्तु पीड़ित परिवार का आरोप है की कृष्ण हॉस्पिटल के बारे में गाँव क्षेत्र के लोग जानते है की डॉक्टर विनोद जायसवाल किसी और की डिग्री पर करते है डाक्टरी और अनर्गल गरीबों से लेते है पैसा यह पुरे छेत्रवासियों और ग्रामीणों का कहना ज़ब मै और मेरी बहन ने कहा यदि हमें न्याय नहीं मिला तो हम डॉक्टर विनोद जायसवाल और स्टॉफ के नाम करेंगे यफ आई आर तभी डॉक्टर विनोद ने अपने डाक्टरों के द्वारा हमें च्येम्बर में बुलाकर 200000 लाख रूपये रिश्वत देने



की बात कही कहा इतना लें लों और तेरहवीं संस्कार करों फिर मै और दें दूंगा लेकिन मृतक धना देवी को दोनों पुत्रों और बहन ने कहा आप हमारी माँ को जीवित ला दों हम तुम्हे दुगना पैसा देंगे तुम डॉक्टर नहीं कसाई हो तुम्हारी माँ आज मरी होती तो तुम पैसे में खरीदते क्या जिसकी घर की मुखिया की मृत्यु हुई हो तुम्हे तामसा दिखता ये हमारी माँ मरी हैं न्याय के लिये हम मुख्यमंत्री जी से और ऑल अधिकारियों से गुहार लगाये गे और तुम्हारा हॉस्पिटल बंद करवाये गे! वहीं पीड़ित ने जिलाचिकत्सा अधिकारी और पोस्टमार्टम डॉक्टर एवं पुलिस को सारे मामले को गोल मटोल करने का षड्यंत्र किया है मोटी रकम लेने का आरोप लगाते हुये कहा इन सभी अधिकारियों के साथ ष्टस्र्ह्र की की जाँच होनी चाहिए और कृष्णा हॉस्पिटल महेवा को पूरी तरह सीज किया जाये वर्ना हम लोग धरना चौकी एवं विपछ के पास जाकर और लखनऊ मुख्यमंत्री कार्यालय में जाकर अपील करेंगे योगी आदित्यनाथ जी से प्रार्थना किया पीड़ित ने की मामले की जाँच कर दोषियो के ऊपर सख्त कार्यवाही करें!!

# चंद्रशेखर आज़ाद पार्क में एक महत्वपूर्ण जीर्णोद्धार परियोजना पूरी की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



प्रयागराज । शहर की विरासत को पुनर्स्थापित और संरक्षित करने के लिए, जिसने प्राचीन भारतीय सभ्यता से लेकर मध्यकालीन और आधुनिक काल तक कई युगों को देखा है, प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने चंद्रशेखर आज़ाद पार्क में एक महत्वपूर्ण जीर्णोद्धार परियोजना पूरी की। इस पहल के तहत केंद्रीय मंच (बैंडस्टैंड) की परिधि में स्थित पत्थर के स्तंभों का पुनरुद्धार किया गया, जिससे शहर के बहुस्तरीय इतिहास में गहराई से समाए एक ऐतिहासिक स्थल में नई जान फूंक दी गई। INTACH (भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत न्यास) के पदाधिकारियों द्वारा पुरज़ोर वकालत किए गए इस जीर्णोद्धार में आज़ाद पार्क के मध्य स्थित ऐतिहासिक बैंडस्टैंड क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसे कंपनी बाग के नाम से भी जाना जाता है। अक्सर "प्रयागराज के फेफड़े" कहे जाने वाले इस पार्क में प्रतिदिन सैकड़ों पर्यटक आते हैं और इसे क्रांतिकारी चंद्रशेखर आज़ाद की शहादत स्थल के रूप में व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त है। हालाँकि, औपनिवेशिक काल की वास्तुकला और संरचनाओं सहित इसके कई ऐतिहासिक तत्व उपेक्षित रहे। "यह बैंडस्टैंड, जिसका इस्तेमाल कभी ब्रिटिश सेना के बैंड औपनिवेशिक अधिकारियों और भारतीय अभिजात वर्ग के लोगों के मनोरंजन के लिए करते थे, मूल रूप से शराब कारोबारी बाबू नीलकमल मित्रा द्वारा दान किया गया था।

इस संरचना के चारों ओर जटिल नक्काशीदार पत्थर के स्तंभ हैं, जो समय के साथ जीर्ण-शीर्ण हो गए और कई को सीमेंट के स्तंभों से बदल दिया गया, उनकी सजावटी विशेषताएँ हटा दी गईं, या उन्हें भद्दे लोहे के कोणों से सहारा दिया गया," इंटैक प्रयागराज चैप्टर के सचिव वैभव मैनी ने कहा। इंटैक ने पहली बार 2015 में उद्यान अधीक्षक से संपर्क करके चिंता जताई थी। हालाँकि, जीर्णोद्धार में कुछ देरी हुई। पीडीए सचिव अजीत कुमार सिंह ने कहा, "हमने इस साल अप्रैल में जीर्णोद्धार का काम शुरू किया और इसे एक महीने में पूरा कर लिया, जिसकी लागत 6.70 लाख रुपये आई। 22 स्तंभों का जीर्णोद्धार किया गया है, लोहे की बाड़ की मरम्मत और पॉलिश की गई है, जिससे इसे एक नया रूप मिला है।" पीडीए के उपाध्यक्ष अमित पाल शर्मा ने कहा, "ऐसे जीर्णोद्धार कार्य बजट के लिहाज से भले ही छोटे लगें, लेकिन किसी शहर के इतिहास को पुनर्जीवित करने और उसे संरक्षित करने के लिए ये बेहद ज़रूरी हैं। प्रयागराज की प्राचीन काल से लेकर मुगल और ब्रिटिश काल तक की एक समृद्ध विरासत है। आज़ाद पार्क में स्तंभों का जीर्णोद्धार उस इतिहास को अक्षुण्ण रखने का एक ऐसा ही प्रयास था।"

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा एक व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला खारिज किया

●नाबालिग लड़की से केवल बातचीत करना उसे "वैध संरक्षकता से दूर ले जाने" के रूप में नहीं माना जा सकता।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान ने कहा कि यदि कोई नाबालिग बिना किसी दबाव के स्वेच्छा से वैध संरक्षकता छोड़ देती है, तो आईपीसी की धारा 361, जो वैध संरक्षकता से अपहरण से संबंधित है, लागू नहीं होगी। अदालत ने 10 सितंबर के अपने आदेश में ये टिप्पणियां कीं, जिसमें आरोपी हिमांशु दुबे द्वारा दायर आवेदन को




स्वीकार कर लिया गया, जिसमें आरोपपत्र के साथ-साथ आपराधिक मामले की पूरी कार्यवाही को रद्द करने की मांग की गई थी। दिसंबर 2020 में दर्ज प्राथमिकी में, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरोपी आवेदक उसकी 16 वर्षीय भतीजी को बहला-फुसलाकर ले गया था। पुलिस और निचली अदालत के समक्ष अपने बयान में, लड़की ने कहा कि उसके परिवार के सदस्यों ने उसे पीटा और बिजली का झटका भी दिया, जिसके कारण वह घर छोड़कर चली गई। पीड़िता ने बताया कि उसके चाचा ने आवेदक से फ़ोन पर बात करने पर उसके साथ शारीरिक दुर्व्यवहार किया। उसने दावा किया कि पुलिस थाने ले जाने से पहले वह दो दिन सीवान में रही। हालाँकि उसने अपने बयान में आवेदक का नाम नहीं लिया, लेकिन उसकी माँ ने अपनी बेटी के उसके साथ संबंधों का ज़िक्र किया। इसी आधार पर, आवेदक ने मामले को चुनौती देने के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया, यह तर्क देते हुए कि कथित पीड़िता ने मामले में उसके शामिल होने का दावा नहीं किया है, क्योंकि उसने आवेदक के साथ भाग जाने की बात स्वीकार नहीं की है। यह तर्क दिया गया कि अपहरण (आईपीसी) का कोई अपराध नहीं बनता।

# बारा विधायक ने मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

●स्वच्छता, सेवा और समर्पण ही प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है - डॉ वाचस्पति ।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



बारा प्रयागराज।बुधवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पचहत्तरवां जन्मदिन जसरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवा और स्वच्छता के अनूठे संगम के रूप में मनाया गया। सुबह से ही स्वास्थ्य केंद्र का वातावरण उत्साह और ऊर्जा से भर गया था। विधायक डॉ. वाचस्पति स्वयं झाड़ू लेकर कार्यकर्ताओं और स्थानीय पार्टी पदाधिकारियों के साथ अस्पताल परिसर की सफाई में जुट गए। उनके इस प्रयास ने उपस्थित नागरिकों में स्वच्छता को अपनाने का अद्भुत संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है, और यह सेवा राष्ट्र के प्रति हमारी सबसे बड़ी भेंट है। सफाई अभियान के बाद विधायक मरीजों के वार्ड में पहुंचे। वहाँ उन्होंने एक-एक मरीज का हालचाल लिया, उनका मनोबल बढ़ाया और ताजे फल वितरित कर स्वास्थ्य लाभ की शुभकामनाएं दीं। मरीजों और उनके परिजनों ने विधायक की इस आत्मीयता की खुलकर सराहना की।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अधीक्षिका डॉ. अंकिता पांडेय ने अस्पताल की सेवाओं, नई पहल और मरीजों की देखभाल की जानकारी विधायक को दी। उत्सव का उल्लास तब और बढ़ गया जब विधायक डॉ. वाचस्पति ने कर्मचारियों, मरीजों और स्थानीय लोगों के साथ केक काटकर प्रधानमंत्री की का जन्मदिन मनाया। उन्होंने प्रधानमंत्री के सेवा और विकास के संकल्पों को हर नागरिक तक पहुँचाने का आह्वान किया। डॉ. वाचस्पति ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि मा0 प्रधानमंत्री मोदी जी का जीवन देश के हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा है। हम सभी को उनके स्वच्छता, सेवा और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जीवन में उतारना चाहिए। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी, हरिराम त्रिपाठी, जगत नारायण शुक्ला, विधायक प्रतिनिधि फूल चंद्र पटेल, मीडिया प्रभारी नीरज केसरवानी, आलोक पाठक, पंकज कुमार मिश्रा, सीमा सिंह, डॉ. सुरेश, डॉ. यास्मीन, सुरेश मिश्रा, भूपेंद्र पाठक, आशीष सोनकर, राकेश पाठक, दीपचंद्र गुप्ता, सुरेश मिश्रा, निधिस पाठक, अमित पासी, वीरेंद्र पाठक, सुधांशु मिश्रा, सुबोध जायसवाल, जय सिंह पटेल, अर्पित जायसवाल, दिनेश केसरवानी, हजारी पटेल, पंकज, उदित मिश्रा, अर्जुन विश्वकर्मा, स्टाफ सहित दर्जनों लोग।

# इफको के महा प्रबंधक पीके सिंह होगे इकाई प्रमुख

●30सितंबर को होगे वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक सेवा मुक्त।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



ब्यूरो प्रयागराज । इफको फूलपुर इकाई के महा प्रबंधक मेंटिनेंस पी के सिंह अगले इकाई प्रमुख होगे।वे एक अक्टूबर 2025 को इकाई प्रमुख का कार्य भार ग्रहण करेंगे। अभी तक इकाई प्रमुख का कार्य भार देख रहे संजय कुदेशिया अपनी नौकरी का निर्धारित सेवा काल पूरा करने के बाद 30 सितंबर को सेवा मुक्त हो जाएंगे। इस आशय का आदेश आज इफको मुख्यालय से जारी का दिया गया।

# इफको फूलपुर में विश्वकर्मा भगवान भव्य पूजा अर्चना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज । इफको फूलपुर संयंत्र के केन्द्रीय कार्यशाला (यांत्रिक) में श्री श्री विश्वकर्मा भगवान की भव्य पूजा अर्चना पूरे विधि-विधान के साथ हुई। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया एवं मुख्य यजमान जे.पी.सिंह ने सर्वप्रथम गणपति एवं विश्वकर्मा भगवान की पूजा, हवन एवं आरती किया। भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का पहला वास्तुकार माना जाता है और उन्हें देवशिल्पी के नाम से भी जाना जाता है। उन्हें कार्यस्थलों, उद्योगों और औजारों की सुरक्षा, नवाचार और



समृद्धि के देवता के रूप में पूजा जाता है। इस अवसर पर इफको संयंत्र के सभी विभागों व नैनो संयंत्र में मशीनों की पूजा की गई। इस बार आपरेशन सिंदूर पर बने विशाल बैनर विशेष आकर्षक का केन्द्र रहे। कार्यकारी निदेशक (तकनीकी) संजय वैश्य, महाप्रबंधक क्रमशः संजय भंडारी, पी.के.सिंह, डॉ अनीता मिश्र, पी.के.पटेल, रत्नेश कुमार, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः अरूण कुमार, अरवेन्द्र कुमार, एस.के. सिंह, ए.के.गुप्ता, पी.के. वर्मा, डॉ सत्य प्रकाश, आर.पी.यादव, पी.के.त्रिपाठी,संदीप गोयल,विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयम् प्रकाश, इफको इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय कुमार यादव तथा बड़ी संख्या में इफको कर्मचारी मौजूद रहे।

# यूरिया खाद के लिए परेशान अन्नदाता... जिम्मेदार मौन?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कोरांव प्रयागराज। खेती-किसानी पर निर्भर किसानों के लिए इस समय सबसे बड़ी चुनौती फसल को बचाए रखने की है, लेकिन खीरी क्षेत्र में यूरिया खाद की किल्लत ने उनकी चिंता दोगुनी कर दी है। पूरा दत्तू साधन सहकारी समिति सहित कई वितरण केंद्रों पर व्यवस्थाएं ध्वस्त हैं। रोज़ाना हजारों किसान खाद की उम्मीद में लाइनें लगाते हैं, मगर मायूस होकर लौटना उनकी मजबूरी बन चुकी है। सवाल उठ रहा है कि आखिर इस संकट का जिम्मेदार कौन है—सरकार, प्रशासन, या फिर राजनीतिक दल?

किसान राकेश यादव ने व्यथित स्वर में कहा, ÷सुबह से समितियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन यूरिया नहीं मिल रही। फसल को बचाने के लिए अब तुरंत खाद चाहिए, वरना मेहनत पर पानी फिर जाएगा।÷किसान हरी सिंह ने आरोप लगाया, ÷सरकार योजनाओं की बात तो करती है, लेकिन ज़मीनी हकीकत यह है



कि किसान आज भी खाद के लिए भटक रहा है। अगर समय रहते व्यवस्था नहीं हुई तो फसल पूरी तरह चौपट हो जाएगी।÷वहीं बबलू ने गुस्से में कहा, ÷यह सिर्फ किसानों का नहीं, पूरे समाज का संकट है। जब खेत ही सूख जाएंगे तो अनाज कहां से आएगा? सरकार को तुरंत दखल देना चाहिए।÷कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, समय पर यूरिया न मिलने से धान और मक्का जैसी खरीफ फसलें सबसे अधिक प्रभावित होंगी। पौधों की बढ़वार रुकने से उत्पादन में 30-40% तक की गिरावट की आशंका है। यदि यह स्थिति लंबी खिंचती है तो न सिर्फ किसानों की आय पर चोट पड़ेगी, बल्कि खाद्यान्न संकट और महंगाई जैसी समस्या भी गहराएगी।किसानों की मेहनत और लागत दोनों बर्बाद हो जाएंगे।ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा।आम जनता को महंगाई का सीधा बोझ झेलना पड़ेगा।असंतोष और आक्रोश बढ़ने से आंदोलन की स्थिति भी बन सकती हैयह संकट केवल किसानों का नहीं, बल्कि पूरे समाज का है। खेतों में खड़ी फसलें सिर्फ अन्नदाता की नहीं, बल्कि हम सबकी जिंदगी की गारंटी हैं। सरकार, प्रशासन और राजनीतिक दलों को अब जिम्मेदारी से आगे आना होगा। यदि समय रहते आपूर्ति नहीं सुधरी तो स्थिति भुखमरी जैसी हो सकती है। सवाल साफ है—जब खेत सूख जाएंगे और अनाज की कमी होगी तो जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा?किसानों की पुकार अब चेतावनी में बदल चुकी है। सरकार और प्रशासन को चाहिए कि तुरंत ठोस कदम उठाए और खाद वितरण की गारंटी सुनिश्चित करे, क्योंकि अगर किसान हार जाएगा, तो समाज भी भूखा रह जाएगा।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शिक्षकों ने ली शपथ, पौधरोपण से दिया स्वच्छता का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

देवरिया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत विकासखंड संसाधन केंद्र, देवरिया सदर में शिक्षकों की गोष्ठी आयोजित हुई। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी विद्यालयों में इस अभियान को समर्पण और मनोयोग से चलाया जाए। बीएसए ने उपस्थित शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और बीआरसी परिसर में पौधरोपण कर स्वच्छता का संदेश दिया। खंड शिक्षा अधिकारी देव मुनि वर्मा ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे पूरे उत्साह के साथ इस पखवाड़े को मनाएँ तथा बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता, विद्यालय परिसर की सफाई और स्वच्छता संबंधी गतिविधियों के प्रति जागरूक करें, ताकि यह पहल जन-जागरूकता अभियान का रूप ले सके। कार्यक्रम में जिला समन्वयक प्रशिक्षण ज्ञानेंद्र सिंह, वरिष्ठ एआरपी वशिष्ठ नारायण चौहान, धर्मेंद्र यादव, अग्निवेश दीक्षित, स्तुति पांडे, संतोष मिश्रा, कंचनलता मिश्रा, चंद्र भूषण सिंह, आलोक पांडे, प्रिया मणि त्रिपाठी, संतोष सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएँ मौजूद रहीं।

# संक्षिप्त खबरें

## निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी पर तत्काल रोक



**साहेबगंज, झारखंड:-** बोरियो प्रखंड स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में लगभग 46 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन स्टाफ क्वार्टर, छात्रावास (लड़के/लड़कियां) एवं प्राचार्य आवास आदि कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी पाए जाने पर उपायुक्त साहिबगंज के निर्देश पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा एवं विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता रामाकांत द्वारा बुधवार को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रथम दृष्ट्या निर्माण कार्य में प्रयुक्त ईंट एवं अन्य सामग्रियों की गुणवत्ता संतोषप्रद नहीं पाई गई। साथ ही, स्थल पर न तो लेवर पंजी उपलब्ध कराया गया और न ही योजना स्थल पर सूचना पट्ट लगाया गया था। डीडीसी श्री चंद्रा ने तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य पर रोक लगाने का आदेश जारी किया। साथ ही मामले की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट वरीय पदाधिकारी को प्रेषित करने की बात कही गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करना ठेकेदार एजेंसी की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## ओम साई राम आईटीआई के 55 विद्यार्थियों को विधायक और एसडीएम ने बांटे टैबलेट



**मऊ, चित्रकूट:** तहसील क्षेत्र के छिवलहा गांव स्थित ओम साई राम औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में बुधवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के 55 विद्यार्थियों को टैबलेट का वितरण किया गया। युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए चलाई जा रही स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत ओम साई राम औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र के 55 विद्यार्थियों को टैबलेट का वितरण किया गया। संस्थान में आयोजित टैबलेट वितरण कार्यक्रम में मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने 55 विद्यार्थियों को टैबलेट वितरण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को टैबलेट के दुरूपयोग के प्रति सचेत करते हुए सदुपयोग के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों को डिजिटल रूप से सशक्त करने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को प्रदेश सरकार द्वारा टैबलेट का वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर उपजिलाधिकारी मऊ राम ऋषि रमन, संस्थान के प्रबंधक चन्द्रलोक सिंह पटेल, अपना दल (एस) जिलाध्यक्ष हेमराज सिंह पटेल, रामसिया पटेल, जब्बर सिंह पटेल, सन्दीप द्विवेदी, प्रभुद?याल सिंह, जयभारत द्विवेदी, शुभम सिंह आदि मौजूद रहे।

## विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर पुलिस लाइन में हुई पूजा-अर्चना

**चित्रकूट ब्यूरो:** विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर बुधवार को पुलिस लाइन परिसर में भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान पूजा-अर्चना की गई। साथ ही शस्त्रागार में रखें शस्त्रों व परिवहन शाखा के वाहनों की भी पूजा-अर्चना की गयी। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर बुधवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा की। साथ ही पुलिस लाइन परिसर के शस्त्रागार में रखें शस्त्रों एवं परिवहन शाखा के वाहनों की भी विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने भगवान विश्वकर्मा के समक्ष पुलिस बल के उत्तम स्वास्थ्य, कार्यकुशलता सहित जनपद में शांति, समृद्धि व सौहार्द कायम रहने की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को विश्व के प्रथम शिल्पकार, वास्तुकार एवं अभियंता के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने श्रृष्टि को अपने कौशल से आकार दिया। कहा कि पुलिस विभाग में प्रयुक्त वाहन, उपकरण एवं शस्त्र हमारे कार्य को सुचारु रूप से संपन्न करने के प्रमुख साधन हैं। इन साधनों की नियमित देखरेख एवं सम्मान से न केवल कार्यकुशलता बढ़ती है बल्कि अनुशासन व आत्मविश्वास भी विकसित होता है। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर अरविन्द कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी लाइन यामीन अहमद, पुलिस उपाधीक्षक प्रज्ञान अजेय शर्मा, प्रतिसार निरीक्षक रामशीष यादव, पीआरओ पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार सिंह, परिवहन शाखा प्रभारी राम सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सांसद मनीष जायसवाल के सेवा कार्यालय में उत्साह पूर्वक मनाया गया प्रधानमंत्री मोदी का 75वां जन्मदिन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंड:-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के सेवा कार्यालय में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और आम जनता ने संयुक्त रूप से केक काटकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम स्थल पर एक विशेष फोटो प्रदर्शनी भी लगाई गई थी, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के बचपन से लेकर उनके वर्तमान प्रधानमंत्री कार्यकाल तक के जीवन वृत्त और उनकी उपलब्धियों को आकर्षक तस्वीरों के माध्यम से दर्शाया गया था। इस प्रदर्शनी का अवलोकन कर लोगों ने उनके जीवन संघर्ष और सफलताओं से प्रेरणा ली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल ने केक काटकर और उपस्थित लोगों के बीच मिठाई बांटकर खुशियाँ साझा कीं। इस दौरान उन्होंने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं सहित सभी उपस्थित लोगों के साथ मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ जीवन और लंबी उम्र की कामना की।

मौके पर पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल ने कहा कि सामान्य जन के बीच से निकलकर, संघर्षों की भट्टी में तपकर, एक सच्चे प्रधान सेवक के रूप में पीएम नरेंद्र मोदी ने अपना जीवन देश की सेवा में समर्पित कर दिया। उनका हर एक कदम एक सशक्त और विकसित भारत की गाथा लिखता है। उन्होंने कहा कि सही मायनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन और उनका नेतृत्व सेवा, संघर्ष और विकास का एक बेमिसाल उदाहरण है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा नेता सुदेश चंद्रवंशी, जिला संयोजक जयनारायण प्रसाद, जिला सह संयोजक केपी ओझा, अशोक यादव, अजय साहू, बंटी तिवारी, अजीत चंद्रवंशी, कुलदीप कृष्णा, सुबोध सिन्हा, अविनाश कसेरा, जेपी गुप्ता, आशीष कुमार, विशेषण कुमार, विजय वर्मा, ऋषि शर्मा, विवेक बैरियर, अशोक कुशवाहा, बलदेव बाबू, अजय पाण्डेय, रेणुका साहू (जिला उपाध्यक्ष), मनोरमा राणा (जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा), सत्यभामा (जिला महामंत्री महिला मोर्चा), कंचन शर्मा, इंदु देवी, मीरा मेहता, नेहा आलम, रोही खान, श्वेता सिन्हा, दीपू यादव, लब्बू गुप्ता, बलदेव बाबू, इन्द्रनारायण कुशवाहा, विवेक बरियार, बंटी तिवारी, कुंवर मनोज सिंह, आशेष सिन्हा, रवि यादव, रूपम ओझा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मासूम बेटी के सामने पत्नी का कत्ल करने वाले हत्यारोपी पति को उम्रकैद

**चित्रकूट ब्यूरो:** घर में मासूम बेटी के साथ सो रही पत्नी को कुल्हाड़ी से काटकर मौत के घाट उतार देने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने हत्यारोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50,000 रुपये अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय सिंह ने बताया कि बीती 24 फरवरी 2021 को तीरमऊ गांव के निवासी शिवशंकर द्विवेदी ने राजापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार उसके बड़े पुत्र ज्ञानबाबू द्विवेदी व बहू ममता देवी के बीच रात में कुछ कहासुनी हुई थी। जिसे परिजनों ने शांत करा दिया था। जिसके बाद ममता अपनी छह वर्षीय इकलौती बेटी चाहत उर्फ दीपांशी के साथ सोने चली गई थी, किन्तु इसके बाद रात्रि में ज्ञानबाबू ने अपनी पत्नी ममता की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी और फरार हो गया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद दूसरे दिन ही 25 फरवरी 2021 को आरोपी ज्ञानबाबू को गिरफ्तार कर लिया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। इस मामले में न्यायालय में मृतका की मासूम बेटी ने न्यायालय में गवाही दी थी। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद बुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम अनुराग कुरील ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर हत्यारोपी पति ज्ञानबाबू को आजीवन कारावास और 50,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# विधायक हेमलाल मुर्मू की पहल पर कालाझोर गांव में बिजली बहाल, ग्रामीणों ने जताया आभार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमड़ापाड़ा, पाकुड़, झारखंड:-** अमड़ापाड़ा प्रखंड अंतर्गत बोहड़ा पंचायत के कालाझोर गांव के ग्रामीणों को लंबे समय से बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा था। खराब पड़े ट्रांसफार्मर के कारण गांव अंधेरे में डूबा हुआ था, जिससे बच्चों की पढ़ाई, किसानों की सिंचाई और ग्रामीणों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा था। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक हेमलाल मुर्मू ने पहल की। उनके प्रयास से विद्युत विभाग द्वारा गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। ट्रांसफार्मर का उद्घाटन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष श्यामलाल हांसदा और प्रखंड सचिव जहीरूद्दीन मियां ने फीता काटकर किया। इसके बाद गांव में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई। बिजली आते ही ग्रामीणों के बीच खुशी का माहौल देखा गया। किसानों ने कहा कि अब खेतों की सिंचाई सुचारू रूप से हो सकेगी। विद्यार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब पढ़ाई में कोई बाधा नहीं आएगी। ग्रामीणों ने विधायक हेमलाल मुर्मू को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया। विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि जनता की मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति झामुमो की प्राथमिकता है और गांव-गांव तक विकास की रोशनी पहुंचाना संगठन का संकल्प है। मौके पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष जोसेफिना हेम्ब्रम, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला सचिव दिलीप मरांडी, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुष्मिता मुर्मू, जिला मीडिया प्रभारी आफताब आलम, प्रखंड उपाध्यक्ष कालिदास मुर्मू, ईमरान अंसारी, रंजन साहा, प्रखंड संगठन सचिव रंजीत पंडित, महिला मोर्चा पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अनिता मुर्मू, बोहड़ा पंचायत अध्यक्ष विनोद किस्कू, वरिष्ठ कार्यकर्ता मुस्लिम अंसारी, ढेना मुर्मू, आसाम हेम्ब्रम, अनिल हेम्ब्रम, राइसिन हेम्ब्रम, प्रधान हांसदा सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत एच.ज़ेड.बी. आरोग्यम अस्पताल में निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर

● महिलाओं व बच्चों के लिए निश्शुल्क जांच, दवा वितरण और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

● आरोग्यम अस्पताल को राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा बनने पर गर्व - हर्ष अजमेरा

● स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार की नींव है - जया सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंड:-** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ऐतिहासिक पहल स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत एच.ज़ेड.बी. आरोग्यम अस्पताल में बुधवार को विशाल निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर देशभर में इस अभियान की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण व सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ाना है। आरोग्यम अस्पताल में लगे इस शिविर में सुबह से ही बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे पहुंचे। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने स्त्री रोग और बाल रोग से जुड़ी समस्याओं की जांच की। महिलाओं के लिए हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की गई, वहीं बच्चों के लिए पोषण संबंधी जांच और परामर्श की व्यवस्था की गई। शिविर में आने वाले प्रत्येक मरीज को निश्शुल्क दवाइयां भी प्रदान की गईं। इसके अलावा स्वास्थ्य कर्मियों ने महिलाओं और अभिभावकों को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। अस्पताल की प्रशासक जया सिंह ने कहा कि इस अभियान का मकसद सिर्फ बीमारियों का उपचार नहीं बल्कि महिलाओं और बच्चों को समय पर स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना और उन्हें जागरूक करना भी है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार की नींव है और जब परिवार सशक्त होगा तभी समाज और राष्ट्र मजबूत बन पाएगा। अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया यह अभियान वास्तव में सामाजिक सरोकारों को मजबूत करने वाला कदम है। आरोग्यम अस्पताल को इस राष्ट्रीय पहल का हिस्सा बनकर गर्व है। उन्होंने कहा कि अस्पताल लगातार ऐसी गतिविधियों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक आधुनिक और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाने के लिए संकल्पबद्ध है। शिविर में महिलाओं और बच्चों के साथ-साथ उनके परिजन भी पहुंचे और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। दिनभर चले इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोग शामिल हुए और आरोग्यम अस्पताल की इस पहल की सराहना की।

# स्वास्थ्य विभाग में सुधार एवं जमे हुए चिकित्सक को हटाने की मांग, प्रदेश प्रभारी को सौंपा आवेदन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़, झारखंड :-** हिरणपुर एवं लिट्टीपाड़ा के प्रतिनिधि मंडल ने स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार और लंबे समय से सदर अस्पताल में जमे हुए चिकित्सक को हटाने की मांग को लेकर झारखंड प्रदेश प्रभारी राजु को एक आवेदन सौंपा। मनोहर आलम ने बताया कि संबंधित चिकित्सक का स्थानांतरण हुए लगभग दो वर्ष हो चुके हैं, इसके बावजूद अब तक उन्हें विरमित नहीं किया गया है। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि यदि स्थानांतरण का नोटिफिकेशन जारी हो चुका है, तो बिना सरकारी आदेश या स्टे के उसे रोकने का क्या औचित्य है? इस अवसर पर मनोहर आलम ने प्रदेश प्रभारी राजु, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री सुबोध कांत सहाय से अलग-अलग मुलाकात कर अनुरोध किया कि इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से चर्चा कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों से सरकार की छवि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि इस विषय पर रांची पहुंचकर और संभवतः जामताड़ा में ही मंत्री से बात की जाएगी। प्रखंड अध्यक्ष ने यह भी कहा कि सदर अस्पताल सोनाजोड़ी की व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। रंग-रोगन और मरम्मत के नाम पर लाखों-करोड़ों की निकासी हो रही है जिसकी जांच होनी चाहिए। प्रतिनिधि मंडल में लिट्टीपाड़ा विधानसभा प्रभारी सेमिनुल इस्लाम, लिट्टीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष मुरशिद आलम, लिट्टीपाड़ा विधानसभा युवा अध्यक्ष आबिद इस्लाम, सामाजिक कार्यकर्ता एवं लिट्टीपाड़ा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रास्का हेंब्रम मौजूद थे।

## हज़ारीबाग़ विधायक प्रदीप प्रसाद ने स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार' अभियान का किया जिला स्तरीय उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंड:-** हज़ारीबाग़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद ने बुधवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हज़ारीबाग में आयोजित स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रदीप प्रसाद ने कहा कि, महिलाओं और किशोरियों का स्वास्थ्य केवल परिवार का ही नहीं बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के भविष्य का प्रश्न है। स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार, सशक्त समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव है। यह अभियान पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और जागरूकता के माध्यम से महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम बनेगा। हमारी जिम्मेदारी है कि कोई भी बेटी, बहन और माँ स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। आज का यह अभियान मोदी जी की उसी दूरदर्शी सोच का प्रतीक है। हज़ारीबाग़ की धरती से हम सब मिलकर यह संदेश देंगे कि एक स्वस्थ नारी ही नए भारत की नींव रखेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने संदेश में कहा है कि, स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार की आधारशिला है। उन्होंने इस अभियान को महिलाओं और किशोरियों के लिए स्वास्थ्य और जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर पर सुपरीटेंडेंट डॉ. अनुकरण पूर्ति, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, नगर आयुक्त योगेंद्र प्रसाद, डॉ. रंजन सिन्हा, डॉ. राहुल कुमार, भाजपा नेता कौलेश्वर रजक, ए.एन.एम. मेडिकल कॉलेज के सभी कर्मचारी, रंजन चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह के प्रयासों से रजहर गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर

● ग्रामीणों को मिली राहत

● ग्रामीणों की समस्याओं को हल करना और उन्हें बुनियादी सुविधाएं दिलाना मेरी प्राथमिकता है- मुन्ना सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंड:-** कटकमदाग प्रखंड के बेस पंचायत के रजहर गांव में करीब दो महीने से ग्रामीण अंधेरे में जीने को मजबूर थे। गांव का ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण न सिर्फ घरों में अंधेरा पसरा रहता था, बल्कि बच्चों की पढ़ाई और घरेलू कामकाज भी प्रभावित हो रहे थे। ग्रामीण लगातार शिकायतें कर रहे थे, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था। इसी बीच मंगलवार को ग्रामीणों की यह समस्या पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह के संज्ञान में आई। जानकारी मिलते ही उन्होंने तत्काल पहल करते हुए अपने निजी मीडिया प्रतिनिधि विक्की कुमार धान को अधिकारियों से समन्वय का निर्देश दिया। त्वरित कार्यवाही करते हुए बिजली विभाग ने गांव में 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कर दिया। ट्रांसफार्मर लगते ही गांव के लोगों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि लंबे समय बाद उनके घरों में रोशनी लौटी है। इससे बच्चों की पढ़ाई भी अब आसानी से हो सकेगी और रात के समय गांव फिर से जीवन्त हो गया है। इस मौके पर मुन्ना सिंह ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को हल करना और उन्हें बुनियादी सुविधाएं दिलाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, यह छोटा कदम है, लेकिन इससे रजहर गांव की जिंदगी में बड़ा बदलाव आएगा। मुझे विश्वास है कि अब ग्रामीणों के चेहरे पर फिर से मुस्कान और उजाला लौटेगा। ग्रामीणों ने इसके लिए मुन्ना सिंह और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया और कहा कि अब वे उम्मीद करते हैं कि आगे भी इसी तरह उनकी समस्याओं पर ध्यान दिया जाएगा।

## भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण ने यात्री सेवा दिवस मनाकर आयोजित किए कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट ब्यूरो:** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा.वि.प्रा) द्वारा देशभर के अपने सभी हवाई अड्डों और प्रतिष्ठानों पर बुधवार को यात्री सेवा दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में चित्रकूट हवाई अड्डे पर यात्री सेवा दिवस के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिनमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला प्रतियोगिताएं सहित थीम पर आधारित विशेष गतिविधियाँ शामिल रहीं। यह आयोजन यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने, विश्वस्तरीय सेवा प्रदान करने और एक निर्विघ्न यात्रा वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से किया गया। यात्री सेवा दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय की देवांगना घाटी स्थित चित्रकूट हवाई अड्डे में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम हुए। इसके साथ ही सामुदायिक सहभागिता की भावना के अनुरूप एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाकर पौधरोपण भी किया गया। इसके साथ ही स्थानीय विद्यार्थियों के लिए विमानन क्षेत्र में करियर के अवसरों पर संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से हवाई अड्डे और स्थानीय समुदायों के बीच सहभागिता एवं संबंधों को और अधिक सुदृढ़ किया गया। यात्री सेवा दिवस ने विमानन सेवा के मूल में निहित यात्री सहूलियत, सुरक्षा और संतुष्टि के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर ने भारतीय हवाई अड्डों को अधिक समावेशी, चिरस्थायी और यात्री-अनुकूल बनाने की दिशा में भा.वि.प्रा की चल रही पहलों को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजपा सरकार की उपलब्धियों को किया गया प्रचारित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूट ब्यूरो:** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर जनपद में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रभारी मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रमों में आम जनमानस को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सरकार की उपलब्धियां भी बताई गई। बुधवार को सूचना विभाग द्वारा पुरानी कोतवाली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व, न्यू इंडिया 2047 तथा प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियां विषयक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने फीता काटकर किया। इस दौरान जिला सूचना अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने प्रभारी मंत्री सहित सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। प्रभारी मंत्री सहित सभी जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, भाजपा महामंत्री आलोक पांडेय, जिला मंत्री मनोज तिवारी, भाजपा नेता शक्ति प्रताप सिंह तोमर, राजकुमार त्रिपाठी, रवि गुप्ता, सुरेश अनुरागी, शिवाकांत पांडेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला विकास अधिकारी सत्यराम यादव, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इसी प्रकार भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत जनपद स्थित प्रधानमंत्री दिव्याशा केन्द्र खोह (मातृ एवं शिशु चिकित्सालय) में एक सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व चिन्हित लाभार्थियों को सहायक यंत्र एवं उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने कहा कि आज भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अन्तर्गत सहायक यंत्र उपकरण का वितरण किया गया है। बताया कि देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री दिव्यांगजनों के लिए यह महत्वाकांक्षी योजना संचालित की है, जिसके तहत सभी दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकतानुसार उपकरणों का वितरण किया जाता है। इस दौरान जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव ने बताया कि जनपद के मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में आयोजित शिविर में राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अन्तर्गत 477 लाभार्थियों को 49 लाख दो हजार रुपये के 2,686 सहायक यंत्र एवं उपकरणों का वितरण किया गया। जिसमें 296 फोल्डिंग व्हील चेयर, 405 वॉकिंग स्टिक, दो बैसाखी, 47 टेट्रापॉड, 14 ट्राइपॉड, 10 फोल्डेबल वॉकर, 188 बी.टी.ई (कान की मशीन), 127 चेयर स्टूल (कमोड सहित), 243 सिलिकॉन फोम कुशन, 888 नी ब्रेस, 466 एल.एस. बेल्ट का वितरण किया गया। यह शिविर वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के जीवन को सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, भाजपा जिला महामंत्री आलोक पांडेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने युवक मंगल दल को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री का वितरण किया। इस मौके पर जनप्रतिनिधि व सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे। इसके पूर्व भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शुरु किए गए सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत बुधवार की सुबह चित्रकूटधाम कर्वी में सफाई अभियान चलाया गया।

इस दौरान स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत स्वच्छता शपथ लेने के बाद श्रमदान किया गया। जिसमें जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी), पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लालजी यादव, स्टेशन प्रबंधक सुरेश कुमार, सभासद शंकर यादव, भाजपा नेता आलोक पाण्डेय आदि ने झाड़ू लगाकर स्टेशन परिसर को साफ किया। साथ ही लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

# त्योहारों के दौरान क्षेत्र में कायम रखें साम्प्रदायिक सौहार्द- रमन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मऊ, चित्रकूट:** आगामी नवरात्रि और दशहरा पर्व के दृष्टिगत बुधवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें लोगों से साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई। बैठक में उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन ने लोगों से कहा कि आगामी नवरात्रि व दशहरा पर्व को सौहार्दपूर्ण माहौल में भाईचारे के साथ मनाए। कहा कि मूर्ति पंडालों में धीमी आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करें और विद्युत तारों की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। बताया कि मऊ तहसील में कुल 137 स्थानों पर प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी, जिनके विसर्जन के लिए नौ तालाबों को चिन्हित किया गया है। खंड विकास अधिकारी को गांवों में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर पंचायत के सीईओ को मऊ नगर पंचायत क्षेत्र में दुर्गा पांडालों के आसपास साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग के एसडीओ को निर्देशित किया कि नवरात्रि और दशहरा के दृष्टिगत रास्ते के ढीले तारों और खराब विद्युत व्यवस्था को तुरंत ठीक किया जाए। क्षेत्राधिकारी फहद अली ने बताया कि नवरात्रि के दृष्टिगत पुलिस टीम दुर्गा पंडालों का लगातार भ्रमण करेगी और किसी भी समस्या सूचना मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी दुर्विजय सिंह ने शांतिपूर्ण त्योहार मनाने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कहा कि किसी भी तरह की समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश यादव, नगर पंचायत सीईओ भारत सिंह, विद्युत विभाग के एसडीओ ललित कुमार बाजपेई, विभिन्न गांवों के प्रधान, मूर्ति समिति के पदाधिकारी, रामलीला समिति के अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### क्रांतिकारी पत्रकार परिषद, गोरखपुर जिला कार्यकारिणी का गठन हुआ स्वीकृत

**गोलाबाजार गोरखपुर।** केंद्रीय क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल दुबे द्वारा गोरखपुर क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की जिला इकाई को स्वीकृत कर लिया गया है। जिसे लेकर क्रांतिकारी पत्रकार परिषद गोरखपुर के सभी सदस्यों ने एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने केंद्रीय प्रमुख अनिल दुबे एवं प्रदेश प्रभारी बृजनाथ तिवारी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए गोरखपुर क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की जिला इकाई के सभी पदाधिकारीयों को बधाई दी है। कार्यकारिणी के नामित सदस्यों के नामों में जिला संरक्षक केशव तिवारी, गंगाशरण जायसवाल,अखिलेश दुबे व मनोज कुमार जिला प्रभारी मोहम्मद सलीम अख्तर, जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा जिलाउपाध्यक्ष पदमाकर मिश्रा, राजेश दीक्षित, महासचिव प्रदीप कुमार मिश्रा, जिला सचिव अजय जायसवाल,राहुल मिश्रा, शैलेन्द्र कुमार, जिला मीडिया प्रभारी सुनील गहलोत,जिला सहमीडीया प्रभारी अजीत मिश्रा,जिला कोषाध्यक्ष सुषमा वर्मा, जिला संगठन मंत्री रमाशंकर यादव ,आनंद मौर्या व नौशाद खान के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों के नाम भी जरिए ईमेल से स्वीकृत हुआ है। उक्त आशय की जानकारी जिलाध्यक्ष डॉ राकेश शर्मा ने देते हुए सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई दिया है।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो बच्चो की मौत



**सरायख्वाजा क्षेत्र के सुल्तानपुर गौर का मामला**

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के बुधवार की दोपहर बारिश के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो बच्चो की मौके पर मौत हो गई जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहरा मच गया। बता दे कि लालमन का पुत्र किशन 15 वर्ष और बुधिराम का पुत्र अतुल 13 वर्ष बारिश में दोनों घर से कुछ दूर पर पेड़ के नीचे खड़े थे, कि तेज चमक गरज का गड़ाहट होते ही आकाशी बिजली की चपेट में आने से बुरी तरह से झुलस गए और मौके पर मौत हो गई, जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव के आसपास के लोग एकत्रित हो गए सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिता लालमन और बुधिराम दोनों मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे पुत्र की मौत से घर में कोहराम मच गया। परिजनो का रो रो के बुरा हाल है।

### ट्रेलर की चपेट में आने से युवक की मौत, चालक फरार

**जौनपुर।** चंदवक थाना क्षेत्र के वाराणसी-आजमगढ़ मार्ग पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। राष्ट्रीय विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के सामने ट्रेलर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान कन्नौज जिले के करनौली छिबरामऊ निवासी रविंद्र सिंह 20 रूप में हुई है। रविंद्र पिछले एक साल से चंदवक के मनियारेपुर में किराए पर रहकर साड़ी का व्यवसाय कर रहा था। वह छह भाइयों में पांचवें और तीन बहनों का इकलौता भाई था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, रविंद्र साड़ी लेकर वाराणसी की ओर जा रहा था तभी सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रेलर ने उसकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि भागे हुए ट्रेलर को खुज्झी मोड़ से पकड़ लिया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जबकि फरार चालक की तलाश की जा रही है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**जौनपुर मडियाहूं।** मड़ियाहू स्थानीय नगर एक मैरेज लॉन मे भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अखिल प्रताप सिंह के नेतृत्व मे आयोजित हुआ शिविर का उद्घाटन जिलाध्यक्ष भाजपा मछलीशहर डॉ अजय सिंह ने किया उन्होंने कहाँ की रक्तदान बहुत बड़ दान होता हैं आज युवा मोर्चा के कार्यकर्त्ता बढ़ चढ़ के रक्तदान कर रहे हैं जिलाध्यक्ष भाजयुमो मछलीशहर अखिल प्रताप सिंह ने कहाँ देश के प्रधानमंत्री सेवा भाव से कार्य करते हैं इस लिए इस तरह का आयोजन हम लोग उनके जन्मदिन पर प्रतिवर्ष करते हैं प्रदेश दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री सोहन लाल श्रीमाली ने युवाओं का उत्साहवर्धन किया। उक्त अवसर पर पूर्व विधायक सुषमा पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ब्राम्हदेव मिश्रा , राकेश शुक्ला, श्याम दत्त दुबे, पंकज पाठक, शिवशंकर गुप्ता, शरद उपाध्याय, राजेश सिंह, राजेश जायसवाल, विनोद जायसवाल , अनुज जायसवाल, अरुण राय गोलू , रमेश विश्वकर्मा, रोशन सिंह , मनोज सिंह, पिंटू दुबे, भगवान दास पटेल, धवल मिश्रा, आशीष सिंह मीनू , सतेंद्र सिंह, सत्यम सिंह, आदर्श सिंह, शेर बहादुर मौर्या, विनय सिंह, नमवर सरोज, इत्यादि लोग रहे।

# कोन के बीडीओ पर गंभीर आरोप, ग्राम प्रधान संगठन ने मुख्यमंत्री से की कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कोन, सोनभद्र।** सोनभद्र जिले के नवसृजित विकास खंड कोन के खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) पर राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष लक्ष्मी कुमार जायसवाल ने गंभीर आरोप लगाए हैं। जिलाध्यक्ष ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को एक शिकायत पत्र भेजा है, जिसमें उन्होंने बीडीओ के खिलाफ जांच और कार्रवाई की मांग की है। थशिकायत पत्र में सबसे प्रमुख आरोप यह है कि बीडीओ कोन में न रहकर चोपन से अपना काम चला रहे हैं। कोन एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है जो तीन राज्यों की सीमाओं से सटा हुआ है। पहले यह क्षेत्र चोपन विकास खंड के अंतर्गत आता था, जिससे लोगों को अपने काम के लिए 70-75 किमी की लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। सरकार ने आदिवासियों के हित को ध्यान में रखते हुए कोन को एक अलग विकास खंड का दर्जा दिया था, लेकिन बीडीओ के चोपन से आने-जाने से इस उद्देश्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। शिकायत पत्र में कहा गया है कि बीडीओ रोज लगभग 150 किमी की यात्रा करते हैं, जिससे सरकार पर डीजल खर्च का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। आरोप है कि बीडीओ ने अपने एक चहेते के नाम पर सरकारी गाड़ी (UP51BT2404) आवंटित करवाई है, जिसका इस्तेमाल वे अपने व्यक्तिगत आवागमन के लिए करते हैं और बिलों का भुगतान सरकारी खजाने से करवाते हैं। इसके अलावा, बीडीओ पर मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का भी आरोप लगाया गया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जो ग्राम प्रधान उन्हें पैसे नहीं देते, उनकी पंचायतों में कार्यो का अनुमोदन नहीं किया जाता है। वहीं, कुछ मामलों में काम पूरा होने से पहले ही भुगतान कर दिया गया है, जो एक उच्च स्तरीय जांच का विषय है। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि बीडीओ जनप्रतिनिधियों से मिलने में टालमटोल करते हैं, जिससे विशेषकर महिला जनप्रतिनिधियों को काफी परेशानी होती है। आरोप है कि उनके कार्यालय में अक्सर दलालों की भीड़ लगी रहती है। जिलाध्यक्ष ने इन आरोपों की पुष्टि के लिए सीसीटीवी फुटेज की सार्वजनिक जांच की मांग की है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए, शिकायत की प्रतिलिपि ग्राम विकास आयुक्त लखनऊ, आयुक्त विंध्याचल मंडल, जिलाधिकारी सोनभद्र और डीसी मनरेगा सोनभद्र को भी भेजी गई है। अब देखना यह होगा कि इस शिकायत पर प्रशासन क्या कदम उठाता है और कब तक इन आरोपों की जांच की जाती है।

### पीएम मोदी की 75 वें जन्मदिवस पर किया गया साफ, सफाई



**17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान चलेगा ब्लॉक प्रमुख खजनी अंशु सिंह**

**खजनी** – गोरखपुर विकास खण्ड खजनी क्षेत्र मे स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरनही परिसर में आज देश के यशस्वी व लोकप्रिय प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन 17 सितम्बर से 2अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत आज विकास खंड खजनी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरनहीं परिसर में ब्लॉक प्रमुख अंशु सिंह एवं चिकित्सको द्वारा साफ सफाई किया गया। साथ में जिला उपाध्यक्ष जगदीश चौरसिया जी, डॉ विवेक प्रताप सिंह ,लोकेंद्र पांडे, विवेक कुमार चौधरी, डॉक्टर बिमला सिंह, डॉक्टर दिव्या मिश्रा ,संतोष सिंह ,अनिल सिंह ,बिमला गुप्ता ,पूजा , प्रधान संघ अध्यक्ष सत्येंद्र बहादुर सिंह, ब्यास यादव, चंद्रशेखर यादव, व अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# सोनभद्र के कोन कस्बे में बारिश से गिरा कच्चा मकान, परिवार हुआ बेघर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोन, सोनभद्र** -नवसृजित विकास खंड कोन के अंतर्गत कोन कस्बे में हुई भारी बारिश ने एक परिवार पर कहर बरपाया है। बुधवार सुबह करीब 5 बजे, एक कच्चे मकान के ढह जाने से एक गरीब परिवार बेघर हो गया। यह घटना कोन कस्बे के निवासी कन्हाई (उम्र 32) के साथ हुई। घटना के समय कन्हाई, उनके पिता उदय बहादुर और परिवार के अन्य सदस्य घर के अंदर सो रहे थे। उदय बहादुर ने बताया कि उन्होंने अचानक एक दीवार के गिरने की तेज आवाज सुनी। आवाज सुनते ही परिवार के सभी सदस्य तुरंत अपनी चारपाई से उठकर घर से बाहर की ओर भागे। कुछ ही देर बाद पूरा कच्चा मकान भरभराकर गिर गया। यदि वे तुरंत बाहर न निकलते तो एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। कन्हाई ने बताया कि गरीबी के कारण वे एक कच्चे मकान में रहने को मजबूर थे। अब मकान गिर जाने के बाद उनके पास रहने के लिए कोई जगह नहीं बची है। वे पूरी तरह से बेघर हो गए हैं। इस दुखद घटना की जानकारी तुरंत स्थानीय लेखपाल को दी गई है।मकान ढहने के बाद, पीड़ित परिवार ने जिलाधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारियों से तत्काल मदद की गुहार लगाई है। परिवार ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन उनकी आर्थिक स्थिति और इस आपदा को देखते हुए उन्हें रहने के लिए आवास और अन्य आवश्यक सहायता प्रदान करेगा। यह घटना एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों की नाजुक स्थिति को उजागर करती है, खासकर बारिश के मौसम में।

# इनरव्हील क्लब ओबरा की वार्षिक समीक्षा बैठक संपन्न, सामाजिक कार्यों की सराहना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ओबरा, सोनभद्र** – इनरव्हील क्लब ओबरा की वार्षिक समीक्षा बैठक हाल ही में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। इस बैठक में क्लब द्वारा वर्षभर किए गए सामाजिक कार्यों की समीक्षा की गई और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि इनरव्हील की जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रिया नारायण रहीं, जिनका क्लब की अध्यक्ष श्रीमती जसकीर्ति तनेजा ने स्वागत किया। बैठक में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर नीतू सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और गणेश पूजन के साथ हुई, जिसमें श्रीमती सौदामिनी यादव ने सहयोग किया। वार्षिक समीक्षा बैठक का संचालन श्रीमती तौकीर फातिमा ने किया। क्लब की अध्यक्ष जसकिर्ति तनेजा ने अपने संबोधन में कहा कि इनरव्हील क्लब ओबरा का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा कार्यों के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सदस्यों के आपसी सहयोग और समर्पण से ही अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया जा सका है। मुख्य अतिथि प्रिया नारायण ने ओबरा क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सदस्यों ने पूरे वर्ष जिस निष्ठा और समर्पण के साथ काम किया है, वह बेहद सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक प्रयास न केवल संगठन की प्रतिष्ठा बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में भी सकारात्मक बदलाव लाते हैं। उन्होंने ओबरा क्लब के प्रयासों को अन्य क्लबों के लिए एक प्रेरणा बताया। बैठक के दौरान क्लब की सचिव श्रीमती प्रियंका सिंह ने भी मुख्य अतिथि का स्वागत किया। बैठक में बीते साल में किए गए विभिन्न सामाजिक कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर ट्रेज़र प्रियंका श्रीवास्तव, आईएसओ मीनू गोयल, एडिटर जूली सिंह, मीना लूथरा, और क्लब सदस्य स्नेहा श्रीवास्तव, संगीता सिंह, सुजाता पांडे, मीरा सिंह, प्रतिभा सिंह, अनीता यादव, ममता बंसल, दुर्गावती देवी सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे। यह वार्षिक समीक्षा बैठक एक गरिमामयी और सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई, जिसमें सभी सदस्यों ने भविष्य में और भी अधिक उत्साह के साथ समाज सेवा करने का संकल्प लिया।

# पक्की सड़क न होने से मालवीय नगर के निवासियों को भारी परेशानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अनपरा, सोनभद्र-** नगर पंचायत अनपरा के वार्ड नंबर 14, मालवीय नगर में रहने वाले लोगों को पाइपलाइन के पास पक्की सड़क न होने के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह समस्या आने वाले दुर्गा पूजा जैसे त्योहारों को देखते हुए और भी गंभीर हो गई है, जब इस रास्ते से आवागमन बढ़ने की उम्मीद है। मालवीय नगर में यह कच्ची, मिट्टी युक्त सड़क राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। बारिश में यह रास्ता और भी मुश्किल हो जाता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क पक्की न होने और स्ट्रीट लाइट की कमी के कारण रात के समय लोगों को सांपों और अन्य जहरीले जीवों के हमले का डर बना रहता है। यह डर खासकर अंधेरे में बढ़ जाता है, जिससे लोग इस रास्ते से आने-जाने में कतराने लगे हैं। इस समस्या की गंभीरता को देखते हुए, स्थानीय निवासी बजरंगी सिंह ने खुद पहल की है। उन्होंने अपनी जेब से पैसे खर्च कर सड़क पर कई ट्रॉली मूरम ( त्रह्ड्डु1द्वद्य) गिरवाई है ताकि राहगीरों को थोड़ी राहत मिल सके। इसके साथ ही, उन्होंने नगर पंचायत अनपरा में एक लिखित आवेदन देकर अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया है। हालांकि, उनके प्रयासों के बावजूद, नगर पंचायत अनपरा के अधिकारियों की तरफ से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों का आरोप है कि अधिकारी इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने साफ कर दिया है कि अगर नगर पंचायत ने जल्द ही इस मामले को संज्ञान में लेकर उचित कार्रवाई नहीं की, तो आने वाले समय में होने वाली किसी भी असुविधा या दुर्घटना की पूरी जिम्मेदारी नगर पंचायत अनपरा की होगी। लोगों ने चेतावनी दी है कि वे अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए धरना-प्रदर्शन करने पर मजबूर हो सकते हैं।

इस समस्या का जल्द समाधान होना आवश्यक है, ताकि मालवीय नगर के निवासियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन मिल सके और त्योहारों के दौरान कोई परेशानी न हो।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर ओबरा में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



रीता कुमारी

**ओबरा, सोनभद्र** -भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर, नगर पंचायत ओबरा और सोन चेतना सामाजिक संगठन ने संयुक्त रूप से एक महत्वपूर्ण पहल की। इस अवसर पर, वार्ड संख्या 3 के काशीराम आवास में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य स्थानीय निवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत ओबरा के अधिशासी अधिकारी मधुसूदन जायसवाल थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नगर पंचायत स्वच्छता को लेकर पूरी तरह से सक्रिय है और युद्ध स्तर पर काम कर रही है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि किसी भी स्वच्छता अभियान की असली सफलता तभी संभव है, जब इसमें जनता की सक्रिय भागीदारी हो। श्री जायसवाल ने निवासियों से घर-घर कूड़ा कलेक्शन योजना में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने समझाया कि यदि नागरिक गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करके सफाई कर्मचारियों को देंगे, तो कचरा प्रबंधन का काम और भी प्रभावी होगा। उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल नगर की सुंदरता तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए भी बेहद जरूरी है। जनमानस को सरलता से जागरूक करने के लिए कार्यक्रम में एक जादूगर को भी बुलाया गया था। जादूगर ने मनोरंजक जादुई खेलों के माध्यम से स्वच्छता के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे सभी आयु वर्ग के लोगों, विशेषकर बच्चों ने, इसे आसानी से समझा और सराहा।कार्यक्रम के दौरान, नगर पंचायत ने सफाई, प्रकाश व्यवस्था और अन्य बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया। यह कदम यह दर्शाता है कि प्रशासन नागरिकों की समस्याओं को तुरंत हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के साथ-साथ सोन चेतना के संस्थापक अभिषेक अग्रहरी और सोनांचल सेवा मंच की महिला सदस्यों ने भी भाग लिया। सफाई नायक सत्येंद्र सिंह, इरशाद अली, वैजयंती, बृजेश शर्मा, दिनेश यादव, मुजफ्फर अली, राजू पटेल और राहुल यादव जैसे जमीनी स्तर पर काम करने वाले कर्मचारी भी विशेष रूप से उपस्थित थे, जो इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह कार्यक्रम स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समुदाय को एक स्वस्थ व स्वच्छ वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करने का एक सफल प्रयास रहा।

## ग्रामीण पत्रकारों को मिले आयुष्मान योजना का लाभ, ग्रापए ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र** – ग्रामीण पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन (ग्रापए) सोनभद्र इकाई ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव पुष्कर के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन को अपर जिलाधिकारी (एडीएम) न्यायिक आर.सी. यादव ने स्वीकार किया। ज्ञापन में ग्रामीण पत्रकारों को मान्यता प्राप्त पत्रकारों की तरह सुविधाएं देने की मांग की गई है, जिसमें सबसे प्रमुख आयुष्मान योजना का लाभ शामिल है। इस ज्ञापन में ग्रामीण पत्रकारों के हितों की रक्षा और उनके जीवन को सुरक्षित बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया गया है। लखनऊ स्थित राज्य मुख्यालय में ग्रापए को अन्य पत्रकार संगठनों की तरह कार्यालय भवन आवंटित करने की मांग की गई है।ग्रामीण पत्रकारों को भी मान्यता प्राप्त पत्रकारों की तरह आयुष्मान योजना का लाभ मिले। इसके साथ ही, शासन स्तर पर उनके लिए बीमा योजना शुरू करने की भी मांग की गई है, ताकि चिकित्सा आपातकाल में उन्हें आर्थिक सहारा मिल सके।60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग पत्रकारों को पेंशन देने की व्यवस्था की जाए, ताकि वे अपनी वृद्धावस्था में सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें।पत्रकारों के विरुद्ध किसी भी प्राथमिकी (FIR) दर्ज करने से पहले जिला पुलिस के किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा अनिवार्य रूप से जांच कराए जाने की मांग की गई है। इस कदम से पत्रकारों के खिलाफ होने वाले उत्पीड़न और झूठे मुकदमों पर रोक लगेगी। राज्य और जिला स्तर की तरह ही तहसील स्तर पर भी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्रामीण पत्रकारों की नियमित बैठकें हों, जिसमें सभी तहसील अध्यक्षों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए।किसी भी प्राकृतिक आपदा या दुर्घटना में मृत पत्रकारों के परिजनों को किसान बीमा योजना की तरह तत्काल 5 लाख और मुख्यमंत्री राहत कोष से 20 लाख की आर्थिक मदद देने की मांग की गई है।

# झूठ, नफरत, असमानता के साम्राज्य को नष्ट कर समाजवाद के सृजन की प्रेरणा देते हैं भगवान विश्वकर्मा- राकेश मौर्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी जौनपुर के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में आज प्रातः 10 बजे अल्फस्टीनगंज स्थित समाजवादी पार्टी के ज़िला कार्यालय पर सृजन और निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा पूरे विधि विधान के साथ अलखनारायण विश्वकर्मा ने संपन्न कराया।इस अवसर पर समग्र विकास एवं देशवासियों के सुख, समृद्धि और सभी के उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की गई। गोष्ठी आयोजित कर भगवान विश्वकर्मा जी के सृष्टि रचना में योगदान पर चर्चा कराई गई। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के शिल्पी, वास्तुकार और अभियंता हैं, जिन्हें देवताओं का निर्माता माना जाता है. उन्होंने ही देवताओं के लिए अस्त्र-शस्त्र, स्वर्ग लोक, सोने की लंका और द्वारकापुरी जैसी दिव्य रचनाएँ की हैं. उन्हें कार्यस्थलों, उद्योगों और औजारों की सुरक्षा, नवाचार और समृद्धि के देवता के रूप में भी पूजा जाता है। हम सभी को सार्थक विचार के साथ नफरत, झूठ, सामंतवाद, साम्राज्यवाद, पूंजीवाद के समूल नाश हेतु समाजवाद की विचारधारा का सृजन करते हुए एक अच्छे समाज का निर्माण करने का संकल्प लेना चाहिए। तभी पीडीए परिवार अपने हक अधिकारों को सुरक्षित रखने एवं उज्जवल भविष्य की कल्पना को साकार कर सकता है।

गोष्ठी को पूर्व एमएलसी लल्लन प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री दीपचंद सोनकर, पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान, प्रदेश सचिव हिसामुद्दीन शाह, प्रदेश सचिव राजेश विश्वकर्मा, ज़िला उपाध्यक्ष हीरालाल विश्वकर्मा, श्यामबहादुर पाल, सोचनराम विश्वकर्मा, अजय विश्वकर्मा, दीपक विश्वकर्मा, राजेंद्र यादव टाइगर, रमापति यादव, अशोक यादव, ऊषा जायसवाल, प्रभानंद यादव, गामा सोनकर, राकेश अहीर, राहुल त्रिपाठी, डॉ जंगबहादुर यादव, नंदलाल यादव, राम अकबाल यादव, अशोक निषाद, डॉ शबनम नाज़, ऊषा जायसवाल, हरिश्चंद प्रभाकर, बरसातू राम सरोज आदि ने संबोधित करते हुए भगवान विश्वकर्मा द्वारा सृष्टि के सृजन और निर्माण पर चर्चा किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रद्धा यादव, लालचंद यादव लाले, इरशाद मंसूरी, महेंद्र प्रताप नैपाल, निज़ामुद्दीन अंसारी, राजेश यादव, ऋषि यादव, दिलीप प्रजापति, राकेश पटेल, आनंद गुप्ता, गुड्डु सोनकर, सुशीला यादव, शिवप्रकाश विश्वकर्मा, पिंकी गुप्ता, शिवांगी यादव, धीरज बिंद, प्रदीप पाल, अरविंद यादव, रेखा सिंह, आसिफ शाह, मक्खन यादव, डॉ अनिल यादव, सुभाष बघेल, धर्मेंद्र सोनकर, अरविंद सोनकर, प्रदीप शर्मा, अमजद अंसारी सहित सैकड़ों सपाजन उपस्थित रहे। संचालन ज़िला महासचिव आरिफ हबीब ने किया।

# सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने AIMIM के शौकत अली के खिलाफ डीएम और एसपी को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र** – सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र निषाद ने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली द्वारा दिए गए आपत्तिजनक बयान के विरोध में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में शौकत अली के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। जितेंद्र निषाद ने बताया कि शौकत अली ने सार्वजनिक रूप से राष्ट्र रक्षक और जननायक महाराज सुहेलदेव राजभर के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी की है। ज्ञापन में कहा गया है कि इतिहास इस बात का गवाह है कि 1034 ईस्वी में महाराज सुहेलदेव ने विदेशी आक्रांता और लुटेरे सैय्यद सालार मसूद गाजी को युद्ध में पराजित कर भारत और उसके नागरिकों की अस्मिता तथा सनातन धर्म व परंपरा की रक्षा की थी। उनका शौर्य और समाज के प्रति त्याग आज भी करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सुभासपा का आरोप है कि शौकत अली का बयान यह साबित करता है कि AIMIM जैसी पार्टियां आज भी विदेशी मानसिकता की गुलामी में जकड़ी हुई हैं। उनके अंदर देश के महापुरुषों के प्रति कोई सम्मान नहीं है, बल्कि उनकी निष्ठा आज भी देश के लुटेरे आक्रांताओं के प्रति है। ज्ञापन में कहा गया है कि शौकत अली ने तथ्यों और इतिहास को नजरअंदाज करते हुए सैय्यद सालार मसूद गाजी को एक हीरो के रूप में और राष्ट्र रक्षक महाराज सुहेलदेव राजभर को एक लुटेरे के रूप में प्रस्तुत करने का दुस्साहस किया है, जिसे किसी भी कीमत पर माफ नहीं किया जा सकता। जितेंद्र निषाद ने कहा कि शौकत अली के इस अपमानजनक बयान से हिंदू समाज, महाराज सुहेलदेव के अनुयायियों और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं व समर्थकों में भारी गुस्सा है। सुभासपा इस बयान की कड़ी निंदा करती है और मांग करती है कि शौकत अली तुरंत सार्वजनिक रूप से अपना बयान वापस लें और माफी मांगे। ज्ञापन में राज्य सरकार से जांच कराने और शौकत अली के खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है। इसके साथ ही, यह भी सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है कि भविष्य में कोई भी व्यक्ति राष्ट्र नायकों के सम्मान के साथ खिलवाड़ न कर सके।

## घर की जिम्मेदारी संभालने वाली महिलाएं स्वस्थ रहेंगी तभी परिवार प्रसन्न रहेगा- डॉ सरफराज खान

### ●आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेंटर पर स्वस्थ नारी सशक्त कार्यक्रम का हुआ सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जौनपुर जफराबाद।** नगर पंचायत जफराबाद कस्बा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेंटर पर बुधवार को नगर पंचायत जफराबाद के चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ सरफराज खान के मुख्य उपस्थिति में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बता दे कि आयुष्मान आरोग्य सेंटर पर उक्त कार्यक्रम का मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ सरफराज खान ने पहुचकर शुभारंभ किया। चेयरमैन प्रतिनिधि ने कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत 15 दिनों तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक वार्डो में महिलाओं को चिन्हित कर उनका उपचार किया जाएगा। क्यो की घर की संपूर्ण जिम्मेदारी घर की महिलाओं पर ही होती है ऐसी स्थिति में उनका स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में पीएससी जफराबाद के प्रभारी डॉ धर्मेश पटेल ने चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ सरफराज खान को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस कार्यक्रम में वार्डो से आई हुई महिलाओं को जागरूक किया गया कि उन्हें किसी भी प्रकार की कोई बीमारी महसूस हो तत्काल पीएससी एवं स्वास्थ्य केंद्र पर आकर संपर्क करें ताकि उनका उपचार उचित ढंग से किया जा सके। इस अवसर पर फार्मासिस्ट कृष्ण कुमार पटेल, डॉ अब्दुसलाम, सीएचओ प्रतिमा सिंह, शाहनवाज अली, संजय, अमित कुमार, आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## नवविवाहित का शव फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला, मचा हड़कंप

**सिद्धार्थनगर।** जिले के मोहाना थाना क्षेत्र के कपिलवस्तु नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 कृष्णानगर( मदारीपुर गांव) में बुधवार की सुबह एक नव विवाहिता का शव फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।मृतका की पहचान 22 वर्षीय रशीदा खातून के रूप में हुई। राशिद खातून की शादी 3 वर्ष पूर्व गांव के ही निवासी मुमताज से हुई थी। मृतका का मायका उक्त गांव में ही है। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के पिता मुश्ताक का कहना है कि राशिदा खातून आत्महत्या नहीं कर सकती। उनका आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल पक्ष के लोग राशिदा खातून को प्रताड़ित कर करते थे।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबध थानाध्यक्ष रोहित कुमार उपाध्याय ने बताया कि सच्चाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सामने आएगी।अभी तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कानपुर में बोले इरफान 27 में हम दोनों होंगे विधायक



**कानपुर।** कानपुर नगर के सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक इरफान सोलंकी कड़ी सुरक्षा में महाराजगंज जेल से कानपुर कोर्ट पहुंचे। इरफान की काफी लंबे समय के बाद कानपुर कोर्ट में हुई पेशी। इस बीच मीडिया से हुए रूबरू इरफान और बोले आप सब के आशीर्वाद से 2027 का चुनाव सुप्रीम कोर्ट से रिहा होने के बाद लड़ूंगा। और मैं और पत्नी दोनों विधायक होंगे।

## आरोपी के खिलाफ गुंडा टैक्स व धमकी को लेकर केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पीड़ित से गुंडा टैक्स व जानलेवा धमकी को लेकर बुधवार को केस दर्ज किया है। पूरे हरिकिशुन निवासी घनश्याम सरोज पुत्र रामजस पूरे हरिकिशुन में मत्स्य पालन समिति का सचिव है। पीड़ित ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि मत्स्य पालन विवाद को लेकर महेशगंज थाना के गंजई वासुदेव का पुरवा निवासी दीपू सरोज ने उससे बीती 19 अगस्त को उसके गांव में घर पहुचंकर 05 लाख रूपए गुंडा टैक्स के रूप में देने की मांग की। आरोपी ने पीड़ित को धमकाया कि रूपया नहीं मिला तो वह उसे गोली मार देगा। आरोपी द्वारा दो बार उसके घर पहुंचकर धमकी दी गई। पीड़ित का आरोप है बुधवार को भी आरोपी ने गांव पहुंचकर उससे रूपए की मांग किया। आरोपी द्वारा पीड़ित को दोबारा जानलेवा धमकी दी गयी। धमकी को लेकर आरोपी का आडियो भी वायरल हुआ है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी दीपू के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है केस दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## नवविवाहिता के दहेज उत्पीड़न को लेकर ससुराली जनों के खिलाफ दी गई तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नवविवाहिता को दहेज प्रताड़ना के चलते बंधक बनाकर उत्पीड़ित करने को लेकर ससुराली जनों के खिलाफ लालगंज कोतवाली में बुधवार को तहरीर दी गयी है। लालगंज कोतवाली के पंडित का पुरवा खालसा सादात निवासी आशीष मिश्रा पुत्र श्यामशंकर मिश्रा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसकी बहन की शादी बीते वर्ष 2023 में 08 दिसम्बर को जेठवारा थाना के घोसा का पुरवा में आरोपी युवक के साथ हुई है। पीड़ित ने तहरीर में कहा है कि ससुराली जनों ने दहेज की मांग को लेकर उसकी बहन को विवाह के कुछ ही दिन बाद से परेशान करना शुरू कर दिया। आरोप है कि बहन का पति एक बार पीड़िता को लेकर दिल्ली गए वहां किराये के कमरे में पति द्वारा अक्सर बंधक बनाकर मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा। पीड़िता ने उत्पीड़न की शिकायत दिल्ली में रह रहे मायके पक्ष से लोगों को फोन पर बताई। पीड़िता ने भाई को फोन किया तब भाई ने ससुराली जनों से बातचीत की तो उसे भी आरोपियों ने गाली देते हुए जानलेवा धमकी दी। पीड़ित ने बहन के दहेज उत्पीड़न को लेकर पुलिस से इंसाफ की फरियाद की है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है तहरीर मिली है। जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# राज्यसभा सांसद ने तुलसीसदन में 15 दिवसीय भव्य प्रदर्शनी का फीता काटकर किया शुभारम्भ

### ●17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक लगायी गयी प्रदर्शनी का जनसामान्य करें अवलोकन- डीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**प्रतापगढ़।** केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं/परियोजनाओं व उपलब्धि विषयक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक के लिए तुलसीसदन (हादीहाल) परिसर में स्थापित करायी गयी।15 दिवसीय भव्य प्रदर्शनी का राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस दौरान राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, जिला प्रभारी कौशलेन्द्र सिंह पटेल, पूर्व विधायक धीरज ओझा, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि राय साहब, विधायक सदर प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य, महामंत्री राजेश सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह, भाजपा मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ला, नगर अध्यक्ष आलोक गर्ग, जिला कार्य समिति सदस्य साधु दूबे, जिला उपाध्यक्ष भाज0यु0मो0 विक्रम प्रताप सिंह, नगर उपाध्यक्ष शरद श्रीवास्तव, नगर महामंत्री भूपेन्द्र सिंह, युवा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य रोहित त्रिपाठी सन्यासी सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता, अधिकारियों, जनसामान्य, गणमान्य नागरिक, छात्र-छात्राओं व व्यापारियों/उद्यमियों ने अवलोकन किया।

इस दौरान जन प्रतिनिधियों द्वारा प्रधानमंत्री के 75 वें जन्मदिन के अवसर पर उन्हें ढेर सारी बधाइयां व शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रदर्शनी अपने आप में खास है, इसे जरूर देखें।तुलसीसदन परिसर में डूडा विभाग/नगर पालिका परिषद बेल्हा द्वारा पीएम स्वनिधि, आयुष्मान कार्ड, नेडा विभाग द्वारा सोलर पैनल, खाद्य एवं रसद विभाग, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्टाल लगाया गया है। इस दौरान राज्यसभा सांसद ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाये गये आवंला के उत्पाद को खरीदा।

इसके उपरान्त तुलसीसदन सभागार विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना टूलकिट तथा ऋणपरक योजनाओं में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सी0एम0 युवा) मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना (एम0गाई0एस0वाई0) तथा एक जनपद एक उत्पाद (ओ0डी0ओ0पी0) योजनान्तर्गत लाभार्थियों को राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य व अन्य अतिथियों ने डेम चेक वितरण का किया गया। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत पुष्पा केशरवानी, सरिता देवी, सोमवती, मालती वर्मा, पुष्पांजलि केशरवानी को सिलाई मशीन तथा आरती. दीनानाथ, गीता, हिमांशु एवं मजूलता को धोबी ट्रेड के अन्तर्गत प्रेस मशीन वितरित की गई। अभिनव यादव को सी0एम0 युवा में दोना पत्तल निर्माण हेतु रूपये 5 लाख, जाहिदा बानों को मुख्यमत्री युवा स्वरोजगार योजना में रेडीमेड गारमेन्ट हेतु रूपये 25 लाख एवं लल्लू यादव को एक जनपद एक उत्पाद योजनान्तर्गत ऑवला उत्पाद हेतु रुपये 10 लाख का चेक वितरित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी, एलडीएम गोपाल शेखर झा व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## विकसित भारत युवा लीडर डायलॉग क्विज का आयोजन



### ● देश के युवाओ को प्रधानमंत्री के समक्ष विचार रखने का सुनहरा अवसर - समर बहादुर सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने और उनके विचारों को आगे लाने के उद्देश्य से मेरा युवा भारत यंग लीडर्स डायलॉग का आयोजन किया जा रहा है। इसमें युवाओं को प्रधानमंत्री के सामने विचार रखने का मौका मिलेगा,इसमें शामिल होने के लिए 01 सितंबर से 15 अक्टूबर तक पंजीकरण कराया जा सकता है। मेरा युवा भारत के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की अग्रणी भूमिका पर जोर दिया था। प्रतियोगिता में विशेष रूप से 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के लिए है। इसमें प्रतियोगियों को 10 मिनट में 20 को बहुविकल्प प्रश्नों के उत्तर देने होंगे।यह बिल्कुल निःशुल्क है। प्रतियोगिता देश के 12 प्रमुख भाषाओं में सम्पन्न होगी।प्रतियोगिता में प्रथम 10000 प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उपनिदेशक ने बताया कि श्रेष्ठ प्रदर्शन करने करने वाले युवाओं को 12 जनवरी युवा दिवस पर प्रधानमंत्री के सामने सीधे अपने विचार रखने का अवसर मिलेगा प्रतियोगिता में प्रतिभागी अपना रजिस्ट्रेशन https://mybharat.gov.in/ इस साइड पर कर सकते हैं। संगोष्ठी में प्रमुख समाज सेवी एवं अन्तरराष्ट्रीय निदेशक एलायंस क्लब ने कहा कि जिले की अधिक से अधिक युवा इस क्विज प्रतियोगिता में शामिल हो कर अपने जिले का नाम रोशन कर सकते हैं। संगोष्ठी मे पूर्व सहायक सूचना आरबी सिंह, राज्य प्रशिक्षक विश्वजीत सिंह, दुर्गेश तिवारी, श्याम नरायण पटेल, कुलभूषण शुक्ला लालगंज, विवेक यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक बास्केटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जिला खेल कार्यालय प्रतापगढ़ में किया जा रहा है।उक्त प्रतियोगिता का उद्घाटन जनपद के जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने किया।जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर और उप खेल अधिकारी रंजीत यादव ने बैज लगाकर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रयागराज से आए पूर्व राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी और राष्ट्रीय निर्णायक अशोक कुमार पांडे उर्फ अन्टू भैया का पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला ने बैज लगाकर स्वागत किया। प्रतियोगिता का पहला मैच अलीगढ़ मंडल और मिर्जापुर मंडल के बीच खेला गया ,जिसमें मिर्जापुर ने 06 के मुकाबले 26 अंक अर्जित करके मैच को अपने नाम किया।इस मौके पर डॉक्टर शाहिदा प्रबंधक एंजिल्स इंटर कॉलेज, सेवानिवृत क्रीड़ाधिकारी एमएच चौधरी,जिला व्यायाम शिक्षिका मंजू सिंह,राम शिरोमणि सिंह अंतरराष्ट्रीय निर्णायक वॉलीबॉल, समाजसेवी डॉक्टर शमीम, पत्रकार शैलेन्द्र मिश्रा, राष्ट्रीय निर्णायक विनोद यादव वालीबॉल,आत्रेय अकादमी के खेल शिक्षक विनीत मिश्रा, समाजसेविका शकुंतला शुक्ला, एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव, खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह, कुश्ती प्रशिक्षक अरविंद कुमार, कबड्डी प्रशिक्षक जेपी यादव , फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश, जिला क्रिकेट के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी, जिम ट्रेनर विक्रम सिंह,निखिल राणा उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया।

# साफ सफाई देखकर पता लग जाता है शहर के लोगों का मिजाज व सेहत-विकास दुबे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा चला रही है। इसके अंतर्गत रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर, प्रदर्शनी एवं स्वच्छता अभियान शामिल है। बुधवार को भी भाजपा दक्षिण जिले के कई जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया,प्रतिमाओं की साफ सफाई की व सफाई कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। गोविन्द नगर के ब्लाक-9 मे भाजपाइयों ने राम प्रसाद त्रिपाठी धर्मशाला परिसर में स्थित भारत माता की गंगा जल से साफ सफाई की व भारत माता की जय के जोरदार नारे बुलंद किए।इसके पश्चात भाजपाइयों ने बड़े-बड़े झाड़ू हाथों में थाम कर लगभग 100 मीटर के दायरे में झाड़ू लगाई और कूड़े को एक जगह इकट्ठा कर उन्हें हाथ कुडा गाड़ियों में भरकर डंपिंग स्थल तक ले गए। भाजपाईयों द्वारा इस दौरान झाड़ू लगाकर आसपास रहने वाले लोगों को साफ सफाई के लिए प्रेरित भी किया गया ताकि मोदी जी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार किया जा सके।

इस अवसर पर भाजपा पार्षद दल नेता सदन नगर निगम पार्षद नवीन पंडित ने महिला सफाई कर्मचारियों को शाल व साडी एवं पुरुष कर्मचारियों को सफेद डिजाइन दार पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया।भाजयुमों कानपुर-बुन्देलखण्ड के निवर्तमान क्षेत्रिय अध्यक्ष विकास दुबे ने कहा कि बाहर से कानपुर शहर आने वाले लोगों की नजर सबसे पहले शहर की साफ सफाई पर पड़ती है वह इसी से अंदाजा लगा लेते हैं कि हमारे शहर का मिजाज व लोग कैसे होंगे। स्वच्छता की बात आते ही हमारे जेहन में सबसे पहले इंदौर का नाम आ जाता है । हमें रैंकिंग के लिहाज से ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य के नजरिये से भी कानपुर को टाप पर लाने के अभियान में जुटना है। इस मौके पर प्रमुख रूप से पार्षद नवीन पंडित, मंडल अध्यक्ष दीपू पासवान, प्रकाश वीर आर्य, स. अजीत सिंह छाबडा,अनिल त्रिपाठी, दिव्यांशु बाजपेयी, मनीष गंगवानी, राजीव अवस्थी, प्रणवीर सिंह चन्देल, अनिता दीक्षित, मनोज पाल आदि रहे।

## नगरीय निकायों में 17 से 27 सितम्बर व 15 से 31 अक्टूबर तक अंगीकार अभियान का होगा आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** परियोजना अधिकारी डूडा सीमा भारती ने बताया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के बारे में जन जागरुकता बढ़ाने और अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का चयन करने तथा भारत सरकार की अन्य योजनाओं यथा-पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पी.एम. स्वनिधि, पी.एम. विश्वकर्मा योजना से भी लाभान्वित कराने के उद्देश्य से अंगीकार 2025 अभियान शुरू किया जा रहा है और इसकी अवधि 31 अक्टूबर तक होगी। पीएमएवाई-यू 2.0 की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अंगीकार 2025 के अन्तर्गत 17 सितंबर को देश भर में 'पीएमएवाई-यू आवास दिवस' मनाया जाएगा। अंगीकार 2025 का मुख्य कार्यक्रम के अन्तर्गत डोर-टू-डोर जागरूकता के उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास मेला शहरी दो चरणों में आयोजित किया जायेगा। पहला चरण 17-27 सितंबर के बीच जिला मुख्यालयों में आयोजित किया जाएगा, दूसरा चरण 15-31 अक्टूबर के बीच होगा। इस अभियान के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 की गाइडलाईन के अनुसार स्पेशल फोकस ग्रुप के लाभार्थियों यथा-विधवाओं अविवाहित महिलाओं दिव्यागजन, वरिष्ठ नागरिको ट्रांसजेंडर्स अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अल्पसंख्यकों एवं समाज के अन्य कमजोर व वंचित वर्गों सफाईकर्मियों पी0एम0 स्वनिधि योजना में लाभान्वित स्ट्रीट वेण्डरों, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से आच्छादित विभिन्न कामगारों, आंगनवाड़ी कार्यकताओं भवन और अन्य निर्माण श्रमिकों, झुग्गियों/चॉल के निवासियों को लाभान्वित किया जाना है। जिसके क्रम में नगर पालिका परिषद बेला प्रतापगढ (तुलसी सदन) एवं समस्त नगर निकायों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार की योजनाओं की हेल्प डेस्क जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0, लोन से संबंधित, पी.एम. सूर्य घर योजना, आयुष्मान भारत हेल्प डेस्क, खाद्य विभाग, पी.एम. स्वनिधि व स्वयं सहायता समूह की निर्मित उत्पादों का स्टॉल लगाया गया।

## समाजवादियों ने मनाई भगवान विश्वकर्मा जयंती

### ● विश्वकर्मा जी देवताओं के इंजीनियर थे जिन्होंने द्वारिका हस्तिनापुर इंद्रप्रस्थ लंका सहित अन्य स्थानों का निर्माण करके एक सनातन संस्कृति तथा कर्म योग को जोड़कर संदेश देकर परंपराओं को कायम रखा- हाजी फजल महमूद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** बुधवार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव के निर्देशानुसार भगवान विश्वकर्मा जयंती पर आज सपा कार्यालय में सपा के 78 वार्डो के अध्यक्षों पीडीए कामगारों पॉलिटेक्निक आईआईटी बीटेक टेक्निकल यूथ कामगार मिस्त्री लोहा कार्य के कामगार सहित मशीनिस्ट इलेक्ट्रीशियन सभी कामगारों का संगमन समारोह सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में आरंभ हुआ। जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। सर्वप्रथम महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने भगवान विश्वकर्मा जी जो ब्रह्मा जी प्रभु के वंशज है उनकी जयंती पर प्रभु विश्वकर्मा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। उक्त अवसर पर महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु विश्वकर्मा जी ब्रह्मा जी के वंशज थे वह देवताओं के प्रमुख इंजीनियर रहे जिन्होंने हस्तिनापुर द्वारिका लंका इंद्रप्रस्थ तथा अन्य देवस्थानों का निर्माण करके एक नई नजीर भारत की संस्कृति को धरोहर के रूप में दी जिसके कारण आज सपा महानगर के 78 वार्डों में पीडीए तथा सभी टेक्टिकल कामगारों ने विश्वकर्मा जी को नमन कर मिस्त्रीयों सहित सभी ने अपने टूल की पूजा कर भगवान विश्वकर्मा से भारत मे लोकतंत्र व्यवस्था को मजबूत करने की प्रार्थना की।

महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि भगवान विश्वकर्मा जी कर्मयोगी थे जिन्होंने निर्माण के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका निभाकर सृष्टि में अपनी पहचान कायम रखी और सबके स्नेही और प्यार रहे। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि हमें भगवान विश्वकर्मा जी का आशीर्वाद लेकर आगे बढ़कर पीडीए और कर्म योग को मजबूत कर युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद प्रदेश सचिव के के शुक्ला,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,नंदलाल जयसवाल, परमवीर गंभीर, महेंद्र सिंह,फैसल महमूद, रजत मिश्रा, मुमताज मंसूरी, हुकुम सिंह,अरमान खान, के के मिश्रा, कीर्ति अग्निहोत्री, सुधांशु मिश्रा, राजेंद्र जयसवाल, प्रवीण मिश्रा, आसिफ सिद्दीकी, सलाम इदरीसी, अंकित अग्निहोत्री राजेंद्र सोनकर, शादाब खान, तौसीफ सिद्दीकी,चंदी गुप्ता, इशरत इराकी, गुड्डू यादव, बबित यादव, अमित चौरसिया, महेंद्र, अनुराग यादव, हर्ष, कृष्ण यादव, रितेश कुमार, अभिषेक यादव मेराज अहमद, मो गौरी, मोनू विश्वकर्मा आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## रास्ता नहीं होने से संग्रामपुर ग्रामसभा नहीं पहुंचती एंबुलेंस - डॉ नीरज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** सदर विधानसभा क्षेत्र के संग्रामपुर ग्रामसभा की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी के साथ बैठक कर रणनीति तैयार की।कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि संग्रामपुर ग्रामसभा के बलऊ का पुरवा में आज भी एम्बुलेंस नहीं पहुंच पाती है। गांव से लगभग 03 किलोमीटर पहले ही एंबुलेंस खड़ी करनी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस गांव में सड़क न होने की वजह से लोग शादी के लिए मना कर देते हैं। गांव में आने जाने का एक भी रास्ता है।गांव के एक तरफ चिलबिला - अयोध्या रेल पटरी मार्ग है तो दूसरी तरफ चमरौधा नदी है।नदी पार करके लोहंग पट्टी ग्रामसभा होकर जगेशरगंज व रेल पटरी क्रास करके गोड़े ग्रामसभा होते हुए प्रयागराज अयोध्या मार्ग पर पहुंचते है।रेलवे विभाग द्वारा रेलवे पटरी के बगल बाउंड्री वाल का निर्माण किया जा रहा है।बाउंड्री वाल के बन जाने से गांव वालों का आवागमन पूरा बंद हो जाएगा। उच्चाधिकारियों को शिकायती प्रार्थना पत्र दे-देकर वर्षो से इस समस्या का सामना कर रहे लोग अब थक चुके है द्य रेलवे ट्रैक पार करने के अलावा इनके पास और कोई मार्ग नहीं है जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि जल्द ही रेलवे विभाग के डीआरएम एवं जिलाधिकारी से मिलकर समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन प्रस्तुत कर कार्यवाही की मांग की जायेगी इस अवसर पर मुख्य रूप से आलोक पाण्डेय, कांग्रेस सेवादल के जिला महासचिव भवानी शंकर दूबे, अंजनी पाण्डेय, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, ब्लॉक अध्यक्ष मो.वसीम, नगर सचिव अरबाज आलम, मनोज कुमार पटेल, राम सुंदर पटेल, बजरंगी पटेल, सत्यनारायण वर्मा, अनिल वर्मा, अशोक वर्मा, छोटेलाल वर्मा, चंद्रकाली देवी, विजय कुमार, उमेश वर्मा आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री जन्मदिन पखवाड़ा पर पौध रोपण एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के तहत नगरीय एवं ग्रामीण अंचलों में विविध आयोजन हुए। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण हुआ। कार्यक्रम के दौरान सीएचसी परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। भाजपा नेता नागेश प्रताप सिंह छोटे सरकार ने चिकित्सा कर्मियों को सेवा पखवाड़ा के तहत प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. राहुल गुप्ता व संचालन एसपी चैबे ने किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश मिश्र, पूर्व सभासद बृजेन्द्र पांडेय, मिथिलेश जायसवाल, रंजन जायसवाल, बीपीएम बीपी पांडेय आदि रहे। वहीं सेवा पखवाडा के तहत भटनी गांव में वन विभाग तथा स्वामी करपात्री सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में पौध रोपण कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दीर्घायु होने की कामना की गयी। कार्यक्रम का संयोजन रेंजर हनुमान प्रसाद ने किया। पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्वामी करपात्री सेवा संस्थान के कोषाध्यक्ष अनुराग तिवारी ने पौध रोपण की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर देवेन्द्र नारायण मिश्र, रामबाबू मिश्र, अरूण मिश्र, शिवकुमार यादव, अवध बिहारी, जगदीश प्रसाद, भोलई पटेल, संतलाल कोरी, रोहित कोरी, अरबाज आदि रहे।

## विधि विधान से पूजे गए भगवान विश्वकर्मा, झांकी देख मंत्रमुग्ध हुए भक्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** भगवान विश्वकर्मा जयंती पर क्षेत्र में विविध आयोजनों की धूम रही। रानीगंज कैथौला क्षेत्र के चकवा गांव में श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा का विधि विधान से पूजन अर्चन किया। यहां भगवान विश्वकर्मा की झांकी को भी देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने भगवान विश्वकर्मा का पूजन अर्चन किया। कार्यक्रम का संयोजन समाजसेवी हरिश्चन्द्र विश्वकर्मा ने किया। इस मौके पर शंकरलाल विश्वकर्मा, राजेन्द्र विश्वकर्मा, अभिनव शुक्ल, रामचंद्र तिवारी, लाल बहादुर, अरविंद कुमार, अतुल शुक्ला आदि मौजूद रहे। लालगंज में रोड़वेज डिपो में भी कर्मचारियों ने निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा का पूजन अर्चन किया। नगर पंचायत के सरस्वती विद्या मंदिर मार्ग पर रामनाथ विश्वकर्मा के संयोजन में भगवान विश्वकर्मा का पूजन उत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश आयोजन में शामिल हुए।

## पचास हजार नकदी समेत जेवरात हुए चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर की आलमारी से 50 हजार नकदी व सोने चांदी के कीमती जेवरात चोरी होने को लेकर तहरीर के बावजूद कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने सीओ से इंसाफ की गुहार की है। घटना को लेकर अफसरों की फटकार पर बुधवार को प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने पीड़ित के घर पहुंचकर जांच पड़ताल की। लालगंज कोतवाली के धारूपुर निवासी पवन कुमार विश्वास पुत्र मनींद्र नाथ विश्वास ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती 12 सितम्बर को उसकी पत्नी शिखा ने घर में आलमारी खुली देखा तो अवाक रह गई। आलमारी से महिलाओं के सोने चांदी जेवरात व 50 हजार रूपए गायब मिले। पीड़ित ने तहरीर में घर में काम करनी वाली एक महिला पर घटना को लेकर शंका जताई गयी है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है घटना की जांच की जा रही है। सत्यता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## चार आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा

**लालगंज,प्रतापगढ़।** रंजिशन जानलेवा हमले को लेकर लालगंज पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट तथा हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। कोतवाली के अगई निवासी रामबहादुर पुत्र पचई राम ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि 15 सितम्बर को दोपहर एक बजे वह घर पर मौजूद था। इसी समय आरोपी गांव के लल्लू पुत्र राममिलन, विक्की कोरी पुत्र कल्लू, विशाल पुत्र श्यामलाल व नितिन पुत्र कमलेश लाठी डंडा व कुल्हाड़ी से लैश होकर उसके दरवाजे पर चढ़ आए। आरोपियों ने पीड़ित को मारने के लिए दौड़ाया तब वह घर के अन्दर जान बचाने को घुस गया। इस पर आरोपी घर में जबरिया घुस गए। वहां आरोपियों द्वारा पीड़ित के साथ उसकी पत्नी शारदा तथा पुत्र यश कुमार को भी बीच बचाव करते समय मारापीटा गया। आरोपियों के जानलेवा हमले में उसका पुत्र यश कुमार बेहोश हो गया। परिजनों की चीख पुकार पर गांव के लोग दौड़े तो आरोपी गाली गलौज करते जानलेवा धमकी देते चले गए।

# संक्षिप्त खबरें

## अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग, उत्तर प्रदेश श्री रमेश चंद्र कुण्डे का रायबरेली दौरा

**रायबरेली,** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग, उत्तर प्रदेश के माननीय सदस्य श्री रमेश चंद्र कुण्डे ने जनपद रायबरेली का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों संग पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में बैठक कर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितों से संबंधित विभिन्न विषयों की समीक्षा की। माननीय सदस्य ने सरकारी योजनाओं एवं कल्याणकारी कार्यक्रमों के लाभार्थियों से संवाद किया तथा यह सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुँचे। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाएँ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस क्रम में जनपद स्तरीय अधिकारियों को सतर्क एवं सक्रिय रहते हुए समयबद्ध कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। दौरे के दौरान माननीय सदस्य ने बाबू जगजीवन राम छात्रावास रायबरेली का निरीक्षण भी किया और उपस्थित छात्रो से सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। छात्रावास में चल रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता भी परखी। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अधिकारों की रक्षा तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए आयोग निरंतर कार्यरत है। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला पंचायती राज अधिकारी सौम्यशील सिंह, सीओ महाराजगंज अरुण कुमार, पीडब्लूडी अधिशासी अभियंता महिपाल सिंह सहित अन्य कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित है।

## 75 पौआ देशी शराब के बरामद किये

**मथुरा।** पुलिस ने देशी शराब के 75 पौआ बरामद किये हैं। थाना महावन और मांट पुलिस ने अलग अलग स्थानों से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना मांट पुलिस ने 45 पौआ अवैध देशी शराब किये हैं। एसआई अवधेश कुमार पुरोहित थाना मांट बृजेश कुमार उर्फ वीके पुत्र राधा चरन निवासी गांव दरबे थाना मांट को जनकपुर रोड पर मन्दिर के पास कच्ची सडक से 45 पौआ अवैध देशी शराब के साथ किया गिरफ्तार। थाना महावन पुलिस ने हरेन्द्र उर्फ तोती पुत्र छीतर सिंह निवासी अडडा शाहपुर थाना महावन को खप्परपुर मोड से 30 पौआ अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। हरेन्द्र के खिलाफ गैंगस्टर सहित आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले विभिन्न थानों में पहले से ही दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना महावन सुधीर सिंह ने बताया कि महावन थाने में इसके खिलाफ वर्ष 2023 में भी आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ था।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का हुआ शुभारम्भ



**मथुरा।** सीएचसी सोनई पर बुधवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख चंचल चौधरी ने फीता काटकर किया।यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर जारी रहेगा। जिसमें सभी किशोरियों तथा महिलाओं की स्वास्थ्य देखभाल तथा स्वास्थ से जुड़ी समस्याओं, टीबी रोगियों की जांच, गर्भवतियों की जांच, बच्चों का टीकाकरण इत्यादि के बारे में जागरूक किया जाएगा व जांच की गई। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख चंचल चौधरी, डिप्टी सीएमओ डॉ आलोक कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डॉ विपिन कुमार, रण सिंह, राम दास राजपूत (बीपीएम), सत्यम वर्मा (बीसीपीएम), शैलेंद्र सिंह, राजवीर चौधरी, वीके गर्ग आदि उपस्थित रहे।

## सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया गया प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन

**लालगंज (रायबरेली)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने सेवा पखवाड़े के रूप में बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस दौरान नगर के विभिन्न मोहल्लों में महापुरुषों के स्मारक स्थलों की साफ-सफाई की गई और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है और सुरक्षित हाथों में है। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की दीर्घायु की कामना करते हुए आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक चंद्रप्रकाश पांडेय, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमल पटेल, गिरजा शंकर बाजपेई, एडवोकेट दलबहादुर सिंह, सपना पासी, अखिलेश वाजपेई, शिवम मिश्रा, राजेश निर्मल, संजय बाजपेई सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वन विभाग का एक और कारनामा

● लाखो रुपये की जिप्सम खाद को जंगल के बीच मे छिपाया, जून से लगी सैकड़ो बोरी खाद बर्बाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता









**कन्नौज।** वन विभाग के जिम्मेदारों के चहेते का एक और कारनामा सामने आया है जिसमे नियमो को ताक पर रख कार्य को अंजाम दिया गया । इस चहेते को न तो कार्यवाही का डर और न ही कोई मलाल।

हम बात करते हैं तहसील तिर्वा इलाके की जो वन विभाग का औसेर वन ब्लॉक के नाम से जाना जाता है जहाँ घोर लापरवाही व मक्कारी यह तस्वीरे खुद बयां कर रही हैं की जिम्मेदारों की साख पर बट्टा कैसे लगाया जाता है कोई ऐसे कर्मचारियों से पूछें।

आपको बता दे कि जून माह में वन विभाग द्वारा पौध रोपण के लिए गड्ढो का खुदान व तैयार करने शुरू कर दिए जाते हैं । जैसे पहले गड्ढो को खोदना फिर गोबर की खाद व जिप्सम डाल कर पौध रोपण कर पटान करना आदि कार्य किये जाते है । अब पौध रोपण तो हो गया और पैसा भी हजम हो गया मतलब बंदर बांट हो गया । अब जरा तस्वीरों को गौर से देखिए जो यह बोरियों का ढेर लगा है वह जिप्सम खाद का ढेर है जो औसेर वन ब्लॉक के जंगल मे लगा है जो लगभग एक से दो ट्रक के करीव बोरियां बताई जा रही है । अब सबाल यह उठता है कि इतनी बड़ी संख्या में जिप्सम खाद का जब प्रयोग नही था तो क्यो मंगवाई गई थी और अगर जरूरत थी तो क्यो नही गड्ढो में डाली गई यह तो जिम्मेदारों के चहेते की मर्जी ही होगी कुछ करने की।

यह खाद का ढेर पूरी बरसात में ऐसे ही लगा है जो ऐसी जगह लगाया गया जहाँ किसी की नजर न पड़े। यह उसी दबंग रसूखदार कर्मचारी का वन ब्लॉक है जो जयवीर के नाम से जाना जाता है। रसूख इतना कि महकमे के बड़े अधिकारी भी उसके आगे मौन हो जाते हैं । सूत्रों की माने तो यहाँ तक कि वह लोगो को ट्रांसफर पोस्टिंग भी कराने का दम रखता है। तभी तो वह इतने बड़े बड़े खेल महकमे में कर रहा है और कार्यवाही के नाम पर शून्य।

अभी हाल ही में उसी के इलाके में एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमे वन विभाग की जमीन इसी की सहमत से लोगो ने कब्जा कर रखी थी जो कब्जा दिखाने को लेकर आपस मे झगड़ भी रहे थे । उसके वाद महकमे की नींद खुली तो वहाँ पर पौधे लगाने का कार्य किया जाने लगा। धन्य है महकमे के ए सी बाले अधिकारी । काश अधिकारी ए सी ऑफिस छोड़ कर कभी क्षेत्र में निकले होते तो यह कारनामा न हुआ होता। बात करते हैं जो यह ढेर लगा है जिप्सम खाद का उसकी अनुमानित कीमत पांच लाख रुपये बताई जा रही है । अब सबाल यह उठता है कि आखिर एक माली पद पर तैनात कर्मचारी को बीट का इंचार्ज कैसे बना दिया गया है जबकि अब स्टाफ भी आ चुका है । लेकिन नही वह रसूख की दम है चार्ज में है मजाल किसी जिम्मेदार की कोई उसके कार्य पर उंगली उठाने की हिम्मत जुटाए। अगर ऐसा न होता तो आखिर उसके बचाव में क्यो आते हैं जिम्मेदार उस पर कार्यवाही करने के बजाए। इस पूरे मामले पर कोई अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नही है।

## बदमाशों ने की महिला की गोली मारकर हत्या

महिला के गेट खोलते ही बदमाशों ने मारी गोली

पति पत्नी के बीच चल रहा था विवाद, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

मथुरा। मथुरा में दो महिलाओं की हत्या की घटना ने सनसनी फैला दी। बुधवार के तडके वृंदावन में एक महिला की बहुमंजिला इमारत की 15 वीं मंजिल से गिर कर मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर ही है। दूसरी घटना मंगलवार की रात थाना बलदेव के गांव हथौडा में हुई। यहां बदमाशों ने एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी। महिला कमरे में सो रही थी। बदमाशों ने बाहर के दरवाजे पर ईट मारी आवाज सुनकर महिला ने जैसे ही दरवाजा खोला बदमाशों ने महिला को गोली मार दी। इसके बाद बदमाश फरार हो गये। महिला का पति नौकरी करता है। महिला की हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से आगरा रेफर कर दिया गया। आगरा में उपचार के दौरान बुधवार दोपहर महिला ने दम तोड़ दिया। अभी तक महिला और उसके पति के बीच विवाद की बात सामने आई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और जल्द ही मामले का खुलासा करने की बात कह रही है। यह घटना मंगलवार की रात करीब 11 बजे हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद आगे की कार्यवाही शुरू की।

# भारी मात्रा में गंजे के साथ एक महिला और एक पुरुष को एटीएस ने किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

स्वतंत्र सिंह भुल्लर नई दिल्ली





**नई दिल्ली।** 13 सितंबर 2025 को एएटीएस/दक्षिण जिला के एएसआई देशराज मीणा को एक व्यक्ति की कार में गांजा की खेप ले जाने की सूचना मिली। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए, इंस्पेक्टर उमेश यादव,आईसी/एएटीएस दक्षिण जिला के नेतृत्व में और श्री अरविंद कुमार, एसीपी/ऑपरेशंस/दक्षिण जिला के समग्र पर्यवेक्षण में आरोपी व्यक्ति को पकड़ने के लिए एसआई दीपक महला,एएसआई देशराज, एएसआई ब्रजेंद्र,पत्नी/एचसी सीमा मलिक,एचसी जोगिंदर,एचसी कृष्ण,एचसी बृजेश,एचसी राघवेंद्र, कांस्टेबल देवेंद्र,कांस्टेबल काना राम और कांस्टेबल अरविंद की एक टीम गठित की गई।सूचना को आगे बढ़ाया गया और टीम ने अपने स्थानीय स्रोतों को सक्रिय किया।

स्थानीय खुफिया और तकनीकी निगरानी के माध्यम से आरोपी व्यक्ति के स्थान का पता लगाया गया। तुरंत कार्रवाई करते हुए टीम ने मछली मार्केट रोड साकेत के पास एक जाल बिछाया।कुछ देर बाद, एक कार आती दिखाई दी,संदेह होने पर चालक को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस कर्मचारियों को देखकर,उसने मौके से भागने की कोशिश की लेकिन कार को बीआरटी रोड,पुष्पा भवन के पास सफलतापूर्वक रोक लिया गया।

कार में सवार लोगों से उनके ठिकाने के बारे में पूछा गया,लेकिन वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। कार की जाँच करने पर 22.120 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।बाद में, उनकी पहचान साहिल खान और महिला ÷एस÷ के रूप में हुई। तदनुसार,अंबेडकर नगर थाने में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20/29 के तहत प्राथमिकी संख्या 408/2025 के तहत मामला दर्ज किया गया और जाँच शुरू की गई।पूछताछ के दौरान आरोपी साहिल खान ने खुलासा किया कि वह गांजे का मुख्य आपूर्तिकर्ता हसन उर्फ राज है और आरोपी साहिल खान अपने बहनोई जहाँगीर के साथ मिलकर मदनपुर खादर,बवाना जेजे कॉलोनी और सोनीपत में छोटे विक्रेताओं को गांजा पहुँचाता था।

# आज बंद हो जायेगा राया का कटरा बाजार रेल फाटक

● कारोबारियों में बढ़ी बेचैनी, कारोबार पर पड़ेगी चोट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मथुरा।** गुरुवार को राया में कटरा बाजार फाटक स्थाई तौर पर बंद हो जाएगा। कटरा बाजार राया कस्बे का सबसे प्रमुख और व्यस्त बाजार रहा है। लोग इसे पुराना राया भी कहते हैं। 18 सितंबर को रेलवे विभाग द्वारा बंद किये जा रहे फाटक को लेकर व्यापारी बाजार बंद कर धरने पर बैठ गये है और रेल प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा समपार संख्या 343 सी 344 के अनुरूप कटरा बाजार रेलवे फाटक को बंद करने की योजना है। जिसकी सूचना जिलाधिकारी बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा कैंट पुलिस थाना राया और रेलवे स्टेशन पर आ गए है



बुधवार को खुला कटरा बाजार का रेलवे फाटक।



धरने पर बैठे फाट के बंद होने से नाराज लोग।

जिसमे 18 सितंबर को फाटक बंद करने की बात कही गयी है।

फाटक बंद होने से दुकानदारों के आगे रोजी रोटी की समस्या के साथ लोगो को अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ेगा जिसको लेकर चार माह पूर्व व्यापारियों ने एक दिन बाजार बंद रख राया संघर्ष समिति का गठन कर सांसद विधायक कैविनेट मंत्री रेलमंत्री से मुलाकात कर आने वाली समस्याओं से अवगत कराया गया। रेलवे के उच्च अधिकारियों द्वारा व्यापारियों को आश्वासन दिया गया था। फाटक बंद करने से पूर्व कटरा बाजार फाटक से लेकर मांट फाटक तक रेलवे द्वारा यात्रियों के लिए सड़क निर्माण कार्य कराया जायेगा उसके बाद फाटक बंद होने की कार्यवाही की जायेगी हालांकि विभाग द्वारा एक सप्ताह पूर्व सड़क निर्माण कार्य भी प्रारंभ करा दिया गया था। समाचार लिखे जाने तक व्यापारी कटरा बाजार फाटक पर अनशन पर बैठे हुए थे।

# बुधवार की तडके 15 मंजिल से गिरी नीचे महिला, पति हुआ फरार

● करीब 16 महीने पहले दोनों ने किया था प्रेम विवाह, सुसाइड नोट मिला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मथुरा।** बुधवार की तड़के वृंदावन की एक बहुमंजिला इमारत की 15वीं मंजिल से एक महिला नीचे आ गिरी। तेज आवाज सुनकर गार्ड मौके पर पहुंचा तो महिला खून से लथपथ थी। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सुसाइड नोट को कब्जे में ले लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्षों का संकलन किया। घटना के बाद महिला का पति मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की गहनता से जांच पडताल कर रही है। ग्वालियर के रहने वाले शैलेंद्र यादव ने निधि उपाध्याय के साथ प्रेम विवाह किया था। दोनों करीब 16 महीने से वृंदावन के रुकमणि विहार स्थित कृष्ण हाइट्स की 15वीं मंजिल में दिल्ली के एक व्यक्ति के फ्लैट पर किराए पर रह रहे थे। बुधवार सुबह पांच बजे निधि उपाध्याय ने फ्लैट की 15वीं मंजिल से छलांग लगा दी। नीचे गिरते ही उनकी मौके पर मृत्यु हो गई। ग्वालियर के रहने वाले शैलेंद्र यादव ने निधि उपाध्याय के साथ प्रेम विवाह किया था। दोनों करीब 16 महीने से वृंदावन के रुक्मणि विहार स्थित कृष्ण लाइट्स की 15वीं मंजिल में दिल्ली के एक व्यक्ति के फ्लैट पर किराए पर रह रहे थे। बुधवार सुबह पांच बजे निधि उपाध्याय ने वृंदावन के रुकमणि विहार स्थित कृष्ण हाइट्स की 15वीं मंजिल से छलांग लगा दी।

नीचे गिरते ही उनकी मौके पर मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों ने परिवार वालों से झगड़कर शादी की थी। पुलिस को मौके से जो सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने आत्महत्या करने की वजह बताई है। कहा जा रहा है कि विवाहिता कई दिनों से डिप्रेशन में थी। पुलिस अभी अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में पता लगा है कि रात को उसकी पति से लड़ाई हुई थी। सीओ सदर संजीव सिंह ने बताया कि युवक ने प्रेम विवाह किया था। इससे प्रतीत हो रहा है कि युवती भी ग्वालियर की रहने वाली होगी। युवती ने आत्महत्या की है या फिर मृत्यु का कुछ और कारण है। इसकी जांच की जा रही है। प्रथमदृष्टया लग रहा है कि पति पत्नी में किसी बाद को लेकर विवाद चल रहा होगा। इसके चलते युवती ने आत्महत्या की होगी। फिर भी जानकारी जुटाकर स्वजन का पता लगाया जा रहा है। उनके आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
स्वतंत्र प्रभात
www.swatantraprabhat.com
जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

# आरेडिका सहित नगर में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) में बुधवार को विश्वकर्मा पूजा का विधि विधान से आयोजन हुआ।महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में प्रधान मुख्य विभागाध्यक्षों, अधिकारियों, कर्मचारी यूनियनों, महिला कल्याण संगठन की सदस्यों ने पूजा कर कारखाने की उन्नति, विकास और सुरक्षा की कामना की। हवन में अधिकारियों और कर्मचारियों ने आहुतियां देकर विश्व शांति और कल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर कर्मचारियों ने अपने कार्यस्थलों की साफ सफाई कर औजारों और मशीनों की पूजा की। नव निर्मित बोगी शॉप में सभी कर्मचारियों, उनके परिवारजनों और संविदा कर्मियों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। आगंतुकों की सुविधा के लिए आरेडिका प्रशासन और रेलवे सुरक्षा बल ने विशेष प्रबंध किए। कस्बे में भी श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की। प्रतिष्ठानों की साफ-सफाई और भगवान् विश्वकर्मा की पूजा कर प्रसाद वितरित किया। नगर के जेपी इंजीनियरिंग, कानपुर सबमर्सिबल सहित अन्य प्रतिष्ठानों में विधिवत पूजा हुई। बेहटा चौराहा स्थित हनुमान मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। वहीं डलमऊ रोड स्थित तपस्वी आश्रम परिसर में विश्वकर्मा जयंती समारोह आयोजित हुआ। हवन-पूजन और प्रसाद वितरण के बाद प्रसिद्ध आल्हा गायक रामरथ पांडेय ने आल्हा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर हंसराज विश्वकर्मा, डॉ. छेदीलाल, डॉ. बैजनाथ विश्वकर्मा, गिरजा शंकर, मोहन, सुनील, राकेश, रिंकू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## एसडीएम व सीओ की अध्यक्षता में संपन्न हुई पीस कमेटी की बैठक

**लालगंज- रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र में आगामी त्योंहारों को लेकर बुलाई गई पीस कमेटी की बैठक दुर्गा पूजा और विजयदशमी को लेकर उपजिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी और क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी ने सभी से कार्यक्रम की अनुमति लेने की अपील करते हुए कहा किसी प्रकार का व्यवधान होने पर फौरन पुलिस को सूचना दे ,लाउडस्पीकर का साउण्ड मानक के अनुरूप रखने,मूर्तियो का भूमि विसर्जन करने,ट्रैक्टर की अपेक्षा लोडर से मूर्ति ले जाने का दिशा निर्देश दिया। मूर्ति ले जाने और विसर्जन वाले वाहनों के ड्राइवर को तेज गति से वाहन न चलाए जाने की बात कही। एसडीएम ने कहा कि किसी भी नई परंपरा को अनुमति नहीं दी जाएगी।क्षेत्राधिकारी गिरिजा शंकर त्रिपाठी ने दुर्गा पूजा पांडाल पर सीसीटीवी,अग्निशमन यंत्र और समुचित लाइट की ब्यवस्था करने की बात कही ।वही इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने सभी क्षेत्रवासियो से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की बात कही। लालगंज क्षेत्र में 76 स्थान पर दुर्गा जागरण के कार्यक्रम होते हैं वहीं पांच स्थानों पर विजयदशमी रामलीला महोत्सव के कार्यक्रम होते हैं। इस अवसर व्यापारी नेता राहुल भदोरिया, कीर्ति मनोहर शुक्ला, अखिलेश पांडेय, सहित क्षेत्र के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

## महिला को बेहोश कर चोर जेवरात उठा ले गए

**सिद्धार्थनगर।** जिले के गोल्हौरा थाना क्षेत्र के ग्राम रमटिकरा में दिनदहाड़े एक महिला को बेहोश कर सोने व चांदी के जेवरात अज्ञात चोर उड़ा ले गए। समाचार लिखे जाने तक सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। घटना बुधवार सायं की बताई जा रही है। गोल्हौरा थाना क्षेत्र के ग्राम रमटिकरा निवासी कनिकराम के पुत्र कुंवरपाल की पत्नी खुशबू घर के अंदर से चावल निकालने गई थी, और उसकी ननद प्रियंका (17) बाथरूम में कपड़े धुल रही थी। बताते हैं कि इसी दौरान तीन अज्ञात लोग घर में घुस गए, और उक्त खुशबू के मुंह में कपड़ा ठूंसकर नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश करके घर को खंगाल जेवरात लेकर चंपत हो गए।ननद घर में गई तो भाभी को बेहोश देख शोर किया। लोग उसे इलाज के लिए जिवपुर चौराहे पर ले गए। और पुलिस को सूचना दिए। होश में आने के बाद उसने आपबीती बताई। घर में कपड़े बिखरे पड़े थे। आलमारी का दरवाजा खुला था। सन्दूक व बेड भी खोलकर अस्त व्यस्त किया हुआ पाया गया। परिवार वालों की मानें तो सोने का झाला व मंगलसूत्र तथा चांदी का पाजेब गायब बताया जाता है। इस संबध मे थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता का कहना है कि मामला संदिग्ध लग रहा है जांच की जा रही।

# सवारी बनकर बडी लूटपाट करने वाले गिरोह का एक और सदस्य बदोचा



मुठभेड स्थल पर मौजूद पुलिस बल।

● फ्लिपकार्ट से लदे हुए माल के कैंटर में की थी लूटपाट की घटना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मथुरा।** पेरीफेरल केएमपीएल पलवल से एक फ्लिपकार्ट से लदे हुए माल के कैंटर में बैठे कर ड्राइवर को नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश करने के बाद थाना रिफाइनरी क्षेत्र में कैन्टर को लूट ले जाने के एक और आरोपी को पुलिस ने मुठभेड के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस मुठभेड़ के दौरान आरोपित के पैर में गोली लगी है। घायल अवस्था में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके कब्जे से लूट के दो मोबाइल, 1020 रुपए, एक तमंचा .315 बोर, दो खोखे, दो जिंदा कारतूस, एक कारतूस नाल में फंसा हुआ, 8 नशीली गोली बरामद किये हैं। थाना रिफाइनरी पुलिस टीम की रात को करीब सवा ग्यारह बजे मुखबिर की सूचना पर बरेली हाईवे पर गौशाला अंडरपास पर लूट के मुकदमे में वांछित अपराधी शकील उर्फ भूरा पुत्र नवाब खान उर्फ इमामुद्दीन निवासी फतेहपुर बेरी जिला साउथ दिल्ली, मूल निवासी नगला किसी थाना घिरोर मैनपुरी से मुठभेड़ हुई। घायल अपराधी को पुलिस टीम द्वारा अस्पताल भिजवाया गया। इससे पूर्व इसके साथी अरशद पुत्र रुखसत निवासी फतेहपुर थाना जौनपुर नई दिल्ली व शुरवीर नवकुमार पुत्र घनश्याम यादव निवासी नूरानी मस्जिद चंदन होरा हरि गुर्जर का मकान फतेहपुर बेरी नई दिल्ली को थाना रिफाइनरी पुलिस द्वारा जेल भेजा जा चुका है। आरोपी शकील के विरूद्ध फिरोजाबाद में आठ आपराधिक मामले दर्ज है। थाना फतेहपुर बेरी जिला साउथ दिल्ली में दो, थाना महरौली जिला साउथ दिल्ली में एक और मथुरा के थाना रिफाइनरी में एक अभियोग पंजीकृत हुआ है।

# राष्ट्रीय पोषण माह शुरू, निकाली रैली

● स्वास्थ्य के प्रति किया जाएगा लोगों को जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने पोषण रैली को हरी झंडी।

**मथुरा।** आठवें राष्ट्रीय पोषण माह का उद्घाटन बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा पोषण रैली निकाल कर किया गया। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने पोषण रैली को हरी झंडी दिखाई। रैली में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशाओं ने भाग लिया। रैली के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुपोषण से सम्बंधित विभिन्न मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करने वाले तख्तियां, चार्ट और पोस्टर लेकर चल रही थी, जिनमें साफ सफ़ाई व स्वच्छता से सम्बंधित संदेश, पौष्टिक आहार, दैनिक भोजन में तेल, नमक व चीनी का उपयोग कम करने से संबंधित जागरूकता संदेश विशेष रूप से प्रदर्शित किए गए थे। जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह की पाँच मुख्य थीम है मोटापा निवारण, चीनी नमक तेल के उपयोग में कमी, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (पोषण की पढ़ाई), एक पेड़ मां के नाम, शिशु एवं छोटे बच्चों के पोषण संबंधी व्यवहार, पोषण में पुरुषों की सहभागिता हैं। पूरे माह उपरोक्त थीम से संबंधित गतिविधियां आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी।

साथ ही साथ सहयोगी विभागों जैसे भी शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायतीराज विभाग, जनशक्ति विभाग, नगर पंचायत विभाग इत्यादि सहयोगी विभाग भी कुपोषण से संबंधित गतिविधियां गाँव और वार्डों में आयोजित करेंगे, जिससे पूरे माह के दौरान अधिक से अधिक जनमानस को कुपोषण के प्रति जनजागरूक किया जा सके।आम जनमानस जितना अधिक इसके बारे में जागरूक होगा, कुपोषण की समस्या को कम करने में उतनी ही मदद मिलेगी। सभी विभागों की गतिविधियां पोषण अभियान के डैशबोर्ड पर प्रतिदिन अपलोड की जाएंगी। पोषण माह 17 सितंबर से शुरू होकर 16 अक्टूबर 2025 तक चलेगा।

# भाकियू भानु के प्रतिनिधि मंडल की मांगों पर प्रशासन ने भरी हामी

● प्रशासन ने एक सप्ताह के अंदर समाधान का दिया आश्वासन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



कलेक्ट्रेट ऑफिस में एडीएम से वार्ता करता भाकियू भानु का प्रतिनिधिमंडल।

**मथुरा।** किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू (भानु) के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्ट्रेट में एडीएम के साथ वार्ता की। संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता हरीश ठेनुआ, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर यशवीर सिंह और जिलाध्यक्ष देवेंद्र पहलवान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) पंकज कुमार वर्मा तथा अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ एक उच्च-स्तरीय बैठक की। बैठक में किसानों से जुड़ी कई गंभीर समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। यूनियन के पदाधिकारियों ने अधिकारियों समक्ष किसानों से सम्बंधित मांगों को रखा। जिसमें पानी गांव बांगर को यमुना प्राधिकरण क्षेत्र से बाहर करना, डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित करना, नहर बंबा की सफाई कर टेल तक पानी पहुंचाना, जर्जर विद्युत लाइनों को बदलवाना, यमुना एक्सप्रेसवे पर किसानों के बकाया मुआवजे का अविलंब भुगतान, निराश्रित और जंगली पशुओं से छुटकारा दिलाना, बाढ़ पीड़ितों को राहत प्रदान करना, जलभराव का स्थायी समाधान आदि मांगों को रखा। जिस पर प्रशासन ने एक सप्ताह के भीतर इन सभी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। बैठक में रमेश सिकरवार, विजयपाल, लक्ष्मीनारायण, सुरेश प्रधान, विक्रम सिंह, कुशलपाल सिंह, छत्रपाल, पाल सिंह चौधरी, अजयपाल और भोलू पहलवान सहित अन्य किसान नेता उपस्थित रहे।